खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 23°C

देहरादून, बुधवार 3 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 26 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा: योगी
पेज 2



राशिद खान ने टी-20 विकटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया
खेल टाइम्स



रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति
सम्पादकीय



फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम
पेज 12

# भूस्खलन से सूडान तबाह, 1000 की मौत

## दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच पूरा गांव हुआ दफन, केवल एक व्यक्ति जीवित बचा

खार्तूम, वार्ता

**सूडान के पश्चिमी** क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह-सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है। सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद

- सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने शवों को बरामद करने को यूएन से लगाई गुहार
- हजारों विस्थापितों ने मर्राह पहाड़ियों में ली है शरण
- इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा

और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है। स्थानीय मीडिया द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि पहाड़ों के बीच पूरा इलाका समतल हो गया है और लोग वहां मलबे में तलाश कर रहे हैं। यह आपदा ऐसे समय में आई



है, जब सूडान पहले से ही भयानक गृहयुद्ध से जूझ रहा है। अप्रैल 2023 से देश की सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच राजधानी खार्तूम समेत कई जगहों पर लड़ाई छिड़ी हुई है। सेना और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण मर्राह पर्वत समेत दारफुर क्षेत्र का अधिकांश भाग संयुक्त राष्ट्र और सहायता समूहों की पहुंच से बाहर है। मर्राह पर्वत क्षेत्र में स्थित सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी, दारफुर और कोर्डोफन में सक्रिय कई विद्रोही संगठनों में से एक है। यह मौजूदा गृहयुद्ध में किसी भी पक्ष के साथ नहीं है। मर्राह पहाड़ियां 160 किलोमीटर लंबी ज्वालामुखीय पर्वत श्रृंखला हैं, जो अल-फशर के दक्षिण-पश्चिम में फैली हुई हैं। यह क्षेत्र राजधानी खार्तूम से करीब 900 किलोमीटर दूर है और संघर्ष से विस्थापित हजारों परिवार यहां शरण ले चुके हैं। सूडान में इस संघर्ष में अब तक 40,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 1.4 करोड़ से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। देश के कई हिस्सों में अकाल जैसी स्थिति है, जिसके कारण लोगों को जिंदा रहने के लिए घास खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों के अनुसार इस संघर्ष में जातीय हिंसा, नरसंहार और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने भी युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों की जांच शुरू कर दी है।

# दूसरे दिन भी फिर दहला अफगानिस्तान

## मरने वालों की संख्या 1411 हुई

काबुल, वार्ता

**अफगानिस्तान में** एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मंगलवार को दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इससे पहले अफगानिस्तान के जलालाबाद में रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप में मरने वालों की संख्या 1411 के पार हो गई है। जबकि घायलों का आंकड़ा 3250 से ज्यादा हो गया है।

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक तालिबान ने इसकी जानकारी दी है। अफगानिस्तान में जलालाबाद के पास रविवार रात 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था। इस वक्त ज्यादातर लोग सो रहे थे, इस वजह से वे इमारतों के मलबे में दब गए। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दुनियाभर से मदद मांगी है। इसके बाद भारत ने मदद के लिए 1000 टेंट काबुल भेजे हैं। साथ ही 15 टन खाने का सामान काबुल से कुनार भेजा। विदेश

- दक्षिण-पूर्वी हिस्से में 5.5 तीव्रता का फिर आया भूकंप

मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत आगे भी राहत सामग्री भेजेगा। 2021 में तालिबान सरकार बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने अफगानिस्तान की मानवीय सहायता रोक दी थी। संयुक्त राष्ट्र ने भी मृतकों के लिए दुख जताया है।

एक्स पर संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि हमारी टीमें पहले से ही राहत बचाव काम में लगी हुई हैं। अफगानिस्तान की अपील के बाद भारत के अलावा चीन और ब्रिटेन जैसे देशों ने भी मदद भेजी है। ब्रिटेन ने भूकंप से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए 1 मिलियन पाउंड (10 करोड़) के इमरजेंसी फंड का ऐलान किया है। वहीं चीन ने कहा कि वह अफगानिस्तान की जरूरतों और अपनी क्षमता के मुताबिक उसकी मदद करेंगे।

### सोशल मीडिया आर्टिस्ट की पति ने की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नजफगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट की उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार सुबह की है। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी पति अमन (35) ने खुद भी आत्महत्या करने की कोशिश की, पर समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसकी जान बच गई। दंपति के दो पुत्र हैं। वे मूल रूप से उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के निवासी हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि पुलिस को मंगलवार तड़के करीब 4:23 बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी, कॉल करने वाले व्यक्ति ने पुलिस को नजफगढ़ के पुरानी रोशनपुरा में किराये के मकान में महिला की हत्या की सूचना दी थी। इस मकान में वह दंपति अप्रैल 2025 से रह रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस को 30 वर्ष महिला का शव मिला। जांच में पता चला कि वह एक सोशल मीडिया आर्टिस्ट थी और सोशल मीडिया पर उसके 6,000 फॉलोअर्स थे।

### ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए अहम योजना का शुभारंभ

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार की ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए एक अहम योजना की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का उद्घाटन किया और 105 करोड़ रुपये की राशि का जीविका निधि में ट्रांसफर किया। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा कि बिहार की माताओं, बहनों और बेटियों को अवसरों की कमी न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जीविका निधि का उद्देश्य सामुदायिक सदस्यों को सस्ती ब्याज दरों पर आसानी से ऋण उपलब्ध कराना है।

# भारत का पहला स्वदेशी स्पेस प्रोसेसर 'विक्रम 3201' लॉन्च

## रॉकेट और सैटेलाइट मिशन होंगे और मजबूत

नई दिल्ली, वार्ता

**सेमिकॉन इंडिया** 2025 सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने 'विक्रम 3201' पेश किया। इसे भारत की सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है।

इस प्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और चंडीगढ़ स्थित सेमीकंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल) के सहयोग से तैयार किया गया है। यह एक 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर है, जिसे खासतौर पर अंतरिक्ष मिशनों की कठोर परिस्थितियों में काम करने के लिए बनाया गया है। इसकी 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर +125 डिग्री सेल्सियस तक तापमान झेलने की क्षमता इसे बेहद मजबूत बनाती है। इसका काम रॉकेट और लॉन्च व्हीकल्स में नेविगेशन, कंट्रोल और



- सेमीकंडक्टर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

मिशन मैनेजमेंट को संभालना है। इसे मिलिट्री-ग्रेड स्टैंडर्ड्स के हिसाब से तैयार किया गया है, ताकि यह रेडिएशन और वाइब्रेशन जैसी कठिन परिस्थितियों में भी काम करता रहे। इससे पहले इसरो 2009 से 'विक्रम 1601' (16-बिट प्रोसेसर) का इस्तेमाल कर रहा था। अब 'विक्रम 3201' न सिर्फ 32-बिट आर्किटेक्चर लाता है, बल्कि इसमें 64-बिट फ्लोटिंग-प्वाइंट ऑपरेशन, एडीए प्रोग्रामिंग लैंग्वेज का सपोर्ट और बेहतर कम्युनिकेशन के लिए ऑन-चिप 1553बी बस इंटरफेस जैसे कई बड़े अपग्रेड शामिल हैं। इसे एससीएल की चंडीगढ़ यूनिट में 180-नैनोमीटर सीओएमएस तकनीक से बनाया गया है, जो एयरोस्पेस एप्लिकेशंस के लिए भरोसेमंद है। 'विक्रम 3201' को पहले ही पीएसएलवीएंडसी-60 मिशन में टेस्ट किया जा चुका है। इसने पीएसएलवी ओरबीटल ईपेरामेंटल मॉड्यूल (पीओईएम-4) के मिशन मैनेजमेंट कंप्यूटर को सफलतापूर्वक संचालित किया। इस सफलता के बाद इसरो अब इसे अपने आगामी लॉन्च व्हीकल्स में व्यापक रूप से अपनाने जा रहा है। इसरो ने इसी साल मार्च 2025 में 'विक्रम 3201' के साथ 'कल्पना 3201' नाम का दूसरा प्रोसेसर भी लॉन्च किया था। यह 32-बिट एसपीएआरसी 8 आरआईएससी आर्किटेक्चर पर आधारित है।

### उमर खालिद और शरजील इमाम को हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने साल 2020 में हुए दंगों से जुड़ी कथित साजिश के मामले में अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, शरजील इमाम सहित कई अन्य आरोपियों को जमानत देने से इन्कार कर दिया। मंगलवार को न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। अदालत ने उमर खालिद, शरजील इमाम, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी और गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत में सुनवाई के दौरान उमर खालिद और अन्य की ओर से पेश वकीलों ने दलील दी कि उनके मुवक्किल निर्दोष हैं। हालांकि हाईकोर्ट ने इन दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि इस स्तर पर उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती। बचाव पक्ष ने साफ किया है कि वे इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

# जल आपदा की चपेट में उत्तराखंड, पंजाब और दिल्ली

## उत्तराखंड के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद

नई दिल्ली, वार्ता

**पंजाब,** हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है।

भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में मंगलवार को कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कालोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कालोनियों में रहने वाले लोगों को



- पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत
- दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई कालोनियां खाली कराई गईं

अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है। उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए।

भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितम्बर तक स्थगित कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68 प्रतिशत ज्यादा (256.8 एमएम) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है। शिमला में पिछले 24 घंटे में लैंडस्लाइड और मकान गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल के 6 जिलों में बहुत तेज बारिश का रेड अलर्ट है। 8 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।

# कांग्रेस-आरजेडी ने मेरी मां को गाली दी: मोदी

नई दिल्ली/पटना, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा, उसका सम्मान, उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी प्राथमिकता है। मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है। उन्होंने कहा कि बिहार में कुछ दिनों पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी।

बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है। ये देश की मां-बहन-बेटी का अपमान है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पता है कि आप सबको भी ये



- प्रधानमंत्री ने कहा: यह देश की हर मां का अपमान, ये लोग जहां मिलें उनका विरोध करें

देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा है। मैं जानता हूं कि इसकी जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है। इसलिए, आज जब इतनी बड़ी तादाद में बिहार की लाखों माताओं-बहनों के दर्शन मैं कर रहा हूं, तो आज मेरा मन और मैं अपना दुख आपसे साझा कर रहा हूं। ताकि आप माताओं-बहनों के आशीर्वाद से मैं इसे झेल पाऊं। उन्होंने कहा कि मैंने हर दिन, हर क्षण अपने देश के लिए पूरी मेहनत से काम किया है और इसमें मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मुझे मां भारती की सेवा करनी थी, इसलिए मुझे जन्म देने वाली मेरी मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था। उस मां के ही आशीर्वाद से मैं चल पड़ा था। इसलिए मुझे आज इस बात की पीड़ा है कि जिस मां ने मुझे देशसेवा का आशीर्वाद देकर भेजा, खुद से अलग करके मुझे जाने की इजाजत दी। मोदी ने कहा कि आप सब जानते हैं कि अब मेरी मां का शरीर तो इस दुनिया में नहीं है। कुछ समय पहले 100 साल की उम्र पूरी करके वो हम सबको छोड़कर चली गईं। मेरी उस मां को जिसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है, जिसका शरीर भी अब नहीं है। मेरी उस मां को राजद-कांग्रेस के मंच से भद्दी-भद्दी गालियां दी गईं। ये बहुत ही दुख, कष्ट और पीड़ा देने वाला है। उस मां का क्या गुनाह है कि उसे भद्दी गालियां सुना दी गईं। पीएम ने कहा कि आज मंगलवार के दिन बहुत मंगल कार्य की शुरुआत हो रही है। बिहार की माताओं- बहनों को आज एक नई सुविधा मिलने जा रही है। जीविका निधि साख सरकारी संघ। इससे गांव-गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिलेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे ये देखकर खुशी हो रही है कि जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। मैं बिहार की माताओं-बहनों को बहुत बधाई देता हूं और इस अद्भूत पहल के लिए मैं नीतीश कुमार और बिहार सरकार का भी अभिनंदन करता हूं।

# नागपुर से कोलकाता जा रहे इंडिगो विमान से पक्षी टकराया

**मुंबई।** नागपुर से कोलकाता जा रही इंडिगो-6ई812 फ्लाइट से मंगलवार को पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नागपुर में ही इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

प्लेन में 272 यात्री सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। घटना सुबह 7.01 बजे की है। विमान को 8.50 बजे कोलकाता पहुंचना था। एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान से एक पक्षी टकरा गया। इससे विमान की नोज (सबसे आगे का हिस्सा) को नुकसान पहुंचा। वह अंदर धंस गई। इंडिगो की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग का यह 5 दिन में

- विमान की नोज को नुकसान, अंदर धंसी
- 5 दिनों में इंडिगो विमान की दूसरी इमरजेंसी लैंडिंग

दूसरा मामला है। 28 अगस्त को सूरत से दुबई जा रही इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान संख्या 6ई-1507 ने गुरुवार सुबह 9.30 बजे सूरत एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान में 150 यात्री सवार थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो वोटर आईडी: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र होने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं, जबकि कानून के मुताबिक देश के किसी भी नागरिक के पास सिर्फ एक वोटर आईडी होनी चाहिए। श्री भंडारी ने कहा कि ऐसे में जब श्री खेड़ा का सच सामने आ चुका है तो क्या देश भर में घूमकर आम मतदाताओं के वोटों को फर्जी बताने और वोट चोरी का आरोप लगाने वाले कांग्रेसी नेता राहुल गांधी अपने पार्टी के नेता के खिलाफ कुछ कार्रवाई करेंगे या कुछ बोलेंगे।

### दो जगह मेरे नाम के लिए आयोग जिम्मेदार : खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख श्री खेड़ा ने मतदाता सूची में उनका नाम दो जगह होने के भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित मालवीय के आरोप का जवाब देते हुए कहा कि वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है तो यह आयोग की गलती है। वह मंगलवार को यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं नई दिल्ली से 9 साल पहले जंगपुरा गया हूं और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म–7 भी भरा है। इसके बावजूद यदि अब भी मेरा नाम मतदाता सूची में है तो इसमें मेरी कोई गलती नहीं है।

# अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज, सीओ पर गिरी सीएम की गाज

## एसएचओ सहित चौकी इंचार्ज को किया लाइन हाजिर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं पर एक दिन पूर्व बाराबंकी के श्रीराम स्वरूप मेमो. रियल विवि में हुए पुलिसिया लाठी चार्ज की घटना को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सीओ हर्षित चौहान को हटाने के साथ ही एसएचओ कोतवाली रामकिशन राणा और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर किया गया है। जबकि दोषी पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से सम्बद्ध कर दिया गया है।

पूरे मामले की जांच आईजी अयोध्या रेंज प्रवीण कुमार को सौपी गयी है। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व राम स्वरूप यूनिवर्सिटी में अभाविप कार्यकर्ताओं और स्टूडेंट्स ने विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से लगातार की जा रही अवैध वसूली और लॉ कोर्स की संबद्धता बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से न होने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर रहे थे। छात्रों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए भीड़ को तितर बितर करने के लिए लाठी चार्ज कर दिया था। लाठी चार्ज की घटना में दर्जन भर कार्यकर्ता चोटिल हो गए थे। अभाविप अवध प्रांत के प्रदेश मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने बताया कि विवि में लंबे समय से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां की लॉ डिग्री की मान्यता नहीं है। ऐसे में लॉ स्टूडेंट्स के साथ धोखा किया गया है।उनका कहना था कि साल 2022 से विधि विभाग की बार काउंसिल ऑफ इंडिया से संबद्धता के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहा है। जिससे छात्रों को फर्जी झांसा देकर उनके भविष्य को अंधकार में धकेला जा रहा है। जब छात्रों ने इस बाबत सवाल किया तो छात्र आदर्श पांडे और अभय राम त्रिपाठी को विश्व. विद्यालय से निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जब इन मुद्दों पर बात करने के लिए प्रतिनिधिमंडल कुलपति डॉ. विकास मिश्रा से मिलने उनके कार्यालय गया, तो कुल. पति ने छात्रों से संवाद करने के बजाय पुलिस बल का प्रयोग किया। कुलपति के कहने पर पुलिस द्वारा उन पर लाठी चार्ज किया गया।

### लाठी चार्ज के विरोध में अभाविप ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के मातृ संगठन के रूप में शामिल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विधानसभा सहित लखनऊ विश्वविद्यालय व कैसरबाग स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने संजय प्रसाद होश में आओ, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, योगी सरकार मुर्दाबाद, छात्र शक्ति जिंदाबाद जैसे नारे भी लगाए। बाराबंकी के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में एक दिन पूर्व हुए पुलिसिया लाठी चार्ज के विरोध में आज लखनऊ में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। इस दौरान कुछ छात्र जो पहले से ही विधानसभा के सामने स्थित भाजपा कार्यालय पर मौजूद थे। वह विधानसभा का घेराव करने के लिए मुख्य सड़क पर आ गए।

# उप्र में अगले 24 घंटे के दौरान कई जिलों में भारी बारिश की सम्भावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत यूपी के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में बारिश जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान लखनऊ समेत कई जिलों में सामान्य से भारी बारिश होने की सम्भावना है।

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को आसमान बादलों से घिरा रहेगा और कुछ स्थानों पर बारिश एवं गरज के साथ बौछारें पड़ने के साथ सामान्यत: बादल छाए रहेंगे। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 31 और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। वहीं राज्य में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।

■ प्रदेश के एक दर्जन से ज्यादा जिलों में बारिश से जनजीवन प्रभावित

साथ ही, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं मौसम विभाग के आंकड़ों की मानें तो पिछले छह सालों में शहर के लिए ये मानसून के सबसे अच्छे तीन महीने रहे। लखनऊ में 2020 के बाद से जून, जुलाई और अगस्त के महीनों में सबसे ज्याादा बारिश हुई है। अब तक कुल 542.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। पिछली बार इतनी भारी बारिश 2019 में हुई थी, जब जून से अगस्त तक कुल 577.7 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। राज्य मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने कहा कि अगर हम इस साल के आंकड़ों पर गौर करें तो अब तक 542.7 मिमी बारिश हुई है जबकि पिछले साल 525.9 मिमी बारिश हुई थी। 2023 में यह 483.9 मिमी, 2022 में बहुत कम 351. 2 मिमी, 2021 में 450.3 मिमी और 2020 में घटकर 447.8 मिमी रह गई। ताज़ा पश्चिमी विक्षोभ, सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण और अन्य कारणों से अच्छी बारिश हुई। बुधवार तक और बारिश होने की संभावना है और तापमान में एक–दो डिग्री की गिरावट भी संभव है। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4.4 डिग्री कम था, जबकि न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम था।

## मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी15 फैसलों को मंजूरी

# आउटसोर्स सेवा निगम का गठन होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें कई अहम फैसले लिए गए।

कैबिनेट की बैठक में 15 प्रस्ताव पास किए गए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में हुए फैसलों की जानक. ारी देते हुए नगर विकास मंत्री अरलवद कुमार शर्मा मंत्री ने बताया कि, कानपुर और लखनऊ ई बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। नगरीय परिवहन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई बस सेवा की सुविधा का प्रस्ताव



रखा गया था जिसको मंजूरी मिली है। श्री शर्मा ने बताया कि कानपुर और लखनऊ के 10–10 रूट पर इन बसों का संचालन किया जाएगा। एक बस की कीमत 10 करोड़ रुपये आयेगा और इसको 12 साल के लिए लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक रूट पर एक बस चालाई जाएगी और जरूरत पड़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी।

### कर्मचारियों के खाते में जाएगी सैलरी

आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे पूरा वेतन कर्मचारी के खाते में जाएगा। बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को स्वीकृति दी, जिसमें कम्पनीज एक्ट–2013 के सेक्शन–8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी देना भी शामिल रहा। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी होगी, जिसे नान–प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी का चयन करेगा। आउटसोर्स कर्मचारियों का चयन तीन वर्ष के लिए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है।

सरकार उसकी निगरानी करेगी और भाड़े को नियंत्रित करेगी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकार उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन करेगी। इसके ज़रिये जैम पोर्टल के माध्यम से एजेंसी का चयन किया जाएगा। श्री खन्ना ने बताया कि सरकार ने आउटसोर्सिंग को लेकर बड़ा फ़ैसला लिया है। सरकार ने इसमें पारदर्शी प्रकिया का प्रावधान किया गया है। इसमें सरकार अब आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

### मिलेगा रोजगार

यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं को बेहतर अवसर देगा, बल्कि प्रदेश में रोजगार और सुशासन का नया मॉडल भी स्थापित करेगा। श्री खन्ना ने बताया कि लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। अब चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी तय करेगा। कर्मचारियों का मानदेय 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।

# यूपी सरकार ने किया 13 पीसीएस का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात 13 वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों का तबा. दला कर दिया। एक दिन पहले ही सरकार ने आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था। सरकार की ओर से जारी की गई सूची के अनुसार राम प्रकाश को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण में भेजा गया है जबकि कुंवर पंकज महोबा में एडीएम (वित्त/राजस्व) होंगे।

नवीन चंद्र को अपर ज़िलाधिकारी मेरठ, ज्योति राय को अपर ज़िलाधिकारी बलरामपुर, प्रदीप कुमार को उपनिदेशक पशुपालन विभाग की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। सुनन्दु सुधाकरण को अपर आयुक्त वाराणसी मंडल, राकेश लसह को अपर ज़िलाधिकारी सुल्तानपुर बनाया गया है। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों को भी नए पद सौंपे गए हैं जिससे राज्य के प्रशासनिक ढांचे में बदलाव आया है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में एक बार फिर 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया था।

### महोबा के जिला आबकारी अधिकारी को किया निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कदम उठाते हुए महोबा जनपद के जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राजेंद्र प्रसाद वर्मा द्वारा रिश्वत लिए जाने से संबंधित वीडियो दिनांक 26 जून को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80157.88
निफ्टी 24579.60

सोना रु. 104662
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट


चांदी रु. 123281
प्रति किलो

# बिकवाली से प्रमुख सूचकांक में रही गिरावट

मुंबई, वार्ता

बैंकिंग और फार्मा कंपनियों में बिकवाली के दबाव में मंगलवार को प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही, हालांकि मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सुबह बढ़त से साथ खुलने और 400 अंक से अधिक चढ़ने के बावजूद दोपहर बाद दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से सेंसेक्स 206.61 अंक (0.26 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,157. 88 अंक पर बंद हुआ।

यह 155.60 अंक की बढ़त में 80,520. 09 अंक पर खुला था। यह ऊपर 80,761.14 अंक तक और नीचे 80,008.50 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी–50 सूचकांक 45.45 अंक यानी 0.18 प्रतिशत टूटकर 24,579.60 अंक पर बंद हुआ। यह भी 27.95 अंक की तेजी के साथ 24,653 अंक पर खुला था। इसका उच्चतम स्तर 24,758.10 अंक और निचला स्तर 24,522. 35 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों में गिरावट रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 2.45 प्रतिशत,



■ सेंसेक्स लुढ़ककर 80,157. 88 अंक पर बंद हुआ निफ्टी–50 टूटकर 24,579. 60 अंक पर बंद हुआ

एशियन पेंट्स का 1.33, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.28 और आईसीआईसीआई बैंक का 1. 15 प्रतिशत लुढ़क गया। टाटा मोटर्स, एलएंडटी, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी टूट गए। पावर ग्रिड में सबसे ज्यादा 2.43 प्रतिशत की तेजी रही। एनटीपीसी में 1.60 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.44, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.09 और रिलायंस इंडस्ट्रीज में 0.92 प्रतिशत की बढ़त रही। बीईएल, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, इटरनल, आईटीसी और सनफार्मा के शेयर भी मजबूती के साथ बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.53 प्रतिशत चढ़ गया। वित्तीय, बैंकिंग, ऑटो, फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र के सूचकांकों में गिरावट रही जबकि एफएमसीजी, तेल एवं गैस, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और धातु सेक्टरों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। विदेशों में ज्यादातर शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.47 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। जापान का निक्केई सूचकांक 0.29 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.24 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.33 फीसदी उतर चुका था।

### सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने–चांदी के दाम में बुधवार को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार आज सोना 169 रुपए बढ़कर 1,04,662 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं चांदी की कीमत 481 रुपए बढ़कर 1,23,281 रुपए प्रति किलो हो गई है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,240 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,400 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,090 और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,250 और भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,06,140 रही।

# चावल–गेहूं महंगे, दालों–खाद्य तेलों में घट–बढ़, चीनी के भाव चढ़े

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल की कीमत में उछाल देखा गया। गेहूं के दाम भी बढ़ गए। दालों और खाद्य तेलों में उतार–चढ़ाव रहा जबकि चीनी मजबूत हुई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 94 रिंगिट चढ़कर 4,474 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.56 प्रतिशत चढ़कर 52.43 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब आठ रुपये बढ़कर 3,856.64 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं भी सात रुपये की मजबूती के साथ 2,856.81 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपये मजबूत हुआ और 3,318.67 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। सरसों तेल औसतन तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल में 37 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी रही। सोया तेल के भाव कमोबेश स्थिर रहे। सूरजमुखी तेल 52 रुपये और वनस्पति 27 रुपये महंगा हुआ। पाम ऑयल भी 16 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। दाल–दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत करीब 64 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी जबकि अन्य दालों में तेजी रही। चना दाल 11 रुपये और मूंग दाल 23 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत में 19 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़त दर्ज की गयी। उड़द दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। गुड़–चीनी: मीठे के बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब नौ रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। चीनी भी करीब तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे। दाल.दलहन : दाल चना 7991.88 रुपये, मसूर काली 8173.05 रुपये, मूंग दाल 10129.40 रुपये, उड़द दाल 10448.47 रुपये, अरहर दाल 10695.89 रुपये प्रति क्विंटल।

# किसानों, ग्रामीण अर्थव्यस्था के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दें बैंक

चेन्नई, वार्ता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण हमारे बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कि समय पर और किफायती ऋण प्रदान करके, वित्तीय साक्षरता प्रदान करके और कृषि–तकनीक पहलों को समर्थन देकर, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं। श्रीमती मुर्मु यहां सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रही थी। 'स्वदेशी बैंकिंग की विरासत 120 वर्षों का उत्सव' शीर्षक के इस समारोह में तमिलनाडु के राज्यपाल एन आर रवि , केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु सरकार की समाज कल्याण एवं



■ सिटी यूनियन बैंक के स्थापना दिवस समारोह में बोलीं मुर्मू

महिला सशक्तिकरण विभाग की मंत्री पी गीता जीवन उपस्थित थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि जैसे–जैसे हमारी डिजिटल और ज्ञान–संचालित अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है, डिजिटल परिवर्तन और उद्यमिता में बैंकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। स्टार्ट–अप से लेकर स्मार्ट सिटी तक, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां बैंक मदद कर सकते हैं। बैंक एक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बन सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र (एमएसएमई क्षेत्र) को विकास के इंजन में बदलने में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे बैंकों को वंचित और हाशिये पर पड़े वर्गों की मदद के लिए भी कदम उठाने चाहिए। दिहाड़ी मजदूरों और प्रवासी मजदूरों को बैंकिंग सेवाओं से बेहतर ढंग से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और बैंकिंग उद्योग इसकी विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा–UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# राज्य सरकार व एनएचएलएमएल के बीच समझौता

## पर्वतमाला परियोजना के तहत केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में रोपवे के विकास के लिए होगा सहयोग

■ मुख्यमंत्री धामी, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा व पर्यटन मंत्री महाराज रहे मौजूद




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में मंगलवार को सचिवालय में पर्वतमाला परियोजना के अन्तर्गत केदारनाथ और हेमकुंड साहिब में रोपवे के विकास के लिए राज्य सरकार और नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के बीच समझौता हुआ। इस समझौते के अन्तर्गत इक्विटी भागीदारी में एनएचएलएमएल की 51 प्रतिशत और राज्य सरकार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। राजस्व साझेदारी के अन्तर्गत 90 प्रतिशत धनराशि उत्तराखण्ड राज्य में पर्यटन, परिवहन एवं गतिशीलता के क्षेत्र में व्यय की जायेगी।

इस समझौते के अवसर पर राज्य मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, भारत सरकार अजय टम्टा एवं उत्तराखण्ड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह समझौता प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने के साथ ही पर्यटन, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और बुनियादी ढ़ाचे के क्षेत्र में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पर्वतमाला परियोजना के तहत सोनप्रयाग से केदारनाथ के बीच लगभग 4100 करोड रूपए की लागत से 12.9 किलोमीटर लंबी तथा गोविंदघाट से हेमकुण्ड साहिब के बीच 2700 करोड़ से अधिक की लागत की 12.4 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजनाओं के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं राज्य में रोपवे कनेक्टिविटी के विस्तार में नए आयाम स्थापित करने के साथ ही राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य में रेल, रोड और रोपवे कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हो रहा है। चारधाम ऑलवेदर रोड, दिल्ली देहरादून एलिवेटेड रोड, सितारगंज से टनकपुर मोटर मार्ग, पौंटा साहिब देहरादून, बनबसा से कंचनपुर, भानियावाला से ऋषिकेश, काठगोदाम से लालकुंआ, हल्द्वानी बाईपास और सीमांत क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कनेक्टिविटी को सशक्त करने की दिशा में कार्य हो रहे हैं। रेल कनेक्टिविटी के विस्तार पर भी तेजी से कार्य हो रहे हैं।इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, अपर सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग, भारत सरकार विनय कुमार, सचिव दिलीप जावलकर, धीराज गर्ब्याल, युगल किशोर पंत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएचएलएमएल राजेश मलिक, वाइस प्रेजीटेंट, रोपवे एनएचएलएमएल प्रशांत जैन, अपर सचिव अभिषेक रोहिला और पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य में रोपवे के विकास की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण दिन : टम्टा

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि राज्य में रोपवे के विकास की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इन रोपवे के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को केदारनाथ और हेमकुण्ड साहिब के दर्शन करने में काफी सुगमता होगी।

### राज्य में पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा समझौता : महाराज

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि यह समझौता राज्य में पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इन रोपवे के निर्माण के बाद स्थानीय स्तर पर लोगों की आर्थिकी और रोजगार में वृद्धि होगी।

# जल्द होगा भाजपा की प्रदेश टीम का गठन, चर्चा अंतिम दौर में: भट्ट



■ धामी के नेतृत्व में लड़ा जायेगा 2027 का विधानसभा चुनाव

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा शीघ्र जिला कार्यकारिणी को अंतिम रूप देते हुए प्रदेश टीम का गठन करने जा रही है। इस संबंध में प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री संगठन आपदाग्रस्त क्षेत्रों को छोड़ शेष जनपदों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया जा रहा है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि पार्टी मुख्यालय में शुरू हुई बैठक में जिला टीमों के गठन पर अंतिम प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसमें प्रदेश नेतृत्व द्वारा जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं संबंधित विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से बातचीत की गई। केंद्रीय नेतृत्व के निद. ेशानुसार जिला कार्यकारिणियों में महिला, युवा, एससी एसटी, ओबीसी आदि सभी वर्गों को उचित स्थान देने का प्रयास किया जा रहा है। 2027 विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत, जिताऊ टीम तैयार करने के लिए पार्टी दो दिन में सभी पक्षों से बातचीत कर रही है। जिसके उपरांत, आपदाग्रस्त जिलों के अतिरिक्त शेष सभी जनपदों की कार्यकारिणी का गठन हो जाए। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि एक दो दिन में जिला कार्यकारिणी के गठन के उपरांत प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा भी कर दी जाएगी। जो आगामी 17 सितम्बर से पीएम मोदी के जन्मदिन के साथ सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों का सफल आयोजन करेंगे। भट्ट ने कल हुए प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, जो राहुल और तेजस्वी के मंच से हुआ वह पीएम की दिवंगत माता जी ही नहीं प्रत्येक मातृ शक्ति का अपमान है।

# सार्वजनिक निकाय-उपक्रमों के कर्मचारियों को मंहगाई भत्ता की सौगात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पांचवें केन्द्रीय वेतनमान में वेतन आहरित कर रहे सार्वजनिक निकाय/उपक्रमों के कर्मचारियों के लिए 01 जनवरी, 2025 से मंहगाई भत्ते की मौजूदा दर को 455 प्रतिशत से बढ़ाकर 466 प्रतिशत किये जाने तथा छठवें केन्द्रीय वेतनमान में वेतन आहरित कर रहे सार्वजनिक निकाय/उपक्रमों के कर्मचारियों के लिए दिनांक 01 जनवरी, 2025 से मंहगाई भत्ते की मौजूदा दर को 246 प्रतिशत से बढ़ाकर 252 प्रतिशत किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन जिला कारागार, पिथौरागढ़ में अतिरिक्त आवासीय भवनों के निर्माण कार्य के लिए 417.72 लाख एवं उपकारागार, रुड़की में नवीन अतिरिक्त आवासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु 251.49 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने को अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला में रालम के अन्तर्गत स्थान किलातम में चौकडाम का निर्माण किये जाने के लिए 95.49 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 60 प्रतिशत, 57.294 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत हेतु हनुमान मंदिर मेला स्थल, लधौली, ऐडी मेला स्थल, कालूखाण एवं फुटलिंग कालूखाण के सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए 81.50 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 60 प्रतिशत, 48.90 लाख की धनराशि स्वीकृत की है।

# सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने को कृतसंकल्प : सीएम

## मुख्यमंत्री धामी ने मसूरी गोलीकांड शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि, मसूरी के लिए की कई घोषणाएं



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए कृतसंकल्प होकर कार्य कर रही है।

मंगलवार को मसूरी स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान मसूरी में शहीद हुए आंदोलनकारी बलबीर सिंह नेगी, बेलमती चौहान, हंसा धनाई, धनपत सिंह, राय सिंह बंगारी और मदन मोहन ममगई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने हमारे बेहतर भविष्य के लिए अपना वर्तमान दांव पर लगाकर उत्तराखंड के निर्माण में अपना अद्वितीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि 2 सितंबर 1994 का दिन राज्य के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। इस दिन मसूरी की वीरभूमि पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों को पुलिस की गोलियों का सामना करना पड़ा। यह घटना उस समय के सत्ताधारी दलों के दमनकारी रवैये का प्रतीक थी, जिन्होंने एक शांतिपूर्ण आंदोलन को निर्दयता के साथ कुचलने का प्रयास किया।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गढ़वाल सभा भवन जल्द बनाने और सिफन कोर्ट का मामला जल्द हल करने की बात कही तथा मसूरी में वेंडर जोन की घोषणा सहित अन्य मांगों पर भी शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड आंदोलन के प्रमुख चेहरा रहे स्वर्गीय इंद्रमणि बड़ोनी के जन्मशताब्दी समारोह को भी भव्य तरीके से मनाएगी।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी तहसील बनाने के लिए सीएम का आभार व्यक्त करने के साथ ही मसूरी की विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी, दर्जाधारी सुभाष बड़थ्वाल, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनमोहन मल्ल सहित राज्य आंदोलनकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए।

### आंदोलनकारियों के आश्रितों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनके और उनके आश्रितों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया गया है। साथ ही शहीद आंदोलनकारियों के परिवारों के लिए 3000 रुपये मासिक पेंशन की सुविधा भी प्रारंभ की गई है। घायल और जेल गए आंदोलनकारियों को 6000 रुपये तथा सक्रिय आंदोलनकारियों को 4500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है।

### सरकार ने चिहिंत आंदोलनकारियों और परिजनों को दी अनेक सुविधाएं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पूर्व की सरकारों के समय में राज्य आंदोलनकारियों के केवल एक आश्रित के लिए क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था थी, परंतु अब नए कानून के अंतर्गत चिह्नित आंदोलनकारियों की परित्यक्ता, विधवा और तलाकशुदा पुत्रियों को भी इस आरक्षण का लाभ मिल सकेगा। यही नहीं, राज्य सरकार ने चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को पहचान पत्र जारी करने के साथ ही 93 आंदोलनकारियों को राजकीय सेवा में सेवायोजित भी किया है। इसी के साथ राज्य आंदोलनकारियों के बच्चों को स्कूलों और कॉलेजों में नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था और आंदोलनकारियों को सरकारी बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण भी लागू किया है।

# कांग्रेस जिला अध्यक्षों के चयन को मंथन शुरू

## पार्टी में जान फूंकने को नये कार्यकर्ताओं पर दाव लगा सकती है कांग्रेस

■ अल्मोडा, चमोली, उत्तरकाशी, डीडीहाट और टिहरी के कार्यक्रम स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** लगातार हार का सामना कर रही कांग्रेस अब संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करती हुई दिखाई दे रही है। प्रदेश में जिला अध्यक्षों के चयन को लेकर बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर उत्तराखण्ड में चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत मंगलवार को कई जनपदों में केन्द्रीय नेतृत्व की और से नियुक्त प्रवेक्षकों ने कार्यक्रताओं व वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर संगठन को नए सिरे से सृजन की कवायत शुरु कर दी है।प्रदेश मंहामंत्री संगठन व प्रदेश समन्वय समिति के सदस्य विजय सारस्वत ने बताया कि जनपद बागेश्वर, चम्पावत, रुडकी महानगर, देहरादून महानगर, देवप्रयाग जनपद, हरिद्वार महानगर, हरिद्वार ग्रामीण, कोटद्वार महानगर, नैनीताल जिला, हल्द्वानी महानगर, परवादून एवं पछवादून जिला, पौडी जिला, रानीखेत जिला, रुद्रप्रयाग जिला, रुडकी ग्रामीण, काशीपुर महानगर, रुद्रपुर महानगर व उधमसिह नगर जिले के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकगणों ने संगठन सृजन अभियान की बैठके प्रारम्भ कर दी है। पर्वतीय जनपदों में विगत तीन दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए आपदा प्रभावित अल्मोडा, चमोली, उत्तरकाशी पुरोला, डीडीहाट व टिहरी गढवाल में कार्यक्रम स्थगित कर दिये है।

# 13 महिलाओं को मिलेगा तीलू रौतेली पुरस्कार : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के प्रतिष्ठित तीलू रौतेली पुरस्कार के लिए 13 महिलाओं का चयन किया गया है। पुरस्कार वितरण 4 सितंबर को किया जाएगा।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि तीलू रौतेली पुरस्कार के लिए इस साल प्रदेश भर से कुल मिलाकर 13 महिलाओं का चयन किया गया है। इसके अलावा 33 महिलाओं को राज्य स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का पुरस्कार दिया जाएगा।

यह आयोजन 4 सितंबर को आईआरडीटी के सभागार में किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी सामर्थ्य से बढ़कर काम कर रही हैं और उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कई नए आयाम खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी महिलाओं को सशक्त करना सरकार की जिम्मेदारी है, इस काम में सरकार बिल्कुल भी पीछे नहीं रहेगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का असली काम हमारी आंगनबाड़ी बहने करती हैं और उन्हें इसका श्रेय मिलना चाहिए।

# भाजपा अध्यक्ष से मिले विधायक अरविंद पांडे, रखा अपना पक्ष

■ कहा -पार्टी का अनुशासित सिपाही, प्रदेश नेतृत्व के निर्देश का होगा पालन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व से मुलाकात कर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडे ने अपना पक्ष रखा। जिसके बाद उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री धामी, मंत्री और अधिकारी सभी शानदार कार्य कर रहे हैं। वहीं प्रदेशाध्यक्ष ने भी पुन: दोहराया, पार्टी फोरम के बाहर किसी भी तरह की अनावश्यक बयानबाजी स्वीकार्य नहीं होंगी।

उन्होंने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट एवं प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार से मुलाकात की। जिसके बाद मीडिया के सवालों का जबाब देते हुए कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी, मंत्री और सभी अधिकारी अच्छा कार्य कर रहे हैं। जहां तक एक दो छोटे अधिकारी गड़बड़ी की कोशिश कर रहे हैं, उनके बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया है। जिस पर शीघ्र कार्रवाई होगी और हम सब मिलकर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित उत्तराखंड बनाने की दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे।

पार्टी द्वारा दिए निर्देशों को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए पांडे ने कहा कि वह भाजपा के अनुशासित सिपाही हैं। लिहाजा प्रदेश नेतृत्व के जो भी निर्देश हैं उनका पालन किया जाएगा। वहीं उन्होंने स्वीकार किया कि हाल में उनके द्वारा भावावेश में मुद्दा उठाया गया। जिसमें विषय से अधिक मेरे भावों की अनावश्यक चर्चा हुई। वही इस प्रकरण को लेकर प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अरविंद पांडे के अतिरिक्त बिशन सिंह चुफाल से भी बातचीत हुई है।

# भव्यता और गरिमामय हो शहीद सम्मान यात्रा: जोशी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ अक्टूबर माह में आयोजित होने वाली शहीद सम्मान यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन की भव्यता और गरिमा पर विशेष ध्यान दिया जाए। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने बताया कि 05 अक्टूबर को लैंसडाउन में शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शहीदों के परिजनों को ताम्रपत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि इस यात्रा की तैयारियों को लेकर सभी जनपदों के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं और कार्यक्रम की रूपरेखा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई जाए। बैठक के दौरान उन्होंने प्रदेशभर में सैनिक विश्राम गृहों के जीर्णोद्धार तथा भर्ती पूर्व प्रशिक्षण के लिए ढ़ाचागत विकास के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सैनिक कल्याण सचिव दीपेंद्र चौधरी, निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) अमृतलाल, उपनल के एमडी ब्रिगेडियर (सेनि) जेएनएस बिष्ट, सहित विभागीय एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उच्च शिक्षा में आधा दर्जन महाविद्यालयों के प्राचार्यों को मिली पदोन्नति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आधा दर्जन प्राचार्यों को विभागीय पदोन्नति के बाद स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में नई तैनाती दे दी गई है। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के अनुमोदन के उपं. रात शासन स्तर से नई तैनाती के आद. ेश भी जारी कर दिये गये हैं। जिनकी पदोन्नति के उपरांत सूबे के आधा दर्जन स्नातकोत्तर महाविद्यालयों को स्थाई प्राचार्य मिल गये हैं।

> आधा दर्जन प्राचार्यों की डीपीसी कर उन्हें विभिन्न स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में तैनाती दे दी गई है। इन प्राचार्यों की तैनाती से महाविद्यालयों की व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार होगा, साथ ही शैक्षणिक गतिविधियों में भी तेजी आयेगी, जिसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा.
> .- **डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के लिये विगत माह शासन स्तर पर डीपीसी आयोजित की गई थी, जिसके बाद शासन द्वारा पदोन्नति प्राप्त करने वाले प्राचार्यों की सूची अनुमोदन के लिये विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को भेजी गई है। विभागीय मंत्री के अनुमोदन मिलते ही शासन ने पदोन्नति पाने वाले प्राचार्यों को स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में नई तैनाती के आदेश भी जारी कर दिये हैं। जिसके तहत डॉ. राम अवतार सिंह को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्णप्रयाग, डॉ. विभेष कुमार सिंह को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर, डॉ. मधुलिका पाठक को पीजी कॉलेज कपकोट, प्रेमलता कुमारी को पीजी कॉलेज नारायणबगड़, डॉ. अवधेश नारायण को पीजी कॉलेज रूद्रपुर और डॉ. रीटा शर्मा को पीजी कॉलेज पोखरी का प्राचार्य बनाया गया है।

# देश भर में कार्यकर्ताओं की राय से खड़ा होगा संगठन: मणिकम

## महानगर जिला अध्यक्ष निभाएंगे पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अब देश भर में जमीनी कार्यकर्ता की राय से कांग्रेस के महानगर व जिला अध्यक्ष बनेंगे और चुनाव सहित पार्टी के महत्वपूर्ण निर्णयों में जिला व महानगर अध्यक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी यह बात मंगलवार को राजधानी देहरादून की महानगर इकाई के संगठन सृजन कार्यक्रम के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की और से बनाए गए पर्यवेक्षक तमिलनाडु के लोकसभा के वरिष्ठ सांसद व पार्टी के आंध्रप्रदेश व अंडमान निकोबार के प्रभारी मनिकम टैगोर ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने बताया कि चार प्रदेशों उत्तराखंड, पंजाब, झारखंड और उड़ीसा में एक साथ आज संगठन सृजन का यह कार्यक्रम शुरू हुआ है जो लगातार अगले दो सप्ताह तक चलेगा जिसमें हर जिला महानगर अध्यक्ष के चयन के लिए कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों स्थानीय निकायों, सहकारिता विधानसभा व संसद का चुनाव लड़े पार्टी कार्यकर्ताओं, समाज के विभिन्न वर्गों में सक्रिय कांग्रेस विचारधारा के लोगों से बातचीत कर उनकी राय जानने व विचार विमर्श के बाद ऐसे कार्यकर्ताओं के नामों का पैनल पार्टी हाई कमान को भेजा जाएगा जो जिले में पार्टी का कुशल नेतृत्व करने योग्य हो। टैगोर ने कहा कि इस पूरी कसरत में वे डेढ़ से दो हजार लोगों से राय मश. विरा करेंगे और उनके सहयोग के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की और से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षकों रणजीत सिंह रावत, ताहिर अली व जोत सिंह रावत इस पूरी प्रक्रिया में सहयोग करेंगे। पूर्व विधायक रंजीत सिंह रावत ने कहा कि पार्टी में संगठन सृजन का जो कार्यभार हम चारों पर्यवेक्षकों को सौंपा है उसे पूरी निष्ठा पारदर्शिता के साथ हम समय पर पूरा करेंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना, प्रदेश पर्यवेक्षक ताहिर अली, जोत सिंह रावत, पूर्व मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत, पूर्व विधायक हीरा सिंह बिष्ट, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, प्रदेश महामंत्री व मसूरी से प्रत्याशी रही गोदावरी थापली व महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी उपस्थित रहे।

# शहीदों के सपनों का हो उत्तराखंड: जोशी

**देहरादून।** मसूरी गोलीकांड की 31 वीं बरसी पर चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय प्रवक्ता महेश जोशी ने मसूरी गोलीकांड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होने कहा कि 2 सितंबर 1994 उत्तराखंड के इतिहास का काला दिन था जिस दिन राज्य निर्माण के निहत्थे आंदोलनकारियों पर पुलिस ने बर्बरता पूर्ण कारवाई कर गोली चलाई थी, जिससे आंदोलन और उग्र हो गया जिसमें अमर शहीद हँसा धनई, अमर शहीद बलबीर सिंह नेगी, अमर शहीद मदन मोहन ममगाई, अमर शहीद धनपत सिंह, अमर शहीद बेलमती चौहान, अमर शहीद राय सिंह बंगारी, अमर शहीद जेठा सिंह (बाटाघाट मसूरी) ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। जोशी ने कहा कि अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों के सपनों का उत्तराखंड बनाना चाहिए। राज्य निर्माण लंबे संघर्षों के बाद मिला अब इसका संवर्धन की आवश्यकता है। राज्य अपने मकसदों से भटक रहा है राज्य निर्माण की मूलभावना स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार एवं पलायन पर गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है।

# डीएम ने भवन का काम तेजी से पूरा करने के दिए निर्देश

**■ दिसंबर 2025 तक तैयार होगा केन्द्रीय विद्यालय का नया भवन, 75 प्रतिशत कार्य संपन्न**
**विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने और संसाधनों के विस्तार पर जोर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी की सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक और विद्यालय स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की मासिक बैठक का आयोजन जिला कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में किया गया। बैठक में विद्यालय भवन निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई और आने वाले समय की कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में एनपीसीसी के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि केंद्रीय विद्यालय के नए भवन का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य को दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने निर्माणदायी संस्था को समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं होगी और हर स्तर पर पारदर्शिता तथा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

प्रधानाचार्य प्रदीप चंद्र थपलियाल ने बताया कि भवन निर्माण से जुड़े कार्यों की निगरानी विद्यालय स्तरीय मॉनिटरिंग समिति लगातार कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की एप्रोच रोड के लिए लोक निर्माण विभाग ने 49 लाख रुपये का प्राक्कलन तैयार किया है, वहीं पेयजल लाइन को स्थानांतरित करने का 23 लाख रुपये का प्राक्कलन जल संस्थान द्वारा तैयार किया गया है। इसके अतिरिक्त विद्युत लाइन हटाने, विद्यालय के खेल मैदान में कुछ पेड़ों की कटाई और भवन के समीप पुनर्वास दीवार पर सुरक्षात्मक कार्यवाही की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को विद्यालय एप्रोच रोड का प्राक्कलन प्रस्तुत करने और जल संस्थान के अभियंता को पेयजल लाइन स्थानांतरण हेतु साइट विजिट कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों के दौरान जहां तक संभव हो पेड़ों को सुरक्षित रखा जाए। साथ ही कहा कि विद्यालय के नए भवन में स्थानांतरण के बाद पुराने भवन का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए ठोस योजना तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत की जाए।

बैठक में विद्यालय की शैक्षिक और सह-शैक्षिक गतिविधियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानाचार्य ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 760 की अपेक्षा 695 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। उन्होंने मरम्मत कार्य, कंप्यूटर, फर्नीचर, पुस्तकालय, खेलकूद और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 21 लाख रुपये का प्रस्ताव रखा। जिलाधिकारी ने विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए ठोस पहल करने और शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार लाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग योगेश कुमार, हेमलता भट्ट सहित समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# मालन और गाड़ीघाट पुल का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस. भदौरिया ने मालन पुल एवं गाड़ीघाट पुल का मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सिंचाई विभाग को पानी से हो रहे भू-कटाव को रोकने तथा बाढ़ सुरक्षा कार्य करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

डीएम नेएसडीएम को निर्देशित किया कि बरसात के मौसम में पुलों की नींव और संरचना की नियमित जांच की जाएं, नदियों के जलस्तर की निगरानी के लिये कंट्रोल रूम सक्रिय रखा जाए और स्थानीय लोगों को समय-समय पर सतर्क किया जाये। उन्होंने आपात स्थिति में राहत और बचाव दल को तुरंत सक्रिय करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिये कि नदियों के चौनलाइजेशन का काम प्राथमिकता से किया जाए, ताकि नदी से भूकटाव न हो। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को कहा कि पुल के समीप खोह नदी से जिस स्थान पर सुरक्षा दीवार को क्षति पहुंची है, उस स्थान पर तत्काल ट्रीटमेंट की कार्यवाही की जाए। साथ ही उन्होंने तात्कालिक रूप से वायर क्रेट लगाने हेतु निर्देशित किया तथा कहा कि बरसात के बाद स्थायी ट्रीटमेंट किया जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को दो दिन में सिंचाई विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग को गाड़ीघाट पुल पर हुए गड्डों को भरने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कोटद्वार सोहन सिंह सैनी, अधिशासी अभियंता लोनिवि दुगड्डा निर्भय सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई अनिल राठौर, तहसीलदार साक्षी उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राइंका मलेथा की टीम ने जीती बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय खेल दिवस एवं स्व. पंडित जगतराम गौड़ की पुण्य स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय माध्यमिक वर्ग बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का आठवां सीजन रानीहाट मैदान में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में वीर शिरोमणि माधोसिंह राजकीय बालिका इंटर कालेज, मलेथा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

आयोजित बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 11 टीमों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला राइका धद्दी घंडियाल और राबाइका मलेथा के बीच खेला गया। ग्राम प्रधान रानीहाट विजय कुमार व क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज कुमार ने कहा कि पं. जगतराम गौड़ की स्मृति एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर लगातार आठ वर्षों से यह आयोजन हो रहा है। आयोजक देवेंद्र गौड़ ने कहा कि बालिकाओं और महिलाओं में खेल भावना जागृत करने के लिए इस प्रतियोगिता की नींव रखी गई थी, जो निरंतर जारी रहेगी। आगामी समय में इस प्रतियोगिता को राज्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। मलेथा टीम की कप्तान आरुषि भारती को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तथा कोमल को सर्वश्रेष्ठ कीपर के पुरस्कार से नवाजा गया। इस अवसर पर टीम प्रबंधक मंगतराम मठियाल, वयोवृद्ध पितांबरी देवी, मधु मेवाड़, सुभोधिनी गौड़, पूनम जैन, कमली देवी, रोहित, मोहित, पवन आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य केंद्र में ही दवाई उपलब्ध करवाएं: ऋतु खण्डूडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कोटद्वार ।** विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने मंगलवार को कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के झंडीचौड़ और कलालघाटी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और जनता की समस्याओं को समझने के उद्देश्य से किया गया ।झंडीचौड़ स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं, साफ-सफाई और कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की गहन जांच की। इस दौरान यह जानकारी मिलने पर कि चिकित्सक मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र से दवाएं उपलब्ध कराने के बजाय बाहर की मेडिकल दुकानों से दवा लेने को कहते हैं, उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित डॉक्टरों को फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों को आवश्यक दवाएं स्वास्थ्य केंद्र से ही निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएं, ताकि आम जनता को अनावश्यक आर्थिक बोझ न उठाना पड़े। अध्यक्ष खण्डूडी ने कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जांच की और अनुपस्थित कर्मचारियों के मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल फोन कर उनकी अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए।

इसके बाद उन्होंने कलालघाटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया और वहां उपचार के लिए पहुंचे मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में एचएससीएल द्वारा 32 बेड का अत्याधुनिक नवजात गहन चिकित्सा इकाई का निर्माण किया गया है।

जो कोविड रिलीफ फंड से 3 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है। यह इकाई शीघ्र ही आम जनता के लिए शुरू की जाएगी, जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। अध्यक्ष खण्डूडी ने कहा कि, भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार द्वारा कोटद्वार जैसे छोटे शहर में इतना अत्याधुनिक स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध कराना सराहनीय कदम है, जो क्षेत्र की मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा।

इस अवसर पर कोटद्वार स्वास्थ्य प्रतिनिधि जितेंद्र नेगी, मंडल महामंत्री अभिषेक नेगी, रजत भट्ट सहित अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### नगर पंचायत सतपुली में पर्यावरण मित्रों ने दिया धरना

**सतपुली ।** नगर पंचायत सतपुली में सफाई व्यवस्था को लेकर जून माह में साईं एवन सर्विसेज देहरादून को अनुबंधित किया गया । कंपनी द्वारा पर्यावरण मित्रों से किए जा रहे अभद्र व्यवहार व कर्मचारियों के शोषण को लेकर पर्यावरण मित्र मंगलवार को नगर पंचायत सतपुली में धरने पर बैठ गए। इस दौरान पर्यावरण मित्रों ने सफाई व्यवस्था के लिए अनुबंध कंपनी के विरोध में जमकर नारेबाजी की । पर्यावरण मित्रों का कहना है कि कंपनी के प्रतिनिधि रविंद्र रावत द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है वहीं उनका शारीरिक एवं मानसिक शोषण भी किया जा रहा है उन्होंने बताया कि रविंद्र रावत द्वारा अभद्र भाषा गाली गलौज, धक्का मुक्की भी की जाती है और सफाई कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। साथ ही बताया कि अभी तक 7 लोगों को नौकरी से हटा दिया गया है । पर्यावरण मित्रों का यह भी कहना है कि उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत वेतन भी नहीं दिया जा रहा है और पीएफ, एएसआई भी नहीं कट रहा है वही उनके अवकाश में भी कटौती की जा रही है । नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी पूनम ने बताया कि पर्यावरण मित्रों की समस्या को लेकर जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित किया जाएगा इसके बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी । वहीं इस मामले में उपजिलाधिकारी सतपुली श्रेष्ठ गुनसोला ने इस मामले में पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह मामला नगर पंचायत के अधीन है इस पर नगर पंचायत द्वारा ही कार्यवाही की जाएगी ।

### संगठन को मजबूत बनाएगी कांग्रेस – सोफिया फिरदौस

**कोटद्वार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक व ओडिशा की कटक विधानसभा विधायक सोफिया फिरदौस ने कहा है कि पार्टी संगठन को मजबूत बनाएगी। पार्टी से नए कार्यकर्ताओं को जोड़कर भाजपा की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कोटद्वार पहुंची सेफिया फिरदौस ने मंगलवार को स्थानीय होटल के सभागार में प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पंचायत से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना है। साथ ही राहुल गांधी की ओर से उठाये गये मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति में संविधान की रक्षा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी चुनौती है जिसका डटकर सामना करना होगा। विधायक रवि बहादुर ने संगठन को मजबूत करने, नए युग के लिए तैयार रहने के अवसर मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के जड़ें गहरी हैं। हमारे सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने संगठन में महिलाओं और समाज के हर वर्ग को शामिल करना है साथ ही समाज की समस्याओं का समाधान करने के लिए भी हमें काम करना होगा। प्रैस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से महेंद्र सिंह व जगदीश धीमान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी उड़ीसा से विश्वजीत दास व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल मौजूद रहे।

### गंगा भोगपुर वासियों ने गांव की समस्याओं को लेकर विधायक से की मुलाकात

कोटद्वार । यमकेश्वर विधान सभा के सिमलना मल्ला के गौड़ भ्रातृ मण्डल से जुड़े सदस्यों ने मण्डल अध्यक्ष सोम प्रकाश गौड़ और ग्राम प्रधान राजेन्द्र कुमार गौड़ के नेतृत्व में स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट से गंगा भोगपुर में गांव की समस्याओं को लेकर मुलाकात की। इस दौरान सदस्यों ने विधायक के समक्ष गांव में सामुदायिक भवन निर्माण, मोबाइल टावर की स्थापना और वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त प्राकृतिक जलस्रोत के संरक्षण आदि समस्याओं को उठाया। वहीं इंटरमीडिएट कालेज पोखरी अजमीर के प्रधानाचार्य मनवरलाल भारती और ग्राम जौरासी के प्रधान चण्डी प्रसाद कुकरेती ने भी इण्टरमीडिएट कॉलेज पोखरी अजमीर को इण्टर कक्षा में विज्ञान वर्ग के लिए सवित्त मान्यता प्रदान करने की मांग की। इस पर विधायक रेनू बिष्ट ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। विधायक से मुलाकात करने वालों में सोम प्रकाश गौड़, अशोक गौड़, राजेन्द्र कुमार गौड़, श्रीकान्त गौड़ और अनिल गौड़ आदि शामिल थे।

# भूस्खलन से पांच परिवार खतरे में, टावर के गिरने की आशंका

**■ लगातार बारिश से सिलोडा, गढ़सिन. वालगांव और क्यारी में कई मकानों पर संकट गहराया**
**स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रभावित परिवारों के लिए प्रशासन से तत्काल राहत और मुआवजे की मांग की**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने ग्रामीण इलाकों में संकट खड़ा कर दिया है। पट्टी उपली रमौली के सिलोडा गांव में मोबाइल टावर के नीचे से जमीन खिसकने के कारण पांच परिवार गंभीर खतरे की जद में आ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे भूस्खलन से टावर तिरछा हो चुका है और उसके किसी भी समय गिरने का खतरा मंडरा रहा है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवी सिंह पंवार और क्षेत्र पंचायत सदस्य नीमा देवी ने बताया कि मोबाइल टावर के ठीक नीचे कृष्णा सिंह, शेर सिंह, अमन सिंह, फूल सिंह और सोबन सिंह के मकान स्थित हैं। बारिश का सिलसिला जारी रहने से टावर की स्थिति और भी खतरनाक हो गई है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि टावर रात के समय गिरता है तो इससे पांचों परिवारों की जान-माल को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने तहसील प्रशासन और जिला आपदा प्रबंधन विभाग को तत्काल प्रभावित परिवारों की स्थिति का संज्ञान लेने और सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास की मांग की है।

उधर, भदूरा पट्टी के गढ़सिनवालगांव और क्यारी गांव में भी भूस्खलन ने कई परिवारों को संकट में डाल दिया है। जिला पंचायत सदस्य रविंद्र डिमरी, हरि प्रसाद डिमरी और ग्राम प्रधान कृपाल सिंह राणा ने जानकारी दी कि गढ़सिनवालगांव में मातबर सिंह रांगड़ के चार आवासीय मकानों के नीचे भारी भूस्खलन होने से आंगन क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे मकान खतरे की जद में आ गए हैं। वहीं हरिलाल और जयवीर लाल के मकानों का आंगन और दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

क्यारी गांव की स्थिति भी चिंताजनक है। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के नीचे भूस्खलन होने से सुरेंद्र सिंह और धूम सिंह रांगड़ के मकानों पर संकट मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से मांग की है कि आपदा प्रभावित परिवारों का मौके पर निरीक्षण कर उन्हें उचित मुआवजा और तत्काल राहत प्रदान की जाए। लगातार हो रही बारिश से पूरे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर बसाने और भूस्खलन रोकने के लिए शीघ्र ठोस कदम उठाए जाएं।

# शहीद राज्य आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर नगर के पीपलचौरी स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने राज्य आंदोलन में शहीद हुए आंदोलनकारियों को नमन किया।

मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रभाकर बाबुलकर ने कहा कि मसूरी गोलीकांड में पुलिस की बर्बरता इतनी भयावह थी कि वह हमेशा इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज रहेगी। आंदोलनकारी अनिल तिवारी ने कहा कि आंदोलनकारियों पर इतना बड़ा अत्याचार किया गया था जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# एनईपी-2020 की सच्ची भावना शिक्षा के भारतीयकरण में निहित:प्रो. सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में शिक्षकों के लिए गुरु दक्षता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर की ओर से उच्च शिक्षा संस्थानों के संकाय सदस्य एक माह तक प्रशिक्षण लेंगे। कार्यक्रम हाइब्रिड मोड पर आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य पर्यावरण मूल्यांकन समिति के उत्तर प्रदेश शासन के अध्यक्ष प्रो. राम लखन सिंह ने किया। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सच्ची भावना शिक्षा के भारतीयकरण में निहित है। इसे गुरुख्रशिष्य परंपरा, अकादमिक-उद्योग सहयोग और छात्र विविधता के समावेश से साकार किया जा सकता है।

कार्यक्रम निदेशक डा. राहुल कुंवर सिंह ने बताया कि गुरु दक्षता कार्यक्रम नवनियुक्त शिक्षकों को भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली की गहरी समझ देने के उद्देश्य से बनाया गए हैं। इनमें संवैधानिक मूल्य, पर्यावरण चेतना, व्यक्तिगत व भावनात्मक विकास, अनुसंधान एवं व्यावसायिक उन्नति, शिक्षणख्रशास्त्र, मूल्यांकन तकनीक, पाठ्यचर्या और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख बिंदुओं पर विशेष बल दिया जाता है।

# राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

**■ पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, ई-पॉस मशीन से होगी प्रक्रिया पूरी, खाद्यान्न कोटा लेते समय अनिवार्य रूप से करानी होगी ई-केवाईसी, जिला पूर्ति अधिकारी ने की अपील**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में जिला पूर्ति अधिकारी मनोज डोभाल ने जनपद के सभी राशन कार्ड धारकों को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुरक्षित तथा प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अब सभी राशनकार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। यह कदम शासन द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि पात्र लाभार्थियों को ही खाद्यान्न का लाभ समय पर और सटीक तरीके से प्राप्त हो।

उन्होंने बताया कि राशनकार्ड धारक अपने निर्धारित सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान पर उपलब्ध ई-पॉस मशीन के माध्यम से आसानी से ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें केवल आवश्यक दस्तावेज और आधार आधारित सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जब तक ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होगी, तब तक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के दृष्टिगत आगे समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपना मासिक खाद्यान्न कोटा प्राप्त करते समय अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया सरल है और इसे करने में अधिक समय भी नहीं लगता, लेकिन यह प्रत्येक परिवार के लिए भविष्य में खाद्यान्न की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने यह भी जोड़ा कि जनपद के सभी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ई-केवाईसी प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करें। प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले का कोई भी पात्र परिवार खाद्यान्न वितरण से वंचित न रहे और सभी लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे।

# मंडराया खतरा, भूस्खलन से व्यापारी दहशत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चिन्यालीसौड़।** 02 सितम्बर। दशगी कोटधार बाजार में बीती रात (01 सितम्बर) से हो रही लगातार भारी वर्षा के चलते भूधसाव तेज हो गया है। इससे पूरे बाजार क्षेत्र को खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय व्यापारी भयभीत हैं कि कहीं यहां भी धराली जैसी स्थिति न बन जाए।

भारी बारिश से बाजार के ठीक ऊपर स्थित सिलक्यराख्रबनगांव मोटर मार्ग पर सड़क धंस गई है और जगह-जगह बड़ी दरारें दिखाई दे रही हैं। भूस्खलन के कारण कोटधारख्रडबरगडी व कोटधारख्रछैजुला मोटर मार्ग भी अवरुद्ध हो गए हैं। वहीं, भूस्खलन से प्रभावित राकेश लाल और रमेश लाल के मकानों में गहरी दरारें आ गई हैं। खतरे को देखते हुए राकेश लाल अपने परिवार सहित घर छोड़कर टंडोल गांव में शरण लिए हुए हैं।

स्थानीय पटवारी/राजस्व उपनिरीक्षक मनोज राणा ने मौके पर जाकर स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जब तक अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खंड चिन्यालीसौड़् व जिलाधिकारी उत्तरकाशी स्वयं मौके पर निरीक्षण नहीं करेंगे, तब तक सड़क से मलबा हटाने का कार्य नहीं होने दिया जाएगा। उनका तर्क है कि सड़क साफ होते ही और अधिक मलबा आ सकता है जिससे खतरा और बढ़ सकता है।

भूस्खलन से माँ दुर्गा मंदिर और आयुर्वेदिक चिकित्सालय पर भी संकट मंडरा रहा है। साथ ही, टंडोली गाड़ व कूटखाला गधेरे के उफान पर होने से भूधसाव लगातार तेज हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां सड़क निर्माण असंभव है, इसलिए दोनों गधेरों पर पुल निर्माण की तत्काल आवश्यकता है। इसके अलावा, बाजार और टंडोल गांव के ऊपर नाली निर्माण की भी मांग जोर पकड़ रही है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अधिशासी अभियंता व प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर पीड़ितों से वार्ता नहीं करते, तो उन्हें शासन-प्रशासन के खिलाफ धरनाख्रप्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

इस मौके पर राजेन्द्र रांगड़, चिं. रजीव अवस्थी, सोहन बटियाटा, हर्ष लाल, रुकम लाल, राजेन्द्र रावत, बिजेन्द्र रावत, उतम राणा, शैलेन्द्र लाल, रोशन लाल, कृपाल असवाल, अकबीर असवाल, रमेश असवाल आदि मौजूद रहे।

# अनियोजित रूप से किए गए विकास के मॉडल आपदा का कारण बन रहा:रतूड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हिमालय बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष समीर रतूड़ी ने कहा कि अनियोजित रूप से किए गए विकास के मॉडल आपदा का कारण बन रहे हैं। प्रदेश की भौगोलिक व भूगर्भीय स्थिति को देखते हुए निर्माण कार्य होने चाहिए। साथ ही निर्माण में जुटी एजेंसियों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य की निगरानी के लिए जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

मंगलवार को संयुक्त पत्रकारों से वार्ता करते हुए पर्वतीय विकास शोध केंद्र के नोडल अधिकारी अरविंद दरमोड़ा ने कहा कि सरकार को अनियोजित रूप से हो रहे निर्माण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कहा कि 5- 6 मंजिला मकान पहाड़ों में बन रहे हैं। कहा कि यह देखने में आ रहा है कि उन क्षेत्रों में भूस्खलन की स्थिति अधिक है जहां एकल प्रजाति के वृक्ष हैं, जबकि मिश्रित प्रजाति के वृक्षों वाले क्षेत्रों में ऐसी स्थिति नहीं है। बीज बम अभियान के प्रेणता द्वारिका प्रसाद सेमवाल ने कहा कि धराली व थराली पर सबकी नजरें हुई है, लेकिन स्थिति इससे भयावह है। कहा कि विगत कई सालों से आराकोट से लेकर धारचूला तक जगह जगह हिमालय दरक रहा है। यह भविष्य के लिए चिंता का विषय है। कहा कि हाल में अलकनंदा का जलस्तर जल विद्युत परियोजना की बांध से पानी न छोड़े जाने के कारण धारी देवी मंदिर व हाइवे तक पहुंच गया है।

**न्यायायल श्रीमान जिला जज महोदय रुद्रप्रयाग**

दी0आ0सं0 02/2025

अपीलार्थीगण-ओम प्रकाश भट्ठ पुत्र आदित्यराम भट्ट व अन्य

बनाम

प्रतिउत्तरदातागण-प्रमोद सिंह नेगी पुत्र पूरन सिंहनेगी आदि

अखबार प्रकाशन का नमूना

अपीलार्थीगण द्वारा प्रतिउत्तरदाता के विरुद्ध मेरे न्यायालय मे एक दी0अ0सं0 02/2025 ओम प्रकाश भट्ट आदि बनाम प्रमोद सिंह नेगी आदि में प्रस्तुत किया है जिसमें प्रतिउत्तरदातागण सं010-उपेन्द्र पुरोहित पुत्र चित्रादत्त पुरोहित ग्राम कुरझण रा0उ0नि0 चोपडा तहसील व जिला रूद्रप्रयाग व अन्य को उपस्थिति हेतु दिनांक 27/09/2025 की तिथि नियत है।

अतः आप उक्त तिथि दिनांक 27/09/2025 को प्रातः ठीक 10 बजे मेरे न्यायालय में स्वंम/जरिये अधिवक्ता उपस्थित होवे। ऐसा करने में चूक करने पर आपके विरुद्ध मामले में एक पक्षीय सुनवाई की जायेगी।

आज दि0 01/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा जारी किया गया।

आदेशानुसार

(रोशन लाल वंशल्वाण) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ सदर मून्सरिम

जिला जज कोर्ट रुद्रप्रयाग

# पीएमश्री स्कूलों की स्थापना को बनेगी ब्लॉक स्तरीय समिति

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में पीएम-श्री विद्यालयों के अवस्थापना कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाये रखने के लिये तीन स्तरीय ब्लॉक स्तरीय समितियों का गठन किया जायेगा।



यह समिति विद्यालयों के निर्माण कार्यों से लेकर खरीद-फरोख्त आदि सभी कार्यों की निगरानी करेगी। इसके अलावा समग्र शिक्षा के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को स्कूली बैग, ड्रेस, जूते, साइकिल आदि की धनराशि डीबीटी के माध्यम से 15 सितम्बर तक उनके खातों में हस्तानांतरित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। इसी प्रकार आपदाग्रस्त विद्यालयों एवं अन्य परिसम्पतियों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने को भी कहा गया है।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने पीएम-श्री विद्यालयों के अवस्थापना कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनाये रखने के लिये ब्लॉक स्तर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समिति की देखरेख में ही समस्त निर्माण कार्य एवं खरीद फरोख्त की जायेगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभिन्न जनपदों में आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के निर्माण एवं मरम्मत के लिये राज्य सरकार द्वारा आपदा मोचन निधि से 20 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। जो सभी जनपदों को आवंटित कर दी गई है। उन्होंने सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिला शिक्षा समिति की अध्यक्षता में शीघ्र क्षतिग्रस्त विद्यालयों के प्रस्ताव प्रस्तुत कर निर्माण कार्य सम्पन्न कराये जाय। इसके अलावा समग्र शिक्षा के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, जूते, ड्रेस व साइकल आदि के

**डा. रावत के आपदा से क्षतिग्रस्त स्कूलों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, 15 सितम्बर तक खाते में भेजनी होगी स्कूली बैग, ड्रेस, जूते की धनराशि**

लिये स्वीकृत धनराशि आगामी 15 सितम्बर तक डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में अनिवार्य रूप हस्तांतरित कर दी जाय। उन्होंने सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने जनपदों में संचालित आवासीय विद्यालयों, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, अभिनव विद्यालय, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय छात्रावास, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का नियमिति भ्रमण कर उनकी आवासीय व्यवस्था के साथ ही, भोजन, साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। विभागीय मंत्री ने कहा कि राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों को पुस्तकालय मद में किताबे खरीदने के लिये प्रतिवर्ष धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन कतिपय विद्यालयों में उक्त धनराशि का उपयोग समय पर सही ढंग से नहीं किये जाने की शिकायतें प्राप्त होती है। बैठक में निदेशक एससीईआरटी वंदना गर्ब्याल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती, निदेशक प्राथमिक शिक्षा अजय नौडियाल, एपीडी समग्र शिक्षा कुलदीप गैरोला, वित्त नियंत्रक वीरेन्द्र सिंह, अपर निदेशक महानिदेशलय पदमेन्द्र सकलानी, उप निदेशक जगदीश काला, मंजू भारती, अजीत भण्डारी, रमेश तोमर आदि विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महापौर व नगर आयुक्त ने किया शंकर नगर की गोशाला का निरीक्षण

**निराश्रित 537 पशुओं की देख रेख के संबंध में विभिन्न व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** महापौर सौरभ थपलियाल एवं नगर आयुक्त नमामि बंसल ने शंकरपुर स्थित नगर निगम की गौशाला का निरीक्षण किया गया। जहां निराश्रित 537 पशुओं की देख रेख के संबंध में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। महापौर सौरभ थपलियाल ने आगामी शीत काल के दृष्टिगत पूर्व से तैयारियां करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए तथा नगर आयुक्त ने गौवंश के उपचार के लिए उपलब्ध दवाइयों के संबंध में तत्काल सभी



आवश्यक सामग्री क्रय करने को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही घायल गौवंश के उपचार के लिए अतिरिक्त पैरामेडिकल स्टाफ रखे जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त गौशाला में पूर्णतया ऑटोमेटिक मैकेनाइज्ड ऑर्गेनिक वेस्ट मशीन का लोकार्पण किया गया, जिससे गौशाला में उत्पन्न गोबर से 24 घंटे के भीतर खाद बनाई जाएगी। 1 टन की क्षमता की इस मशीन से प्रतिदिन औसत 600 किलो खाद उत्पन्न होगी जिसका उपयोग नगर निगम के पार्कों तथा शहर के हरित क्षेत्र में किए जाने के साथ ही, इनके विक्रय की व्यवस्था भी की जाएगी। 26 लाख की यह मशीन राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम अंतर्गत क्रय की गई हैं, तथा इस प्रकार की 10 मशीन क्रय की जा रही है जो कूड़ा प्रबंधन में सहायक होंगी, तथा 2 अन्य मशीनें गौशाला में लगाई जाएंगी।

# कांग्रेसियों ने पर्यवेक्षक को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** रुड़की ग्रामीण के अखिल भारतीय पर्यवेक्षक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी का उत्तराखण्ड पहुंचने पर शॉल पहनाकर सम्मान किया गया।

कांग्रेस प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप, प्रदेश कांग्रेस सचिव हाजी राव मुन्ना, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष मदनलाल, रुड़की ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी व विधायक विरेंद्र कुमार जाती आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं के लिए देहरादून सबसे सुरक्षित शहर :एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** साइंस कम्पनी पी वैल्यू एनालिटिक्स द्वारा एक सर्वे रिपोर्ट प्रकाशित की गई जिसमें देहरादून को देश के 10 असुरक्षित शहरों में सम्मिलित किया गया है। राज्य महिला आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उक्त सर्वेक्षण न तो राष्ट्रीय महिला आयोग अथवा राज्य महिला आयोग द्वारा कराया गया है, और न ही किसी अन्य सरकारी सर्वेक्षण संस्थान द्वारा किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा भी उक्त सम्बन्ध में आयोग स्तर से किसी भी प्रकार का सर्वेक्षण कराये जाने का खंडन किया गया है। साथ ही उक्त रिर्पोट को निजी सर्वे कम्पनी द्वारा स्वंतत्र रूप से तैयार किया जाना बताया गया है। अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार यह पहल पूरी तरह पी वैल्यू



एनालिटिक्स का स्वतंत्र कार्य है, जो अपराध के आकडों के आधार पर नहीं अपितु व्यक्तिगत धारणाओं पर भी आधारित है।

सर्वेक्षण रिपोर्ट के अध्ययन से स्पष्ट है कि उक्त सर्वेक्षण देश के 31 शहरों में किया गया है, जो कंप्यूटर असिस्टेंट टेलिफोन इंटरव्य पर आधारित है। अर्थात सर्वेक्षण कम्पनी द्वारा महिलाओं से भौतिक रूप से सीधा संवाद नहीं किया गया, मात्र 12770 महिलाओं से टेलीफोनिक वार्ता के आधार पर उक्त रिर्पोट को तैयार किया गया है। देहरादून में महिलाओं की लगभग 09 लाख की आबादी के सापेक्ष केवल 400 महिलाओं के सैम्पल साइज के आधार पर इलेक्ट्रॉनिकली कनेक्ट करके निष्कर्ष निकाला जाना प्रतीत होता है।रिपोर्ट के अनुसार मात्र 4 प्रतिशत महिलाओं द्वारा एप अथवा तकनीकी सुविधाओं को उपयोग किया जा रहा है, जबकि महिला सुरक्षा के लिये विकसित गौरा शक्ति एप में महिलाओं के 1.25 लाख रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। जिसमें से 16649 रजिस्ट्रेशन मात्र देहरादून जनपद के ही हैं। इसके अतिरिक्त डायल 112, उत्तराखण्ड पुलिस एप, सी0एम0 हेल्पलाइन, उत्तराखण्ड पुलिस वेबसाइट के सिटीजन पोर्टल का महिलाओं द्वारा नियमित रूप से प्रयोग किया जा रहा है। स्पष्ट है कि सर्वेक्षण रिपोर्ट तथ्यों पर आधारित नहीं है। पत्रकार वार्ता के दौरान मामले की जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि अगस्त में देहरादून में डायल 112 के माध्यम से कुल 12354 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से मात्र 2287 (18 प्रतिशत) शिकायतें महिलाओं से सम्बन्धित हैं। उक्त 2287 शिकायतों में से भी 1664 शिकायतें घरेलू झगडों से सम्बन्धित हैं। शेष 623 शिकायतों में से भी मात्र 11 शिकायतें लैंगिक हमलों/छेडखानी से सम्बन्धित हैं। स्पष्ट है कि महिला सम्बन्धी कुल शिकायतों में से छेडछाड की शिकायतों का औसत 01 प्रतिशत से भी कम है। उक्त शिकायतों में पुलिस का औसत रिस्पांस टाइम 13.33 मिनट है। अर्थात महिला सम्बन्धी अपराधों के प्रति पुलिस की संवेदनशीलता प्राथमिकता पर है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में देहरादून में बाहरी प्रदेशों के लगभग 70 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनमें से 43 प्रतिशत संख्या छात्राओं की है। उक्त छात्र-छात्राओं में काफी संख्या में विदेशी छात्र-छात्राएं भी अध्ययनरत हैं। उक्त छात्र-छात्राओं द्वारा सुरक्षित परिवेश में जनपद देहरादून में निवास करते हुए शिक्षा ग्रहण की जा रही है।

उन्होंने कहा कि उक्त तथ्यों के आधार पर स्पष्ट है कि एक निजी कम्पनी के स्वंतत्र रूप से महिला सुरक्षा सम्बन्धित सर्वे के आधार पर देहरादून शहर को देश के 10 सबसे असुरक्षित शहरों में रखा जाना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। सर्वेक्षण में किन लोगों को सम्मिलित किया गया यह स्पष्ट नहीं है। सर्वेक्षण में भाग लेने वालों की आयु, शिक्षा, रोजगार स्थिति के सम्बन्ध में स्पष्टता नहीं है।

# वर्षा के चलते जलभराव की जगह डी-वाटरिंग पंप सक्रिय

**हर ब्लाक, तहसील में मौजूदा स्थिति पर प्रशासन की नजर, डीएम ले रहे पल पल का अपडेट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दो दिनों से भारी बारिश कहर के चलते जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशों पर नदी नालों के किनारे रह रहे लोगों को सजग कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर बने रहने की सलाह दी जा रही है। वही जिले के सभी स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों को एहतियातन 1 और 2 सितंबर को बंद रखा गया। जिलाधिकारी के निर्देशों पर अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा प्रत्येक तहसील और विकासखंडों में मौजूदा हालात की पल-पल जानकारी ले रहे है।

सभी तहसील एवं ब्लाक में अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार त्रिवेणी घाट में गंगा नदी वर्तमान में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जबकि यमुना और टोंस नदी खतरे के निशान से नीच है। यहां पर लोगों को नदी किनारे न जाने और नदी से दूर सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी जा रही है।

वहीं वर्षा के आंकड़ों पर नजर डाले तो चकराता में 35 एमएम, कालसी में 32 एमएम, हाथीबडकला में 21.5 एमएम, मसूरी में 36.5 एमएम, यू-कास्ट में 40.5 एमएम, कोटी में 46 एमएम, मालदेवता में 22.5 एमएम, मोहकमपुर में 26 एमएम, जौलीग्रांट में 28.5 एमएम, रायवाला में 18.5 एमएम और विकासनगर में 15.5 एमएम वर्षा रिकार्ड की गई। जलभराव से संबधित 106 मामलों में से 104 का निस्तारण कर लिया गया है। भारी बारिश के चलते त्यूनी चकराता रोटा खड्ड मोटर मार्ग किलोमीटर 44 व 45 में बंद हो गया था, जिसे खोलने का काम जारी है। जिले के सभी राज्य मार्ग और जिला मार्ग सुचारू बने हुए है। लेकिन 30 ग्रामीण मार्ग बारिश के कारण अवरुद्ध हुए है।

जिन्हें सुचारू करने के लिए पीएमजीएवाई और लोनिवि द्वारा कार्रवाई जारी है। सभी तहसीलों में विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति सुचारू बनी हुई है।

बॉक्स

**भारी बारिश के बीच सड़कों पर रहे तीन एसडीएम**

भारी बारिश के बीच जिलाधिकारी ने निर्देशों पर नगर निगम क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, एसडीएम हरिगिरी और एसडीएम कुमकुम जोशी की अध्यक्षता संबंधित विभागों के सहयोगी अधिकारियों को शामिल करते हुए त्वरित प्रतिक्रिया टीमें (क्यूआरटी) तैनात है। क्यूआरटी द्वारा जलभराव क्षेत्रों का नियमित जायजा लिया जा रहा है। प्रमुख चौक चौराहों पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए 17 हाई प्रेशर डीवाटरिंग पंप लगाए गए है। क्यूआरटी के पास डी-वाटरिंग पंप होने से रिस्पांस टाइम कम हुआ है। जहां पर भी जलभराव की समस्या मिलती है, वहां पर क्यूआरटी अपने संसाधनों के साथ मौके पर त्वरित रिस्पांस कर राहत पहुंचाने में जुटी है।

# मोटापे से शरीर को भारी खतरा: डॉ. सुनील

**देहरादून।** शरीर का वजन केवल तराजू पर दिखने वाला अंक नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता से जुड़ा है। फिर भी, कई लोग वजन को केवल बाहरी रूप या सौंदर्य के नजरिए से देखते हैं। इसी कारण यह गलतफहमी फैल गई है कि अधिक वजन होना कोई गंभीर समस्या नहीं है और इसे किसी क्रैश डाइट से आसानी से ठीक किया जा सकता है। वास्तव में मोटापा एक गंभीर रोग है, जो कई बीमारियों, यहाँ तक कि कैंसर का भी खघ्तरा बढ़ा सकता है। डॉ. सुनील कुमार मिश्रा, निदेशक, डायबिटीज और एंडोक्रिनोलॉजी, ग्राफिक एरा हॉस्पिटल देहरादून ने कहा मोटापा एक जटिल दीर्घकालिक बीमारी है जिसमें असामान्य या अतिरिक्त शारीरिक चर्बी स्वास्थ्य को हानि पहुंचाती है।

# विधायकों- कार्यकर्ताओं को भट्ट ने दिए आपदा राहत कार्यों मे जुटने के निर्देश

**कहा - आपदा प्रबन्धन में शानदार कार्य कर रही सरकार**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सभी विधायकों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को आपदा राहत में जुटने के निर्देश दिए हैं। भट्ट ने अपने संदेश में कहा कि, सरकार आपदा प्रबन्धन में शानदार कार्य कर रही है, हमें भी अपनी सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए प्रत्येक पीड़ित की चिंता हरनी है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं के नाम अपन संदेश में कहा कि वर्तमान में राज्य आपदा की कठिन चुनौतियों का सामना कर रहा है। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पूरी क्षमता और कुशलता से आपदा प्रबंधन में लगी हुई है। पीएम मोदी और केंद्र के मार्गदर्शन में जारी राहत बचाव कार्य से हम जान माल के नुकसान को न्यूनतम रखने में सफल हुए हैं।

उन्होंने सामाजिक दायित्वों के तहत पार्टी की तरफ से अपनी अपनी श्रेष्ठ भूमिका के निर्वहन का भी आवाहन किया है। जिसमें उन्होंने सभी विधायकों, जनप्रति. निधियों पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्र में आपदा प्रभावितों की हर संभव मदद करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा, हमें सुनिश्चित करना है कि किसी भी पीड़ित को खाद्य सामग्री, जल, स्वास्थ्य, आश्चर्य स्थल आदि किसी भी तरह की समस्या न आए। ऐसी किसी भी जानकारी सामने आने पर तत्काल स्थानीय प्रशासन से उन्हें सहयोग दिलाया जाए और अपने अपने स्तर पर भी यथासंभव उनकी मदद की जाए। हम सभी को जनसहभागिता से पूर्व की भांति इस संकट को साहस और ताकत से सामना करते हुए परास्त करना है। देवभूमि के प्रत्येक व्यक्ति को भाजपा परिवार का सदस्य मानते हुए, उनकी सुरक्षा और समृद्धता की जिम्मेदारी को हमें वहन करना है।

# जनसुनवाई में उठी एलिवेटेड रोड परियोजना को रद्द करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता देहरादून।** एलिवेटेड रोड परियोजना को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश पर हो रही जनसुनवाई के दौरान प्रभावितों ने एलिवेटेड रोड भूमि अधिग्रहण के अध्यक्ष व उपजिलाधिकारी (सदर) हरिगिरी के समक्ष बात रखते हुये कहा कि इस परियोजना को रद्द किया जाए।कहा कि एलिवेटेड रोड़ बनाने के बजाय शहर की सड़कों का रखरखाव किया जाए, सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था ठीक की जाऐ। बस्तीवासियों ने कहा कि एलिवेटेड रोड़ नाप में बड़े व प्रभावशाली लोगों को छोड़कर केवल गरीबों को ही टारगेट किया गया है। प्रशासन केवल 2600 सौ प्रभावित कह रहा व बड़ी संख्या में परिवारों को सर्वे सूची से वंचित रखा गया है। बस्तीवासियों की ओर से लगभग 300 से भी अधिक आपत्तियां दर्ज कराई गई है।कहा कि एलिवेटेड रोड परियोजना से आम आदमी को कोई लाभ नहीं होने वाला है। इस परियोजना के नाम पर हजारों पेड़ों को काटा जा रहा है जिससे देहरादून के पर्यावरण को बहुत नुकसान हो रहा है। प्रदूषण बढ़ने से ऑँक्सिजन घट रहा है जिससे लोगों का स्वास्थ प्रभावित हो रहा है। इस परियोजना के तहत सभी स्थानों में जहॉ-जहॉ पेड़ काटे जा रहे हैं वहॉ भयंकर भूस्खलन की भी आशंका है। अपनी पूरी कमाई लगा कर घर बना कर दशकों से रह रहे बस्तियों के निवासियों को उनके घर से बेघर करना गैर कानूनी व अमानवीय कार्य है। तथाकथित सुनवाई में सभी प्रभावितों (गरीब व धनी) के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

# तहसील दिवस का आयोजन, 70 शिकायतें दर्ज, अधिकांश का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** मंगलवार को प्रतापनगर ब्लॉक सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने की और क्षेत्रीय विधायक विक्रम सिंह नेगी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 70 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील दिवस में ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

क्षेत्रीय विधायक ने इस अवसर पर हलेथ गांव में बने पानी टैंक से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने, कोलधार को पंपिंग पेयजल योजना से जोड़ने, मोटना-डोबरा, रोलकोट-बसेली और मॉजाफ-भेलुन्ता मोटर मार्ग का डामरीकरण प्राथमिकता से करने तथा कोलधार-झिवाली मोटर मार्ग पर अधूरे कटान कार्य पूरे कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने प्रतापनगर में धनोल्टी की तर्ज पर इको पार्क विकसित करने, पीडी-खेट ट्रैक रूट को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने, क्षेत्र में सेल्फी प्वाइंट बनाने और सिविल लैंड से संबंधित विवादों को हल करने के लिए राजस्व व वन विभाग की संयुक्त समिति बनाने का सुझाव दिया जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए सभी संबंधित विभागीय



अधिकारियों को 15 दिन के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम प्रतापनगर को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज लंबगांव का सीमांकन कार्य शीघ्र पूरा करने और भेलुन्ता-मॉजफ मोटर मार्ग पर मिश्रवाण गांव के डोब मोहल्ला क्षेत्र में हिल साइड पर ब्रेस्टवाल निर्माण का आंगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल संस्थान को प्रतापनगर जल पंपिंग योजना के तहत खोल गढ़ पल्ला और हलेथ समेत अन्य गांवों में 15 से 20 सितंबर तक प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। साथ ही बिछाई गई पेयजल लाइन की जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने और टूटी सड़कों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने का आदेश भी दिया गया।

बैठक में तहसील राजमहल क्षेत्र में खेल मैदान को दुरुस्त करने की दिशा में बीडीओ, डीएसओ और डीपीआरओ को आंगणन प्रस्तुत करने को कहा गया। वहीं, सीएमओ को प्रतापनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

ग्राम प्रधान सेम रचना राणा ने झिवाली-मुगराली मोटर मार्ग की मरम्मत और मोटना-मदननेगी मोटर मार्ग पर भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था करने का मुद्दा उठाया। इस पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। निवर्तमान प्रधान राहुल राणा ने ग्राम पंचायत सेम (घड़ियालकी) में टिहरी झील के कारण खेतों में पड़ रही दरारों का सर्वेक्षण कर सुरक्षात्मक कार्य करने का अनुरोध किया, जिस पर डीडीएमओ को तहसील से रिपोर्ट प्राप्त कर प्रस्तुत करने को कहा गया।

तहसील दिवस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतापनगर मनीषा पंवार, डीडीओ मोहम्मद असलम, एसडीएम प्रतापनगर मंजू राजपूत, एसडीएम कीर्तिनगर सौम्य गर्ब्याल, नगर पंचायत अध्यक्ष लंबगांव, सीएमओ श्याम विजय, डीपीआरओ एम.एम. खान, बीडीओ श्रव्या गोयल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# यूकेडी ने किया शहीदों को नमन, मुख्यमंत्री के भाषणों का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता केंद्रीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजली दी गई। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलन के शहीदों का उत्तराखंड नहीं बन पाया है। राष्ट्रीय पार्टियों ने उत्तराखंड को दोहन का आड़ा बना कर रख दिया है। शहीद स्थल पर मुख्यमंत्री अपने सरकार का गुणगान करते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। यूकेडी नेताओं की और से नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के भाषणों का विरोध किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता लताफत हुसैन ने कहा आज शहीदों की आत्मा रो रही होगी



कि हमने कैसा उत्तराखण्ड मांगा था ये कैसा उत्तराखण्ड बन कर रह गया है। केंद्रीय महामंत्री बृजमोहन सजवान ने कहा कि जिस राज्य की परिकल्पना की गई थी, आज 25 साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। आज भी मसूरी शहीद स्थल पर दमनकारी नीति स्पष्ट तौर पर दिखाई दी। राज्य के मूल निवासियों को शहीद स्थल पर जाने से रोकना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। सरकार कहीं ना कहीं डरी हुई है, मसूरी जाने वालों में केंद्रीय कार्यालय प्रभारी देवचंद उत्तराखंडी, केंद्रीय महामंत्री किरन रावत, युवा अध्यक्ष आशीष नेगी, अंशुमन बिष्ट, संदीप बिष्ट व मसूरी नगर अध्यक्ष नितेश उनियाल आदि उपस्थित रहे।

# गढ़वाली भाषा दिवस का भव्य आयोजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** श्री गुरु राम राय विश्व. विद्यालय, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत गढ़वाली भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा मंगलवार को गढ़वाली भाषा दिवस का भव्य आयोजन किया गया। पथरीबाग परिसर के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में गढ़वाली गीत, नृत्य और कविताओं ने ऐसा सांस्कृतिक वातावरण रचा कि उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद गढ़वाली संस्कृति की झलक दिखाने वाले लोकगीतों और लोकनृत्यों की श्रृंखला ने सभी दर्शकों को मोहित कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने गढ़वाली लोकनृत्यों के माध्यम से क्षेत्रीय संस्कृति की विविधता और समृद्धि का मनमोहक प्रदर्शन किया। कविता-पाठ में विद्यार्थियों ने गढ़वाली भाषा की मिठास और अभिव्यक्ति की शक्ति को शब्दों में पिरोकर उपस्थितजनों की खूब तालियाँ बटोरीं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय प्रेसिडेंट श्रीमहंत देवेंद्र दास जी महाराज ने आयोजकों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और गढ़वाली भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण के महत्व पर बल दिया।



उन्होंने कहा कि गढ़वाली जैसी क्षेत्रीय भाषाएँ हमारी पहचान और अस्तित्व का आधार हैं, जिनका संवर्धन करना प्रत्येक पीढ़ी का कर्तव्य है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. डॉ. प्रीति तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि गढ़वाली भाषा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है और नई पीढ़ी को इससे जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण में मील का पत्थर साबित होंगे।कार्यक्रम संयोजक डॉ. गरिमा डिमरी ने आयोजन की रूपरेखा पर डिजिटल प्रस्तुतीकरण दिया। संचालन यानिशा रावत और यामिनी बिष्ट ने खूबसूरती से किया। विश्व. विद्यालय की स्टूडेंट काउंसिल के सदस्य विनीत थापा और अर्पित ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

**अपणि भाषा, अपणि शान एसजीआरआरयू में गढ़वाली संस्कृति को मिला नया आयाम**

गढ़वाली भाषा दिवस का यह आयोजन विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, प्राध्यापक एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य इसमें सम्मिलित हुए। आयोजन में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। अंत में आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बहु चर्चित डबल मर्डर कांड के आरोपियों को
# आजीवन कारावास एवं 5.5 लाख जुर्माने की सुनाई सजा

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** ज्वालापुर के बहु चर्चित डबल मर्डर कांड के आरोपियों को जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र दत्त ने दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं साढे पांच लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता इंद्रपाल बेदी एवं विशेष लोक अभियोजक एससी/ एसटी एक्ट धर्मेश कुमार ने बताया कि 3 अक्टूबर 2015 की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे कड़च्छ ज्वालापुर निवासी पंकज, अपने दोस्तो कार्तिक व रोहित उर्फ बंटी के साथ पैदल-पैदल शास्त्री नगर मार्केट की तरफ जा रहा था, तभी रास्ते में आरोपी आशीष मेहता अपने पिता की दुकान के बाहर अपने भाई चिन्नु मेहता, महेश मेहता एवं सचिन पुत्र रमेश व अरुण पुत्र छत्रपाल तथा कुछ अन्य लोगों के साथ एक राय होकर खड़े थे। जिन्होंने पुरानी कहा सूनी के चलते पंकज व उसके दोस्तों को देखते ही गाली गलौज करना शुरू कर दिया था। पंकज ने गाली देने से मना किया तो सभी लोगों ने मिलकर चाकू, खुखरी व अन्य धारदार हथियारों से जान से मारने की नीयत से तीनों पर हमला कर दिया था जिससे पंकज, कार्तिक की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। जबकि रोहित उर्फ बंटी को गंभीर चोट आई थी।

घायल रोहित उर्फ बंटी को इलाज के लिए हायर सेंटर जॉली ग्रांट हॉस्पिटल रेफर कर दिया था। घटनास्थल पर काफी लोग आ गए थे जिनके शोर मचाने पर आरोपीगण मौके से जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। घटना की रिपोर्ट पंकज के पिता नौरतू पुत्र तिलक राज निवासी ज्वालापुर हरिद्वार ने उसी दिन रात को ज्वालापुर कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के बाद आशीष मेहता, महेश मेहता व अरुण के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपी महेश मेहता की मृत्यु हो जाने के कारण उसके खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई समाप्त कर दी गई। जबकि एक अन्य आरोपी के किशोर होने के कारण उसके खिलाफ आरोपपत्र किशोर न्याय बोर्ड में दाखिल किया गया था। वादी पक्ष की ओर से मुकदमे में तीस गवाह पेश किए गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी आशीष मेहता पुत्र महेश मेहता निवासी शास्त्री नगर एवं अरूण पुत्र छतर पाल निवासी अम्बेडकर नगर ज्वालापुर को हत्या, जान लेवा हमला करने तथा गाली गलौज करने का दोषी पाया है। न्यायालय ने हत्या करने के लिए दोनों अभियुक्तो को आजीवन कारावास व साढ़े पांच लाख रुपए जुर्माना एवं जान लेवा हमला करने के लिए दस वर्ष की कैद व पांच हजार रुपए जुर्माना तथा गाली गलौज करने के लिए एक माह की कैद व पांच सौ रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

## रानीपुर पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत रानीपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 1 सितंबर को न्यायालय से जारी वारंटों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों की पहचान राजेश कुमार पुत्र रामचंद्र निवासी रामधाम कॉलोनी, रानीपुर (एनआई एक्ट) और शुभम थापा पुत्र नारायण सिंह निवासी भभूतावाला बाग, शिवलोक कॉलोनी, रानीपुर (एनआई एक्ट) के रूप में हुई है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से अपराधियों में खौफ का माहौल है और कई आरोपी दबाव में आकर खुद ही न्यायालय में सरेंडर कर रहे हैं।

# ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के डा.नरेश चौधरी सहित तीन घायल

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** न्यायिक कार्य से हरिद्वार से नैनीताल हाईकोर्ट जा रही स्वास्थ्य विभाग की टीम की गाड़ी पर भारी भरकम बोल्डर गिरने से ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेदिक कालेज के चिकित्सक एवं रेडक्रास के सचिव डा. नरेश चौधरी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुभाष कुमार और श्याम कुमार घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए हल्द्वानी बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना मंगलवार सवेरे की है। डा. नरेश चौधरी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुभाष कुमार और श्याम कुमर के साथ न्यायिक कार्य से कार से नैनीताल हाईकोर्ट जा रहे थे। काठगोदाम और नैनीताल के बीच अचानक पहाड़े से भारी भरकम बोल्डर कार पर आ गिरा। जिसमें डा. नरेश चौधरी समेत तीनों घायल हो गए। घटना इतनी खतरनाक थी कि कार के एयर बैग तक खुल गए। घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए बेस अस्पताल हल्द्वानी भर्ती कराया गया। सीएमओ डा. आरके सिंह ने बताया कि बेस अस्पताल हल्द्वानी के चिकित्सकों से इस संबंध में वार्ता हुई है। चिकित्सकों के अनुसार स्वास्थ्य तीनों की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

# बंदूक लेकर शिकार करने जंगल जा रहे तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना बुग्गावाला पुलिस ने शिकार करने जंगल जा रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 बोर की देशी बंदूक, 1 जिंदा कारतूस व 3 खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसएसआई सुनील रमोला, एसआई बिक्रम सिंह बिष्ट, हेडकांस्टेबल गोपाल कुमार, कांस्टेबल हरिओम ने बुधवाशहीद पुल के पास चेकिंग के दौरान तीन संदिग्धों की तलाशी ली तो उनके कब्जे से देशी



बंदूक व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राजकुमार पुत्र अतर सिंह, अनिल कुमार पुत्र ओमप्रकाश व संदीप सिंह पुत्र सुक्कड़ निवासी बुधवाशहीद बताए। बताया कि वे जंगल में शिकार करने जा रह थे। इसके बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

## दिव्य गंगा सेवा मिशन और उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय ने
# दिव्य गंगा महोत्सव का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रामभद्राचार्य विश्वविद्यालय,चित्रकूट के कुलपति डा.शिशिर पाण्डेय ने कहा कि गंगाजल से नित्य स्नान करने पर विभिन्न रोगों से छुटकारा प्राप्त होता है। दिव्य गंगा सेवा मिशन और उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्याल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दिव्य गंगा महोत्सव के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए डा.शिशिर पांडेय ने कहा कि ऐसे आयोजन की सार्थकता को और अति व्यापक स्वरूप में जनांदोलन का रूप धारण करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून के कुलपति डॉ अरुण त्रिपाठी ने कहा कि आधुनिक चिकित्साशास्त्र इस बात की पुष्टि करता है कि गंगाजल में अनेक प्रकार के रोगों और व्याधियों को समाप्त करने का नैसर्गिक औषधीय गुण है। विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्वामी आशुतोष ने कहा कि गंगा के तटीय क्षेत्रों की संस्कृति विरासत आदिकाल से अन्य नदियों के किनारों पर पनपने वाली सभ्यताओं से आज भी श्लाघनीय है। यह संस्कारों की परिमार्जक और अंतर्मन की शुद्धि का साधन है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में देशभर से आए शोध छात्रों और आचार्यों ने गंगाजल और आयुर्वेद पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस दौरान कवि सम्मेलन का आयोजन भी



किया गया। कार्यक्रम को गंगा समग्र के प्रांत संगठन मंत्री ब्रज प्रांत विजय, डा.नंदलाल मणि त्रिपाठी पीताम्बर, ललित मोहन सक्सेना, उत्तराखंड की सहायक सूचना निदेशक अर्चना, आईआईटी रुड़की के सब रजिस्ट्रार महावीर सिंह वीर, प्रदीप मिश्र अजनबी सहित कई विद्वानों ने संबोधित किया और गंगा की उपादेयता और स्वच्छता की अपरिहार्यता को देश की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम का संचालन मनीष श्रीवास्तव तथा सीमा शर्मा मंजरी ने किया। इस अवसर पर दिव्य गंगा सेवा मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश दुबे, राष्ट्रीय संयोजक केशव पाण्डेय, राष्ट्रीय सचिव इंद्रेश शर्मा, पत्रकार डा. शिवेश्वर पाण्डेय, मंजुल चतुर्वेदी, मनोज शुक्ला, अशोक शुक्ला, विनय पाण्डेय, डा.शैलेश तिवारी, संजय वत्स, अभिषेक तिवारी, पूनम धस्माना, हिमांशु प्रजापति, रंजीता झा, तरुण शुक्ला, उदय राज मिश्रा, धनंजय मणि त्रिपाठी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# एनडीपीएस मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित को ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फिरोज पुत्र निसार निवासी ग्राम कासमपुर बुड्ढा हेडी थाना पथरी ज्वालापुर कोतवाली में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई बार उसके ठिकानों पर दबिश दी। लेकिन वह हाथ नहीं आया। आरोपी फिरोज की गिरफ्तारी के प्रयासों में जुटी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसआई नवीन नेगी, कांस्टेबल मनोज डोभाल, नरेंद्र राणा, नवीन क्षेत्री शामिल रहे।

# व्यापारियों ने लगातार हो रही बारिश के चलते कालेजों में ऑनलाइन क्लास चलाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने मुख्य सचिव और जिलाधिकारी को पत्र लिखकर लगातार हो रही बारिश को देखते हुए स्थिति सामान्य होने तक स्कूल कालेजों में छुट्टी घोषित करने ओर ऑनलाइन क्लास चलाने की मांग की है। सुनील सेठी ने कहा कि भारी बारिश के अलर्ट के बावजूद मंगलवार को स्कूल खुले रहे। जिससे सवेरे से ही भारी बरसात बच्चों के साथ अभिभावकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सेठी ने कहा कि लगातार हो रही बरसात को देखते हुए प्रशासन को सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से स्कूलों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना चाहिए। स्कूलों में मैदान, छतों की स्थिति और बसों की जांच मुख्य रूप से की जानी चाहिए। प्राकृतिक आपदाओं के दौर में किसी भी चूक का नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। सुनील सेठी ने कहा कि अभिवावकों को भी जागरूक होना चाहिए। बारिश के समय छोटे बच्चों को स्कूल भेजने से बचें एवं स्कूलों की परिस्थिति सहित स्कूल वाहनों की सुरक्षा का भी स्वयं ध्यान रखें। बरसात के कारण सड़को में हो रहे गड्ढों का ध्यान रखते हुए बच्चों को दोपहिया वाहन, साइकिल से स्कूल भेजने का जोखिम न उठाएं। स्कूल परिसरों में कोई भी कमी मिलने पर नंजरअंदाज करने के बजाए तुरंत जिला प्रशाशन को तत्काल शिकायत दर्ज करवाएं। जिससे समय रहते सुधार हो सके। मांग करने वालो में मुख्य रूप से प्रीतकमल, सोनू चौधरी, महेश कालोनी, भूदेव शर्मा, डा.ऐरन, पवन पंडित, एसएन तिवारी, राहुल अरोड़ा, देवेंद्र शर्मा, राजू जोशी, रमन कुमार, धर्मपाल सिंह, दीपक कुमार आदि शामिल रहें।

# पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल व भाजपा नेता रामकुमार वालिया ने ली जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया के स्वास्थ्य की जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पूर्व विधायक एवं राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार वालिया ने जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया के जगजीतपुर स्थित आवास पर पहुंचकर उनका हाल जाना। राकेश वालिया पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। मंगलवार को पूर्व विधायक एवं राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल और वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार वालिया कार्यकर्ताओं के साथ राकेश वालिया के आवास पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और मां गंगा से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। देशराज कर्णवाल एवं रामकुमार वालिया ने कहा कि राकेश वालिया हरिद्वार की पत्रकारिता के मजबूत स्तंभ हैं। मां गंगा से प्रार्थना है कि उन्हें जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान अपने कार्यक्षेत्र में सक्रिय होंगे। इस दौरान मनोज कुमार चौहान, दिनेश



करे। राकेश वालिया और उनके परिवार ने देशराज कर्णवाल व रामकुमार वालिया का स्वागत किया और आभार जताया। राकेश वालिया ने कह कि सभी की दुआओं से वह जल्द ही पत्रकारिता के वालिया, डीपी सिंह, ललित वालिया, कमल राजपूत, अमित वालिया, नितिन वालिया, चंदन सैनी, सोनू आदि ने भी राकेश वालिया के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की।

# भाजपा नेता के भाई के घर पुलिस ने कराई मुनादि

**०अदालत में हाजिर न होने पर की जाएगी कुर्की की कार्रवाई**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भाजपा नेता के व्यवसायी भाई की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मुख्यमंत्री के मठ के नाम से फर्जी कॉल कराने के आरोप में दर्ज मामले में फरार भाजपा नेता के भाई की ढोल नगाड़ों के साथ मुनादी करायी गयी। जबकि निर्धारित समय में आत्म सर्मपण नहीं करने पर कुकी की कार्यवाही की चेतावनी दी गई। नगर के मौहल्ला कोट पूर्वी निवासी भाजपा नेता के भाई कपिल सिंहल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मठ के नाम से फर्जी कॉल कराकर अवेध वसूली करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। भाजपा नेता के भाई को पुलिस ने कई बार



सम्भल- भाजपा नेता के घर नोटिस चस्पा कर मुनादी कराती पुलिस।

दबिश देकर गिरफ्तार करने का प्रयास किया था,लेकिन पुलिस को उनकी गिरफ्तारी में कोई सफलता नहीं मिली थी। उन्हे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। अब भाजपा नेता के भाई की मुश्किल ओर बढ़ गयी है। फरार घोषित किए गए आरोपी कपिल सिंहल की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस की ओर से उनके मकान की कुकी की कार्रवाई शुरू कर दी हैं अदालत ने फरार भाजपा नेता के भाई कपिल सिंह की कोठी के बाहर ढोल नगाड़ों के साथ मुनादी करायी।

## राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने
# संगठन विस्तार सम्मेलन का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय बजरंग दल और अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संगठन विस्तार सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष ठाकुर विशाल सिंह राणा की अध्यक्षता में बहादराबाद में आयोजित सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान संगठन का विस्तार करते हुए ठाकुर विशाल सिंह राणा ने दीपक शर्मा को बहादराबद ब्लॉक अध्यक्ष, राजा चौहान ब्लॉक महामंत्री, कंवरपाल राणा व नरेंद्र सिंह को हरिद्वार नगर महामंत्री, दिनेश यादव को उपाध्यक्ष, सागर कुमार को महदूद नगर अध्यक्ष, निखिल राजपूत मंत्री, राजा ठाकुर, शोभित कौशिक को उपाध्यक्ष व सचिन चौहान को मीनाक्षीपुरम, महादेवपुरम, नेहरू कालोनी खंड अध्यक्ष मनोनीत किया।

ठाकुर विशाल सिंह राणा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि सनातन धर्म की रक्षा, लव जिहाद के विरुद्ध संघर्ष, गौ रक्षा एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई आदि के मामलों में संगठित होकर कार्य करें।

सम्मेलन के दौरान विशाल राणा ने वीडियो कॉल के माध्यम से क्षत्रिय करणी सेना के वरिष्ठ युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र सिंह राणा का कार्यकर्ताओं से संवाद भी कराया। ओकेंद्र राणा ने कार्यकर्ताओं को और नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में दीपक शर्मा, राजा चौहान, चरण सिंह, सोनू सिंह, अजय कश्यप, चुन्नू लाल, हिमांशु, सिद्धू, अभि कश्यप, सौरभ सनी, निखिल पुंडीर, अर्पित गर्ग, सार्थक कौशिक, शोभित कौशिक,



कश्यप, विनीत कश्यप, सूरज कश्यप, सोनू कश्यप, बादल कश्यप, चमन प्रकाश शर्मा, लकी, राजेश कुमार, विनीत कुमार, राजा ठाकुर, अक्षय कुमार, विवेक, मनीष, अभिनंदन, दिवेश चौधरी, मोहित चौधरी, हार्दिक ठाकुर, अंकुश, राजपाल, अरुण कुमार, संजय मुकेश, गौरव, कपिल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीआईआर पोर्टल के माध्यम से पुलिस ने बरामद किए गुम हुए चार मोबाइल फोन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली नगर पुलिस ने गुम हुए चार मोबाइल फोन सीआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद कर फोन स्वामियों के सुपुर्द कर दिए। गुम हुए फोन मिलने की उम्मीद खो बैठे मोबाइल स्वामियों ने पुलिस को आभार जताया है। एसएसपी ने चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए गठित सीआईआर पोर्टल पर शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुपालन में कोतवाली नगर पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोए हुए चार मोबाइल फोन की रिकवरी की है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से बरामद हुए मोबाइल फोन की कीमत लगभग 91,500 रूपए है। गुम हुए फोन मिलने की आस खो बैठे मोबाइल स्वामियों विकास सिरोही पुत्र अमर वीर सिंह निवासी मवाना मेरठ उत्तर प्रदेश, चिराग पुत्र महावीर बोरा निवासी हिसार हरियाणा, आयुष जायसवाल पुत्र प्रवीण जायसवाल निवासी अलीगढ़ जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश व नितिन सक्सेना पुत्र महेश सक्सेना निवासी लखनऊ ने फोन वापस मिलने पर पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए आभार जताया।

# मीराबाई की श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति का प्रदर्शन

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एवं संस्कार भारती के द्वारा सात दिवसीय गणेश चतुर्थी के कार्यक्रम में सभी बच्चों को एक टास्क अपनी संस्कृति को हम कैसे बचाएं इस विषय को दिया गया था। जिसमे सभी बच्चों को गणेश चतुर्थी की पूरी पूजा, सभी अतिथियों को बुलाना कैसे पूजा करनी है, कैसे हमें अपने अतिथियों का सत्कार करना चाहिए। ईश्वर से हमें कैसे जुड़कर रहना है। सभी के प्रति प्रेम भक्ति भाव को चलाना इसके बारे में बताया गया। उड़ान अकादमी के सभी बच्चों ने अपने-अपने दिन के हिसाब से कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेनू वार्ष्णेय व विशिष्ट अतिथि नीतू गुप्ता, मीरा शर्मा, सोनम निषाद संस्कार भारती की सदस्य रागनी रहीं। कार्यक्रम



का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने भगवान गणेश के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर उनका पूजन कर किया। उसके बाद गणेश वंदना पर नृत्य मिस्टी राजपूत व माही वर्मा ने किया। कार्यक्रम में एक विशेष टॉपिक दिया गया खुशी गौतम के लिए मीराबाई एवं श्री कृष्ण भगवान की अद्भुत प्रेम भक्ति भाव कैसे मीराबाई ने अपने अद्भुत प्रेम भक्ति भाव से श्री कृष्ण भगवान को अपना ईस्ट मान इसी भाव को लेकर सभी भक्ति भाव में सभी महिलाओं व लड़कियों ने उसे मीराबाई व श्रीकृष्ण भगवान के अद्भुत प्रेम को नृत्य एवं संगीत के माध्यम से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में उड़ान की संचालिका ममता राजपूत, योगेन्द्र राजपूत, मीरा शर्मा, आस्था आनंद, गुंजन, मंजू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# स्वामी कैलाशानंद ने एक ईश्वर ऐप का किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद ने श्री दक्षिण काली मंदिर में युवा उद्यमी समृद्धि बजाज और रश्मि बजाज के एक ईश्वर ऐप का ऐतिहासिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि यह पहल तकनीक और परंपरा का आदर्श संगम है। समृद्धि बजाज ने कहा कि यह ऐप भक्तों को उनकी आस्था से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करेगा। एक ईश्वर ऐप परंपरा और तकनीक का अनोखा संगम है, जो हर भक्त को भक्ति से जोड़ने का नया डिजिटल मार्ग प्रदान करता है। ऐप श्रद्धालुओं को फिजिकल और वर्चुअल दर्शन की बुकिंग, लाइव आरती, पूजा स्ट्रीमिंग, प्रसाद, पूजा सामग्री की होम डिलीवरी, पंचांग, राशिफल, भजन और



भक्ति संगीत आदि की ऑनलाइन सुविधा प्रदान करेगा। समृद्धि बजाज ने कहा कि आज के युवाओं के लिए तकनीक जीवन का हिस्सा है। हमने यह पहल इसलिए की ताकि भक्ति भी उसी सहजता से उनके जीवन में बनी रहे। 'एक ईश्वर' के माध्यम से हर भक्त कहीं से भी भगवान से जुड़ सके। रश्मि बजाज ने कहा कि एक ईश्वर सिर्फ एक ऐप नहीं, यह सेवा है। हमारा उद्देश्य है कि हर घर में मंदिर जैसी शांति का अनुभव हो। रघुनाथ राजाराम येमुल ने कहा एक ईश्वर एक अनूठी पहल है जो नवाचार के जरिए भक्ति को जीवित रखेगी। यह लॉन्च भक्ति के डिजिटल युग का एक नया अध्याय है, जो आस्था को और भी सुगम, प्रामाणिक और व्यक्तिगत बनाएगा।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# सोनप्रयाग शटल सेवा पार्किंग में भूधंसाव से पलटे वाहन

**■ सोन नदी के कटाव से धंस रही पार्किंग, सिरोबगड़ में दलदल में फंसा वाहन, सिरोबगड़ से खांकरा के बीच कई स्थानों पर हो रहा भूस्खलन, बीते तीन दशक से सिरोबगड़ में बनी है भूस्खलन की समस्या**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा मार्ग के सोनप्रयाग शटल पार्किंग में सोन नदी के कटाव से भारी भूस्खलन हो गया, जिससे पार्किंग में खड़े वाहनों के पहिये खड़े हो गए। यह दृश्य देख लोगों सन्न हो गए। घटना के बाद किसी तरह से मशीनों के जरिये वाहनों को निकालने का प्रयास किया गया। वहीं दूसरी ओर बद्रीनाथ हाईवे के सिरोबगड़ से खांकरा के बीच लगातार भूस्खलन हो रहा है, जिस कारण हर दिन यहां बड़ी घटना होते-होते टल रही है। मंगलवार दोपहर के समय पहाड़ी से आए मलबे में एक कार फंस गई, जिससे वाहन में सवार लोगों की सांसे अटक गई। किसी तरह जेसीबी मशीन की सहायता से कार को निकाला गया।



लगातार हो रही मूसलाधार बारिश कारण जनजीवन खासा प्रभावित हो रहा है। जहां पहाड़ियां दरकने से राजमार्ग और लिंक मार्गों पर हजारों टन मलबा आ रहा है, वहीं नदियों का जल स्तर बढ़ने से भूधंसाव की घटनाएं भी बढ़ती जा रही है। मंगलवार को केदारनाथ यात्रा मार्ग के सोनप्रयाग शटल पार्किंग में सोन गंगा से हो रहे कटाव से पार्किंग का बड़ा हिस्सा धंस गया, जिस कारण पार्किंग में खड़े वाहन भी पलट गए और वाहनों के पहिये हवा में खड़े हो गए। घटना का यह दृश्य देख आस-पास खड़े लोग सन्न रह गए। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को इस स्थान से हटवा दिया और यहां जाने पर रोक लगा दी है।

वहीं बद्रीनाथ हाईवे पर सिरोबगड़ के पास पहाड़ी से आए दल-दल मिट्टी एवं पत्थर की चपेट में एक कार आ गई। खाई में गिरने से बार-बार बची कार को जेसीबी से खींचकर बाहर निकाला गया।

जनपद में लगातार हो रही बारिश के चलते दोपहर दो बजे बद्रीनाथ हाईवे पर सिरोबगड़ के पास अचानक पहाड़ी से एकाएक दलदल मिट्टी एवं पत्थर हाईवे पर आ गए। लगातार दलदल मिट्टी आने से पर एक कार मिट्टी में फंस गई। जिससे न कार आगे हो पाई और न पीछे। ऐसे में बड़ी मात्रा में मलबा आने से चालक कार छोड़कर भाग गया तथा कार भी मिट्टी के साथ नीचे की ओर बहने लगी। गमीनम यह रही कार खाई में गिरने से बच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची एनएच लोनिवि की दो जेसीबी ने दलदल मिट्टी को साफ कर कार को खींचकर ऊपर मिटटी से बाहर निकाला।

मिट्टी साफ होने के बाद शाम चार बजे से हाईवे को वाहनों की आवा. जाही के लिए खोला गया। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया, जिससे लोगों को परेशान होना पड़ा। पूर्व प्रधान खांकरा नरेन्द्र ममगांई ने बताया कि सिरोबगड़ से खांकरा तक लैंड स्लाइड जोन घोषित किया गया है और हर बरसाती सीजन में यहां सफर करना किसी खतरे से खाली नहीं है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण बद्रीनाथ और केदारनाथ हाईवे जगह-जगह बाधित हो रहा है। है।

# आपसी झड़प में शिक्षक ने मारा दो सभासदों को चाकू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्यमुनि नगर पंचायत में बीती रात एक सनसनीखेज और खौफनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया। एक स्थानीय स्कूल में कार्यरत शिक्षक व दो सभासदों विक्की आनंद सजवाण और हिमांशु भट्ट की आपसी झड़प ने तब खतरनाक मोड़ ले लिया, जब शिक्षक ने धारदार हथियार से सभासदों पर जानलेवा हमला कर दिया। दोनों सभासद गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत सीएचसी अगस्त्यमुनि लाया गया, जहां से उन्हें रुद्रप्रयाग जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया, लेकिन वहां भी उनका ईलाज नहीं हो पाया तो उन्हें श्रीनगर के लिए रेफर किया गया। मगर सिरोबगड़ में रोड बन्द होने के बाद सभासदों के परि. जनों ने रुद्रप्रयाग स्थित बोहरा नर्सिंग होम में उन्हें भर्ती कराया। जहां डॉ आनन्द बोहरा ने तत्काल उनका ऑपरेशन कर दिया। उनकी हालत अभी नाजुक है, लेकिन हालात नियन्त्रण में हैं। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र गोस्वामी ने इसे गम्भीर मामला बताते हुए थाना अगस्त्यमुनि में तहरीर देते हुए शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने लिखा है कि बीते एक सितंबर 2025 की रात को 10 बजे सभासद विक्की आनंद सजवाण और हिमांशु भट्ट अगस्त्यमुनि में एक होटल में खाना खा रहे थे। इसी दौरान, स्थानीय स्कूल में कार्यरत दो शिक्षक शराब के नशे में वहां पहुंचे। कुछ ही देर में उनका होटल मालिक के साथ झगड़घ होने लगा। झगड़ा बढ़ता देख दोनों सभासद बीच बचाव करने के लिए आए।

# छात्रों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के सभी शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए अच्छी खबर है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 को लेकर नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर छात्रवृत्ति आवेदन की प्रक्रिया 30 सितम्बर तक खुली है। जिला समाज कल्याण अधिकारी टीआर मलेठा ने बताया कि पात्र छात्र-छात्राएँ समय पर पोर्टल के माध्यम से आवेदन करें ताकि किसी को भी छात्रवृत्ति से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों से भी अपेक्षा की है कि वे व्यक्तिगत रुचि रखते हुए छात्रों को छात्रवृत्ति आवेदन कराने में हर संभव सहयोग प्रदान करें।

# किराए के मकान में चल रहे जिस्मफरोशी के धंधे का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** गोपनीय सूचना पर एएचटीयू देहरादून व विकासनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने किराये के मकान में चल रहे जिस्मफरोशी के धंधे का भांडाफोड़ करते हुए केयर टेकर सहित 5 आरोपियों (2 महिला व 3 पुरूषों) को मौके से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने मौके से नगदी व आपत्तिजनक सामग्री बरामद कर पांचों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून को गोपनीय माध्यमों से विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत हरबर्टपुर में स्थित एक मकान में अनैतिक देह व्यापार करवाये जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर एसएसपी देहरादून द्वारा प्रभारी एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट देहरादून को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिस पर



एएचटीयू देहरादून तथा विकासनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बीते रोज की रात्रि में हरबर्टपुर स्थित सोनिया बस्ती निकट बिजली घर के पास वार्ड नंबर 5 में एक मकान में छापेमारी की कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को मकान के अलग-अलग कमरों में 2 पुरुष तथा 2 महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में मिली, जिनके पास से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। मौके से पुलिस टीम द्वारा मकान के केयर टेकर सहित सभी 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कोतवाली विकासनगर में धारा 3, 4, 5, 6, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 में मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में मकान के केयर टेकर जय नारायण शर्मा पुत्र मनीष महेश आनंद शर्मा द्वारा बताया गया कि उक्त मकान को राजकुमार नाम के व्यक्ति द्वारा किराये पर लिया गया है, जिसमे उनके द्वारा बाहरी राज्यों की रहने वाली महिलाओं को बुलाकर उनसे अनैतिक देह व्यापार करवाया जाता है तथा आरोपी जय नारायण द्वारा उक्त मकान की देखभाल तथा प्रबंधन का कार्य देखा जाता है। आरोपी राजकुमार द्वारा ग्राहकों से फोन पर संपर्क कर उनसे डील करते हुए कमरे में बुलाया जाता है तथा आरोपी जय नारायण द्वारा उनसे पैसे लेकर उन्हें महिलाओं व युवतियों के पास भेजा जाता है। फरार आरोपी राजकुमार पूर्व में भी अनैतिक देह व्यापार में जेल जा चुका है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर लगातार दबिशें दी जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में जय नारायण शर्मा पुत्र महेश आनंद शर्मा निवासी ग्राम कांडा, पो0- गडोली, थाना बड़कोट, उत्तरकाशी, हरि किशोर पुत्र शिव शरण निवासी मंडी चौक चिरंजीपुर, थाना विकासनगर, विक्की पुत्र राकेश कुमार निवासी रामबाग हरबर्टपुर, आंचल पुत्री दल बहादुर निवासी बनारस स्टेशन ग्राम बहाद. ुरपुर, थाना बहादुरपुर, जिला बनारस, यूपी हाल पत्ता कैंप, जगाधरी, यमुनानगर, हरियाणा, सिमरन चौधरी पत्नी जसविंदर सिंह निवासी लोनी मुस्तफाबाद, जिला गाजियाबाद, यूपी, फरार आरोपी राजकुमार पुत्र शिव कुमार निवासी बाल्मिकी कॉलोनी, विकासनगर शामिल हैं।

पुलिस टीम में निरीक्षक हरिओम राज चौहान, प्रभारी एएचटीयू, बबीन सिंह महिला हेड कांस्टेबल रचना डोभा, सिपाही देवेंद्र सिंह, प्रदीप रावत, महिला कांस्टेबल आरती, कोतवाली विकासनगर टीम में एसआई संदीप पवार, सिपाही राजेंद्र बर्थवाल शामिल रहे।

**एक नजर .......**

## कांग्रेस उपाध्यक्ष ने शहीद शिशिर मल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**विकासनगर।** उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष आर्येन्द्र शर्मा द्वारा 32 राष्ट्रीय राइफल के राइफलमैन शहीद शिशिर मल की पुण्यतिथि पर उनके सम्मान में चंद्रबनी में निर्मित शहीद द्वार पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आर्येन्द्र शर्मा ने उनके चंद्रबनी स्थित आवास पर परिजनों से मुलाकात कर शहीद शिशिर मल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सादर नमन किया। 2 सितंबर, 2015 को कश्मीर के बारामूला में ऑपरेशन रक्षक के दौरान आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद शिशिर मल ने अपना सर्वोच्च बलिदान देश रक्षा में अर्पित किया, भारत माता के वीर सपूत का बलिदान सदैव हम सभी भारतीयों के लिए अमर प्रेरणा के रूप में रहेगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान दीपक थपलियाल, सूर्या प्रताप साही, राम सिंह धामी, विपिन कुमार उपस्थित रहे।

## ग्रामीण महिलाओं का 21 दिन का सिलाई प्रशिक्षण शुरू

**विकासनगर।** जिला योजनाअंतर्गत रोजगारपरक व्यावसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं का 21 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इस दौरान बीस महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ग्राम धूलकोट में युवा कल्याण विभाग की इस 21 दिन का सिलाई प्रशिक्षण के उद्घाटन समारोह में क्षेत्र पंचायत सदस्य रविंद्र सिंह रमोला ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। जिसमें ग्रामीण महिलाओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिससे कि महिलाएं अपना रोजगार भी कर सकती हैं। यह स्वावलंबन के लिए अति आवश्यक है। कहा कि ग्रामीण महिलाएं अपने गृहकार्य के साथ सिलाई को अपना रोजगार भी बना सकती हैं। समारोह में उपस्थित क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद इमरान, पार्वती चौहान, देव पंवार, खेल प्रशिक्षक मनोज कुमार, हरिमोहन और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी।

## जवाड़ी-दरमोला मार्ग जगह-जगह भूधंसाव से ध्वस्त

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में लगातार हो रही बारिश के चलते भरदार क्षेत्र को जोड़ने वाला जवाड़ी-दरमोला-रौठिया मोटरमार्ग जगह-जगह भूधंसाव होने से लगातार क्षतिग्रस्त हो गया है। मार्ग धंसने से यहां पर वाहनों के आवागमन में भी दिक्कतें आ रही है। वहीं राइका जवाड़ी के पास देवी प्रसाद नौटियाल के आवासीय भवन भी खतरे की जद में आ गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों शासन-प्रशासन से शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। विगत दिनों से अत्यधिक बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग गौरीकुंड जवाड़ी बाईपास से भरदार क्षेत्र को जोड़ने वाला जवाड़ी-दरमोला-रौठिया मोटरमार्ग कई स्थानों धसने से क्षतिग्रस्त हो गया है। इस मार्ग लगातार भूस्खलन का खतरा मंडारा रहा है। यह मार्ग क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ता है। बताया जा रहा है कि केदारनाथ आपदा में अलकनंदा नदी के कटाव के चलते भू धसाव शुरू हो गया था, हालांकि कुछ वर्षो तक यह ठीक रहा लेकिन इस वर्ष अलकनंदा नदी उफान पर रहने से लगातार नदी से इसका कटाव लगातार जारी होने से यह नीचे धस रहा है। उक्त मोटरमार्ग के साथ ही गौरीकुंड हाईवे भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है।

## भरदार के पाटियों तोक में पड़ी दरार, दहशत का माहौल

**रुद्रपयाग।** लगातार हो रही बारिश के चलते भरदार क्षेत्र के ग्राम पंचायत दरमोला के पाटियों तोक के ऊपर 100 मीटर दरार पड़ने से ग्रामीणों में दशहत का माहौल है। उन्होंने शासन-प्रशासन से शीघ्र सुरक्षा की मांग की है।ग्रामीणों ने डीएम प्रतीक जैन को भेजे ज्ञापन में कहा कि मूसलाधार वर्षा के कारण रतनुपर-स्वीली-चौरास मोटरमार्ग के ऊपर लगभग 100 मीटर लंबा दरार पड़ने से भू-स्खलन होने की संभावना बनी है। जिसके नीचे ग्राम पंचायत दरमोला के पाटियों तोक के आवासीय भवन स्थित है। ऐसे में लगभग बीस परिवार भविष्य में भू-स्खलन की चपेट में आने से ग्रामीण सहमे एवं डरे हुए है। ग्रामीणों ने उक्त मोटर मार्ग के भू-स्खलन का शीघ्र ट्रीटमेंट करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सके। आवासीय घरों में मोटर मार्ग के भू-स्खलन का मलवा आकर घरों को व जनों को नुकसान ना पहुँचा सके। उक्त ध्वस्त मोटरमार्ग की जांच कर शीघ्र ट्रीटमेंट करने की मांग की है। ज्ञापन में दमरमान सिंह, राजेन्द्र सिंह, सोबत सिंह, बलवीर सिंह, लक्ष्मण सिंह, नत्थी सिंह, पुष्कर सिंह, भरत सिंह समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

# दो दिन की लगातार बारिश से फसलें बर्बादी की कगार पर पहुंची

**■ जगह-जगह जल भराव होने से गलियां बनी तालाब नदियों के उफान पर बस्तियों में बना बाढ़ का खतरा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** पछुवादून, जौनसार बावर में बीते दो दिन से लगातार मूसलाधार बारिश जारी है। बारिश से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। कहीं जलभराव तो कहीं सड़कें बंद होने से लोग परेशान हैं। खेतों में पानी भरने से फसलें बर्बाद हो रही हैं, जबकि नदियों के उफान पर आने से तटवर्ती बस्तियों में बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

मूसलाधार बारिश के बाद विक. ासनगर की सिनेमा गली, पंजाबी कॉलोनी, सैयद रोड, अस्पताल रोड, मुस्लिम बस्ती, मदीना बस्ती, विद्यापीठ मार्ग पर जल भराव होने से गलियां दरिया बनी नजर आई। गलियों में जलभराव होने से लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए। सिनेमा गली में दिन भर पानी भरा होने के कारण अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखी।

सेलाकुई में एसबीआई, शिवमंदिर, ट्रक यूनियन के सामने एनएच तालाब में तब्दील हो गया, जिससे दिन भर यातायात प्रभावित होता रहा। इसके साथ ही जमनपुर रोड, सिडकुल गेट, मिलन चौक, प्रगति विहार में जल भराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# सुहानी पुंडीर ने किया नाम रोशन

**विकासनगर।** इंडियन पब्लिक स्कूल (राजावाला ) में पं० भानुप्रताप शुक्ल की जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय आशुभाषण प्रतियोगिता में सेपियंस स्कूल विकासनगर की कक्षा ग्यारहवी की छात्रा सुहानी पुंडीर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में अलग अलग राज्यों के विद्यालयों से आए हुए 33 प्रतिभागियों ने भाग लिया।सुहानी पुंडीर को प्रशस्तिपत्र, मेडल, तथा 15 हजार का नगद पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, प्रबंधक रविकांत सपरा, रशिता सपरा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा तथा हरबर्टपुर विद्यालय प्रधानाचार्या बेबी राठौर, सुमालती उनियाल तथा समस्त अध्यापक ने सुहानी पुंडीर को शुभकामनाएं दी।

# कुनैन क्षेत्र में भारी बारिश से छानियों व खेतों को नुकसान, ग्रामीणों में चिंता

**■ तीन सौ सेब के पौधे, चार खेतों की क्यारियां व गोशाला को पहुंचा नुकसान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के ग्राम पंचायत कुनैन से लगे रोटा खड़ छानियों में बीती रात भारी बारिश से बड़ा नुकसान हुआ है। लगातार हो रही बरसात से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है,

वहीं खेत-खलिहान और क्यारियां बहने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। तेज बारिश के कारण लोगों में भय और असमंजस का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भारी बारिश से कई परिवार प्रभावित हुए हैं।



रूपराम राणा पुत्र कलीराम के करीब ढाई सौ सेब के पौधे और पांच खेत दबाव व कटाव की चपेट में आ गए। इसी तरह राजेश राणा पुत्र संतराम की चार खेतों की क्यारियां दब गईं और भूमि का कटाव हो गया। बसु राणा पुत्र रूप सिंह के लगभग 50 सेब के पौधे, पांच क्यारियां और एक गोशाला को नुकसान पहुंचा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी तरह वर्षा का क्रम जारी रहा तो आने वाले दिनों में नुकसान और बढ़ सकता है। प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से उचित मुआवजा और राहत की मांग की है।

वही दूरभाष पर संपर्क करने पर तहसीलदार चकराता रूप सिंह द्वारा बताया गया कि संबंधित क्षेत्रीय पटवारी को वर्षा से हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया। रिपोर्ट मिलने के बाद सभी को नियमानुसार मुवावजा दिया जायेगा।

# उत्तरकाशी में आपदा राहत सहायता के लिए मुख्यमंत्री को सौंपी 2000 राहत किट

**■ मुख्यमंत्री धामी ने देहरादून से नेस्ले इंडिया राहत किट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून :**-उत्तराखंड के उत्तरकाशी क्षेत्र में आई बाढ़ के मद्देनजर नेस्ले इंडिया ने प्रभावित जनसंख्या की मदद के लिए आगे आकर 2,000 आवश्यक किराना किट उत्तराखंड सरकार को दान किए हैं। यह पहल उन परिवारों की कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से की गई है जो इस चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहे हैं।

इन किराना किट को औपचारिक रूप से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सहित पुष्कर सिंह धामी को सौंपा गया, उन खाद्य पदार्थों से युक्त हैं जो लगभग चार सदस्यीय परिवार की 15 दिनों तक की आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं।

इस पहल के बारे में नेस्ले इंडिया की सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक पहल प्रमुख, डॉ. तरुणा सक्सेना ने कहा, किष्हम हृदय से प्रार्थना करते हैं कि उत्तरकाशी में स्थिति जल्द ही बेहतर हो। हम इस क्षेत्र के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और आशा करते हैं कि ये राहत किट उनके लिए उपयोगी सिद्ध होंगी। हम इस कठिन समय में क्षेत्र का सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

नेस्ले इंडिया के कॉर्पोरेट मामलों के निदेशक, कुंवर हिम्मत सिंह ने प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता व्यक्त की। ष्हमें पूरी उम्मीद है कि हमारा योगदान उत्तरकाशी के लोगों को आवश्यक खाद्य आपूर्ति प्रदान करने में मदद करेगा। हम राहत कार्यों में हर संभव सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# मौसम के चलते एक भी फरियादी नहीं पहुंचा

**चकराता।** तहसील परिसर में हर महीने के पहले मंगलवार को आयोजित होने वाला तहसील दिवस इस बार सूना रहा। लगातार खराब मौसम और जर्जर सड़कों की वजह से कोई भी फरियादी अपनी समस्या लेकर तहसील कार्यालय नहीं पहुंच पाया। क्षेत्र में जगह-जगह भूस्खलन और गड्ढों से भरी सड़कों के कारण लोगों ने बाहर निकलना उचित नहीं समझा। नतीजा यह रहा की एक भी शिकायत दर्ज नहीं हो सकी।

# आपदाग्रस्त इलाकों में तेजी से पहुंचाई जा रही राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बसुकेदार क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा के बाद जिला प्रशासन राहत और बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर अंजाम दे रहा है। आपदा की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें लगातार लापता लोगों की खोजबीन में जुटी हैं। वहीं, प्रभावित क्षेत्रों में बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को शीघ्र बहाल कर दिया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आपदा की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों को त्वरित राहत और आवश्यक सहायता पहुंचाने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि,ष्राज्य सरकार हर प्रभावित व्यक्ति के साथ खड़ी है और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप जिलाधिकारी प्रतीक जैन स्वयं राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता शीघ्रता से उपलब्ध कराई जाए।

# जिलाधिकारी ने अस्पताल व्यवस्थाओं को सुधरने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने मंगलवार को बेस चिकित्सालय, कोटद्वार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दवाओं की उपलब्धता, उपकरणों एवं संसाधनों की सूची को अद्यतन रखने, ई-औषधि पोर्टल के संचालन को सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय को विश्व स्तरीय अस्पताल के रूप में विकसित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से कार्य करें ।उन्होंने दंत चिकित्सा इकाई में आरसीटी सेवा शुरू कराने, जच्चा-बच्चा वार्ड एवं एम्बुलेंस की स्थिति की नियमित जांच करने तथा चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, योजनाओं तथा मेडिकल टेस्ट की जानकारी आमजन तक पहुँचाने के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए रजिस्टर संधारित करने, शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, ओपीडी रजिस्टर में समयबद्ध प्रविष्टि करने तथा स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आपातकालीन कक्ष, ओपीडी पंजीकरण काउंटर, अल्ट्रासाउंड कक्ष, एक्स-रे एवं एमआरआई सेक्शन, महिला एवं प्रसूति वार्ड, बाल वार्ड, शल्य चिकित्सा वार्ड, दवा वितरण केंद्र एवं पैथोलॉजी लैब का बारीकी से निरीक्षण किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने चिकित्सकों की बैठक भी ली, जिसमें आवश्यक संसाधनों एवक्षक को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मरीजों और उनके तीमारदारों से भी वार्ता की और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड में जाकर जीवन रक्षक दवाओं के स्टॉक की जांच की तथा दवाओं की उपलब्धता, उपचार की समयसीमा और मशीनों के नियमित परीक्षण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल में जाँचों की रेट लिस्ट प्रदर्शित करने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी मरीज को दवा या इलाज के अभाव में परेशानी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि मरीजों को केवल अत्यंत जटिल मामलों पर ही रेफर किया जाए तथा दवाएं अस्पताल की डिस्पेंसरी से ही उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने जन औषधि केंद्र में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी वार्डों में उच्च स्तर की स्वच्छता सुनिश्चित की जाय और विशेषज्ञ चिकित्सकों से इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर का कार्य न लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विशेषज्ञ चिकित्सक केवल स्वास्थ्य परीक्षण एवं ऑपरेशन जैसे कार्यों के लिए उपलब्ध रहें।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष बने राजीव खत्री, अमित कंडियाल को महामंत्री की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की नई कार्यकारिणी का गठित हुई है। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शास्त्री की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी बनने की घोषणा की गई।

वही प्रदेश महामंत्री विश्वजीत सिंह नेगी ने कार्यक्रम को विस्तार देते हुए यूनियन के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी वरिष्ठ पत्रकार राजीव खत्री व महामंत्री पद पर अमित सिंह कंडियाल नामित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र चमोली व राजेश शर्मा को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है।



ऋषिकेश नगर कार्यकारणी में युवा पत्रकार अरविंदर सिंह को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव खत्री ने बताया कि संगठन के उद्देश्यों को लेकर पत्रकारों के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और पत्रकारों के हितों के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# मूसलाधार बारिश ने मचाया हाहाकार, भारी तबाही

## पहाड़ी मार्गों में मलबा आया, बोल्डर गिरे, शहर की सड़कें, खेत खलिहान जलमग्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आसमानी आफत अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नदी, नाले अब डराने लगे हैं। रविवार रात्रि से शुरू हुई मूसलाधार बारिश का सिल. सिला मंगलवार को भी जारी रहा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सड़कें, खेत सब जलमग्न हो गए। रकसिया नाला, कलसिया नाला और सूखी नदी के कारण लोगों में दहशत का माहौल है।

चोरगलिया मार्ग पर सूखी नदी पर बने पुल पर भू-कटाव होने के कारण गढ्डा हो गया। सुरक्षा की दृष्टिगत यातायात बंद कर पुलिस बल तैनात किया गया। लगातार मूसलाधार बारिश के चलते जिले में 5 राज्य मार्ग, 2 प्रमुख जिला मार्ग सहित 19 ग्रामीण मार्ग बाधित है। गौला नदी भी 52392 क्यूसेक तक पहुंच गई है। मौसम विभाग ने बुधवार को भी जिले में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बीते दो दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन ठहर सा गया है। मंगलवार को भी हल्द्वानी सहित पूरे जिले में भारी बारिश का क्रम जारी रहा। लगातार बारिश के चलते शहर के





नाले ओवरफ्लो हो गए जिससे कई इलाकों में जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वार्ड 48 में साकेत कॉलोनी में भारी जलभराव होने से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। नगर निगम की टीम ने पानी की मोटर लगाकर निक. ासी कराई। जेल रोड हीरानगर में जलभराव से लोगों को काफी दिक्कतें हुई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार पिछले मंगलवार शाम चार बजे तक हल्द्वानी काठगोदाम में 98.0 एमएम बारिश दर्ज हुई। वहीं नैनीताल में 174.0 एमएम, कैंची धाम में 105.5 एमएम, बेतालघाट में 85.0 एमएम, मुक्तेश्वर में 98.4 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गयी। इधर, सूखी नदी पर बने पुल पर भू-कटाव होने के कारण यातायात को बंद कर दिया गया है।

### आमपड़ाव में टैक्सी पर गिरा बोल्डर, बाल-बाल बचे लोग

**हल्द्वानी।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। एक ओर जहां नदियां और



नाले उफान पर हैं, वहीं दूसरी ओर पहाड़ियों से मलबा और पत्थर गिरने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ऐसी ही एक खतरनाक घटना नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर आमपड़ाव के पास देखने को मिली। जहां एक बड़ा हादसा चंद इंच से टल गया। जानकारी के अनुसार एक टैक्सी जैसे ही आमपड़ाव के पास से गुजर रही थी, तभी पहाड़ी से अचानक एक विशाल बोल्डर टूटकर नीचे आ गिरा और सीधे वाहन के बोनट जा गिरा। जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। लेकिन गनीमत रही कि सभी सवारियां सुरक्षित रहीं और किसी को चोट नहीं आई। जिससे वाहन में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। बताया जा रहा है कि टैक्सी में हरिद्वार जिले के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारी सवार थे, जो किसी सरकारी कार्य से नैनीताल स्थित उत्तराखंड हाईकोर्ट में एक शपथ पत्र/रिपोर्ट जमा करने के लिए जा रहे थे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि भारी बारिश के दौरान पहाड़ी क्षेत्रों की यात्रा से बचें, विशेषकर ऐसे मार्गों पर जो भूस्खलन और बोल्डर गिरने की दृष्टि से संवेदनशील हैं।

### शहर में पेयजल संकट भी गहराया

**हल्द्वानी।** रविवार से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जहां जन जीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं पेयजल संकट भी गहराने लगा है। बारिश के चलते गौलानदी में अधिक सिल्ट आने व नदी का जलस्तर बढ़ने से शीतलाहाट और शीशमहल के फिल्टर प्लांट पूरी तरह ठप हो गए हैं। देर रात तक भी हालात सामान्य नहीं हो पाए, जिसके चलते आज मंगलवार सुबह भी शहरवासियों को पानी की एक बूंद तक नसीब नहीं होगी। वहीं सिंचाई विभाग ने खतरे को देखते हुए गौला बैराज के सभी गेट खोल दिए। जिससे जल संस्थान को मिलने वाले पानी की आपूर्ति रुक गई और शीशमहल प्लांट पूरी तरह से बंद हो गया। प्लांट बंद होने से शहर में पेयजल संकट भी गहराने लगा है। जलसंस्थान के अधिकारियों का कहना है कि नदी का जलस्तर कम होने और सिल्ट पानी बंद किया है जिससे ही स्थिति समान्य होती है तुरंत बैराज से से पानी मिलते ही पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।

### चोरगलिया रोड में सूखी नदी का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी-चोरगलिया मार्ग पर सूखी नदी पर बने पुल पर भीषण भू-कटाव होने से बड़े-बड़े गढ्ढे बन गए हैं। प्रशासन ने पुल को तत्काल प्रभाव से बंद कर पुलिस बल की तैनाती कर दी है। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से डायवर्ट किया गया है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूखी नदी के पुल का जायजा लेने के लिए एसडीएम राहुल शाह, पीडब्ल्यूडी एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बारिश के चलते पुल के प्लम ब्लॉक्स क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एप्रोच रोड में स्कोरिंग एवं कैविटेशन की स्थिति उत्पन्न हो गई। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने पुल पर यातायात पूरी तरह बंद कर दिया है और पुलिस बल को मौके पर तैनात कर दिया गया है। वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और यातायात विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करें। साथ ही, पुल की मरम्मत और सुरक्षा कार्य के लिए संबंधित विभागों को अलर्ट कर दिया गया है। वहीं जिला आपदा प्रबंधन विभाग और कृषि विभाग को नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जनपद में यह मार्ग हुए बंद

हल्द्वानी-चोरगलिया (राज्य मार्ग), रामनगर-भण्डारपानी-बोहराकोट (राज्य मार्ग), गर्जिया-घुघूतीधार-बेतालघाट-ओड़ाखान (राज्य मार्ग), काठगोदाम-हैड़ाखान-सिमलियाबैंड (राज्य मार्ग), धानाचूली-ओखलकांडा-खनस्यू (राज्य मार्ग), भुजान-बेतालघाट-गर्जिया (प्राथमिक जिला मार्ग), लक्ष्मीखान-नथुवाखान (प्रमुख जिला मार्ग), सहित 19 ग्रामीण मार्ग बाधित हुए हैं।








### गांवों का शहर से संपर्क टूटा, नदी नाले उफान पर

**हल्द्वानी।** रविवार रात से लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने हल्द्वानी से सटे ग्रामीण इलाकों में भी जनजीवन ठप कर दिया है। लामाचौड़ क्षेत्र के दर्जनों गांव जलभराव की चपेट में हैं। किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। भाखड़ा नदी के उफान पर आने से कई गांवों का शहरी क्षेत्रों से संपर्क कट गया है। चोरगलिया मार्ग पर बना पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। यहां आवागमन भी बाधित हो गया। लामाचौड़ के कुरिया गांव, जयपुर पाडली, देवपुर कुरिया, जीतपुर, बच्चीनगर, पदमपुर, लामाचौड़ खास सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के खेतों में भारी जलभराव हुआ है। इन गांवों में किसानों द्वारा लगाई गई कद्दू, लौकी, तोरई, भिंडी जैसी मौसमी सब्जियों की फसलें पानी में डूब गई हैं और पौधे सड़-गलकर पूरी तरह खराब हो गए हैं। ग्राम प्रधान हेमू पडलिया जयपुर पाडली, लखन सिंह चिलवाल कुरियागांव, पप्पू निगाल्टिया खुशहालपुर, और गोविंद भट्ट लामाचौड़ खास ने बताया कि सब्जियों की बेलें, फूल और पौधे पूरी तरह गल चुके हैं। खेतों में पानी भरा होने से अगली बुवाई भी संभव नहीं दिख रही है। इधर, भारी बारिश के चलते भाखड़ा नदी भी उफान पर है। चौसला, मीठा आंवला, बसानी, नाईसेला, बेल और मोनावाना गांवों का शहर से संपर्क पूरी तरह कट गया है। गुजरौड़ा गांव में नदी के किनारे तेज भू-कटाव शुरू हो गया है, जिससे ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है।

# काली पट्टी बांध किया प्रदर्शन

## वेतन भुगतान की मांग को लेकर रोडवेज़ कर्मचारी मुखर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के हल्द्वानी डिपो में कार्यरत कर्मचारियों को जुलाई और अगस्त माह का वेतन न मिलने से नाराज रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर मंगलवार दूसरे दिन भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। कर्मचारियों ने अपनी बाहों में काली पट्टी बांधकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द भुगतान नहीं होने पर 8 सितम्बर से अनिश्चितकालीन धरने की चेता. वनी दी। कर्मचारियों ने कहा कि पिछले दो महीनों से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की फीस, घर का खर्च, ऋण आदि की किश्तें समय पर नहीं दे पाने से कर्मचारी मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने कहा अगर शीघ्र ही



भुगतान नहीं हुआ तो कर्मचारी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में राजेन्द्र सिंह नेगी, सुरेन्द्र सिंह रावत, आन सिंह जीना, उमेश जोशी, आनंदी शुक्ला, सबाब अली, रमेश कपिल, चन्दन डंगवाल, सुधीर भटनागर, भुवन सिंह जीना, भाष्कर चन्द्र मिश्रा, केएन तिवारी, अबरार अहमद आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र पर सीधा हमला कर रही भाजपाः नीरज तिवारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देहरादून में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस कार्यालय में घुसने और नारेबाज़ी करने के प्रयास को लेकर कांग्रेस ने कड़ा विरोध जताया है। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला करार देते हुए कहा कि भाजपा की यह हरकत उसकी राजनीतिक हताशा और दिशाहीनता को दर्शाती है। नीरज तिवारी ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास कार्यों और जन सरोकारों में पूरी तरह विफल हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा अब गुंडागर्दी और साजिशों का सहारा ले रही है। उन्होंने बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा ने वहाँ भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की वोटर अधिकार यात्रा से घबरा कर अपने ही अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े कार्यकर्ताओं से मोदी विरोधी नारे लगवाए, ताकि भ्रम फैलाया जा सके। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा ने देश में लोकतांत्रिक मर्यादाओं और मूल्यों को तार-तार कर दिया है। जनता से किए वादों को निभाने और सुशासन देने में विफल भाजपा अब जनता के भरोसे को तोड़ने पर आमादा है। कांग्रेस पार्टी ने देहरादून की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि वह ऐसे किसी भी लो. कतंत्र विरोधी प्रयास का सड़कों से लेकर सदन तक विरोध करती रहेगी।

# तमंचा, कारतूस के साथ एक धरा

**हल्द्वानी।** वारदात को अंजाम देने की फिराक में मुखानी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

जानकारी के अनुसार मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में एसआई अविनाश मौर्य मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस उसे रूकने को कहा लेकिन युवक टीम को देख भागने



लगा। टीम ने घेराबंदी करते हुए युवक को दबोच लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी युवक ने अपना नाम अर्जुन गोस्वामी पुत्र हरीश गिरी गोस्वामी निवासी कुरियां गांव लामाचौड़ मुखानी बताया। बताया जा रहा कि पकड़ा गया युवक नशे का आदी है और नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी व लूट जैसी वारदात को अंजाम देता है। बीती रात्रि भी वह किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में था। लेकिन उससे पहले पुलिस ने उसे दबोच लिया।

### चरस के साथ एक धरा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने बीती रात्रि एक चरस तस्कर को 609 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एसआई भूपेंद्र सिंह मेहता बीती रात्रि मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी रामपुर रोड सुशीला तिवारी अस्पताल के पीछे एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया जिससे रो. ककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 609 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में चरस तस्कर ने अपना नाम दीपक सिंह पडियार पुत्र जगत सिंह पडियार निवासी नर्तोला तोक पतलीयाना, धारी नैनीताल बताया। तस्कर ने बताया वह अपने गांव से चरस लेकर हल्द्वानी बेचने आया था। पुलिस ने कार्यवाही कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

### सड़क के गड्ढों में जलभराव

**हल्द्वानी।** शहर में एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के सहयोग से शहरी विकास विभाग द्वारा गत एक वर्ष से पानी की पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन यह परियोजना बिना समुचित योजना और निगरानी के चल रही है, जिससे शहर की सड़कों की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। विभागीय लापरवाही और कार्यदायी संस्था की गैर-जिम्मेदारी के चलते आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रिवर वैली कॉलोनी के अध्यक्ष पूर्व कैप्टन सोबन सिंह भड़ ने बताया कि रिवर वैली कॉलोनी, कमलुवागांजा गौड़ जैसे क्षेत्रों में सबसे पहले सड़कों की खुदाई की गई थी, परंतु आज तक वहां कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। बरसात के चलते सड़कों पर गहरे गड्डे बन चुके हैं, जिनमें पानी भरने के कारण न पैदल चलना संभव हो गया है। जिससे कई लोग चोटिल भी हो चुके। उन्होंने कहा कॉलोनीवासियों ने कई बार इस समस्या को शासन-प्रशासन के समक्ष रखा, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**Mahindra & Mahindra Ltd.** SYNISE e-Sale & Sourcing
**E-Auction**
Disposal of Arising Scrap and Hazardous Material (Licence/EPR Mandatory) through E-Auction (All Plants)
Auction Dates : Farm Division 08.09.2025 to 11.09.2025
Auto Division 12.09.2025 to 17.09.2025
Registration will close 1 day prior to auction.
For Contract Period & other details | Please visit - synise.com
Contact : Sanjiv 8308810318, sanjivl@synise.com; Deepali 7499157671

**उत्तराखण्ड पावर कॉरपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड,
विकासनगर-248198 दूरभाष : 01360-253344
पत्रांक : 4952/विविखवि/ दिनांक : 02/09/2025
**निविदा शुद्धि-पत्र**
एतद्द्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सं० 22/EDDV/2025-26 में धरोहर राशि रू0 6,000.00 के स्थान पर रू0 30,000.00 एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 250.00+जी0एस0टी0 के स्थान पर रू0 500.00+जी0एस0टी0 पढ़ा जाए।
अन्य नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।
अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्रहित में बिजली बचाएं / Save Electricity in the Interest of Nation (Toll Free No. 1800-419-0405)

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड,
विकासनगर-248198 दूरभाष : 9412075946
पत्रांक-4951/विविखवि/ दिनांक-02.09.2025
**निविदा सूचना**
अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आयकर, वस्तु एवं सेवाकर, ई०पी०एफ० एवं ई०एस०आई०सी० में पंजीकृत विद्युत कार्यों हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त "ए" क्लास लाइसेंसधारक अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर राशि, जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, विकासनगर के नाम बनाई जायेगी, 180 दिनों के लिए वैद्य हो एवं नियम व शर्तें, प्रपत्र इत्यादि तथा द्वितीय भाग में दरें हो) दिनांक 18-09-2025 को 15:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15:30 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र एवं सम्बन्धित विवरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 17-09-2025 को सांय 17:00 बजे तक नकद धनराशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा विक्रय करने की तिथि / खुलने की तिथि को किसी कारण अवकाश होने पर उक्त कार्य अगले कार्य दिवस पर होगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। विस्तृत नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में वर्णित है।
**निविदा संख्या 23/EDDV/2025-26 :-** विद्युत वितरण खण्ड विकासनगर के अधीन कार्यालय प्रयोग हेतु विभिन्न प्रपत्रों की छपाई एवं आपूर्ति का कार्य इत्यादि। धरोहर राशि रू0 10,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 250.00+ जी०एस०टी० अतिरिक्त।
अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्रहित में बिजली बचाएं / Save Electricity in the Interest of Nation (Toll Free No. 1800-419-0405)

**विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 07023 | चर्लपल्ली | हज़रत निज़ामुद्दीन | रविवार | 29.06.2025 | 07.09.2025 से 30.11.2025 |
| 07024 | हज़रत निज़ामुद्दीन | चर्लपल्ली | मंगलवार | 01.07.2025 | 09.09.2025 से 02.12.2025 |
| 07077 | चर्लपल्ली | देहरादून | मंगलवार | 24.06.2025 | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | चर्लपल्ली | वीरवार | 26.06.2025 | 04.09.2025 से 27.11.2025 |

नोट :- शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।
पर हमें फॉलो करें
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

केनरा बैंक भारत सरकार का उपक्रम | Canara Bank A Government of India Undertaking
आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा
ए-27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली-110016
ईमेलः cb3038@canarabank.com
**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है जैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://baanknet.com/ (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड), (सम्पर्क नं. 8291220220, ईमेल: Support.BAANKNET@psballiance.com या केनरा बैंक की वेबसाइट www.canarabank.com में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की 10% ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड https://baanknet.com/ पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा मैसर्स एसआरएल ग्राफिक्स (पार्टनरशिप फर्म) सी/ओ शिव कुमार कनकंडी नाथ नगर, भुकती देवरिया, किच्छा रोड रुद्रपुर, यूएस नगर 263153 उत्तराखंड मोबाइल- 8439440000 शिव कुमार सिंह (पार्टनर) पुत्र स्वर्गीय रोशन लाल मकान नंबर 262 आवास विकास कॉलोनी, शिव मंदिर रोड, यूएस नगर-263153 मोबाइल- 9917041444 पवन कुमार सिंह (पार्टनर) पुत्र स्वर्गीय रोशन लाल मकान नंबर 262 वार्ड, रामपुररुद्रपुर, उधम सिंह नगर - 263153, मोबाइल- 8439440000 श्रीमती कंचन सिंह पत्नी श्री शिव कुमार निवासी मकान नंबर 262, वार्ड नंबर 19 एलआईजी आवास विकास, तहसील रुद्रपुर, यूएस नगर-263153 | भूमि का ईएमटी खसरा संख्या 489/4 मिन क्षेत्रफल 502.60 वर्ग मीटर ग्राम विजयनगर, रुद्रपुर, यू.एस. नगर में स्थित, श्रीमती कंचन सिंह पत्नी श्री शिव कुमार सिंह साझेदारों में से एक (तृतीय पक्ष की संपत्ति) चौहद्दी- पूर्व- अन्य की संपत्ति, पश्चिम- 7.69 मीटर चौड़ा रास्ता, उत्तर- विक्रेता की संपत्ति और दक्षिण- विक्रेता की संपत्ति। (संपत्ति बैंक के सांकेतिक कब्जे में है) | 19.07.2023 तक रु. 80,85,554.73 (रु. अस्सी लाख चौरासी हजार पांच सौ चौवन और पैसा तिहत्तर मात्र)+ 20.07.2023 से ऋण सुविधाओं और अन्य कानूनी शुल्कों, मूल्यांकन शुल्कों और विविध शुल्कों पर ब्याज और यदि कोई हो तो वसूली घटाकर | a. रू. 33.00 लाख b. रू. 3.30 लाख c. रू. 0.50 लाख d. 01.09.2025 | 25.09.2025 अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 24.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति कार्यदिवस पर 11.00 से 4.00 बजे के बीच श्री वैभव अग्रवाल मो. 9811237992 और श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |
| 2. | आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा श्री निखिल भाटिया पुत्र भरत लाल भाटिया निवासी काशीरामपुर मल्ला, कोटद्वार, जिला-पौड़ी, गढ़वाल, उत्तराखंड-246149 श्रीमती ज्योति पोखरियाल भाटिया पत्नी स्वर्गीय श्री देवेश भाटिया (स्वर्गीय श्री देवेश भाटिया के कानूनी उत्तराधिकारी) निवासी काशीरामपुर, पट्टी सुखरो, तह. कोटद्वार, उत्तराखंड-246149 गारंटर श्री भरत लाल भाटिया पुत्र स्व. देवी दयाल निवासी हनुमान मंदिर के पास, स्टेशन रोड, कोटद्वार, उत्तराखंड-246149 | खाता संख्या 58, खेत संख्या 131, ग्राम काशीरामपुर पट्टी सुखरो, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड में आवासीय संपत्ति का ईएमटी। कुल भूमि क्षेत्रफल 153.34 वर्ग मीटर, श्री निखिल भाटिया और स्वर्गीय श्री देवेश भाटिया, दोनों पुत्र श्री भरत लाल भाटिया के नाम पर। चौहद्दी- पूर्व- 12.00 फीट चौड़ी सड़क पश्चिम- रमेश चंद्र कुकरेती की संपत्ति उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की भूमि (संपत्ति बैंक के सांकेतिक कब्जे में है) | रु.60,75,770.62 (रु. साठ लाख पिचहत्तर हजार सात सौ सत्तर और बासठ पैसे मात्र) 21.12.2023 तक प्लस 01.12.2023 से उस पर लागू अतिरिक्त ब्याज | a. 63,00,000/- b. 6,30,000/- c. 50,000/- d. 29.08.2025 | 25.09.2025 अपराह्न 12.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 24.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति कार्यदिवस पर 11.00 से 4.00 बजे के बीच श्री सिद्धार्थ शुक्ला (अधिकारी) मो. 9928875879 और श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी) मो: 8826933887 |

दिनांक: 02.09.2025, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

● विश्व प्रत्यारोपण खेल

# भारतीय एथलीटों ने जीते 63 पदक

**सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उपलब्धियों की सराहना की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑर्गन इंडिया, गैर सरकारी संगठन पाराशर फाउंडेशन और भारतीय दल के टीम प्रबंधकों की एक पहल, ने जर्मनी के ड्रेसडेन में विश्व प्रत्यारोपण खेल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों को गर्व से आज सम्मानित किया।

भारत की भागीदारी के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में, ऑर्गन इंडिया टीम ने खेलों में देश के अब तक के सबसे बड़े दल की तैयारी, प्रशिक्षण, प्रायोजन की व्यवस्था और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने भाग लिया, जिन्होंने एथलीटों की उल्लेखनीय उपलब्धियों और उनके जज्बे की सराहना की। इस वर्ष, 57 एथलीटों (49 अंग प्राप्तकर्ता और 8 जीवित दाता) ने 17 खेलों में 51 देशों के 1,600 प्रतिभागियों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व किया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त, ये खेल एथलेटिक उत्कृष्टता का उत्सव और प्रत्यारोपण प्राप्तकर्ताओं और दाताओं की ताकत का एक वैश्विक प्रमाण हैं। भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 63 पदक (16 स्वर्ण, 22 रजत, 23 कांस्य) हासिल किए, जो पर्थ 2023 में जीते गए 35 पदकों से लगभग दोग.ुना है और कुल मिलाकर 13वां स्थान प्राप्त किया। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिन्हित करते हुए, तीरंदाजी, फुटबॉल, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल में पहली टीमों ने विशिष्टता के साथ प्रतिस्पर्धा की, जिसमें तीरंदाजी ने दो पदक जीते। एथलीट राजस्थान, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, गोवा, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उत्तराखंड और दिल्ली से आए थे। वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करके, भारत के एथलीटों ने अपने गृहनगरों और पूरे देश में चर्चाओं को जन्म दिया है, परिवारों को अंगदान करने और एक ऐसी बुनियादी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया है जहां अंगदान को जीवन बचाने वाले उदारतापूर्ण कार्य के रूप में देखा जाता है। यह उपलब्धि दिनेश व्यास पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के लगातार दूसरी बार दिए गए अटूट समर्थन और सुब्रोस के बहुमूल्य सहयोग से संभव हुई, जिनके योगदान से यह आयोजन नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। गीके लवलडग, टू द न्यू, ऑर्गन ट्रांसप्लांट ट्रस्ट, मैकलॉड फार्मा, डॉ. ओ.पी. भल्ला फाउंडेशन और प्यूमा जैसे समर्थकों के आभारी हैं जिन्होंने एथलीटों के लिए सभी किट प्रायोजित करने में योगदान दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि, स्पेशल ओलंपिक भारत के अध्यक्ष डॉ. मलिक नड्डा, विशिष्ट अतिथि एनओटीटीओ के निदेशक डॉ. अनिल कुमार और दिनेश व्यास ट्रस्ट की अध्यक्षा सुश्री कुंती झावेरी, मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (प्रशिक्षण भागीदार) के एमडी और सीईओ राजीव कपूर सहित अन्य प्रायोजकों और समर्थकों ने भाग लिया और एथलीटों और उनकी उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मनाया। मुख्य आकर्षण में, अपनी पत्नी को किडनी देने वाले जसकरन सिंह ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीते, और खेलों के उत्कृष्ट दाता एथलीट का खिताब अर्जित किया। राजस्थान के रामदेव सिंह, जिन्होंने 2012 में अपनी मां से किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था।

# महिला एशिया कप में विश्व कप टिकट दांव पर

● **एशिया कप प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट 5 से 14 सितम्बर तक चलेगा, इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग लेंगी**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** गोंगशु, चीन महिला एशिया कप 2025 की मेजबानी करेगा। एशिया का प्रमुख हॉकी महिला टूर्नामेंट, जो 5 से 14 सितंबर तक चलेगा, जिसमें चैंपियन टीम एफआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड 2026 के लिए अपनी टिकट बुक करेगी।

टूर्नामेंट प्रारूप- इस टूर्नामेंट में 8 टीमें होंगी, जिन्हें पूल ए और बी में विभाजित किया गया है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर 4 पूल चरण में आगे बढ़ेंगी, जहां टीमें एक द्वितीयक पूल में प्रतिस्पर्धा करेंगी और एक से चार तक रैंक प्राप्त करेंगी। सेमीफाइनल लाइन-अप द्वितीयक पूल के परिणामों के आधार पर तय किया जाएगा, जबकि पहले पूल चरण में प्रत्येक पूल से नीचे की दो टीमें वर्गीकरण और विश्व रैंकिंग अंकों के लिए खेलेंगी।

**पूल ए:** चीन, चीनी ताइपे, कोरिया, मलेशिया

पूल बी: भारत, जापान, थाईलैंड, सिंगापुर

**मैच कार्यक्रम**- टूर्नामेंट की शुरुआत 5 सितंबर को पूल बी के मुक.ाबलों से होगी, जहां जापान का पहला मैच सिंगापुर से होगा और उसके बाद भारत का मुकाबला थाईलैंड से होगा। इसके बाद पूल ए के मैच होंगे, जहां सभी 8 टीमें पहले दिन मैदान में उतरेंगी। कोरिया बनाम चीनी ताइपे के मैच से पूल ए की शुरुआत होगी और फिर दिन का अंतिम मैच मेजबान चीन और मलेशिया के बीच होगा। महिलाओं की प्रतियोगिता का प्रारंभिक पूल चरण 5 से 8 सितंबर तक खेला जाएगा, उसके बाद द्वितीयक पूल चरण, पोज़िशनल प्लेऑफ और पदक मैच 10 से 14 सितंबर तक खेले जाएंगे।

**विश्व कप योग्यता**-महिला प्रतियोगिता की विजेता टीम को 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड्स के बीच होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप में एक प्रतिष्ठित स्थान मिलेगा।

एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 की महिला प्रतियोगिता के लिए अब छह टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड्स, इस आयोजन के मेजबान होने के कारण, सीधे क्वालीफाई कर गए हैं। जर्मनी और अर्जेंटीना ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के पिछले दो संस्करणों के माध्यम से क्वालीफाई किया था। अमेरिका ने पैन अमेरिकन कप के माध्यम से और स्पेन ने यूरोहॉकी चैंपियनशिप के माध्यम से क्वालीफाई किया। एशिया के साथ-साथ, अफ्रीका और ओसनिया में होने वाली महाद्वीपीय चैंपियनशिप इस आयोजन के लिए तीन सीधे क्वालीफायर तय करेंगी, जबकि शेष सात टीमें 2026 में एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के माध्यम से क्वालीफाई करेंगी। पैन अमेरिकन कप और यूरो हॉकी चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित महिला टीमों ने एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालीफायर 2026 के लिए क्वालीफाई किया है: उरुग्वे, चिली, कनाडा, आयरलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, इटली, वेल्स, स्कॉटलैंड, ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड, इसके अलावा आगामी एशिया कप से चार और ओसनिया कप से एक टीम क्वालीफाई करेगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### कमिंस को लगी चोट न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ मैचों से बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** पैट कमिंस को नवंबर में शुरू होने वाली घरेलू एशेज श्रृंखला की तैयारी के दौरान आराम मिलेगा, क्योंकि स्कैन में उनकी पीठ में 'काठ की हड्डी में खिंचाव' का पता चला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि इस ऑलराउंडर को 'और अधिक प्रबंधन की आवश्यकता होगी', और उन्हें न्यूजीलैंड (अक्टूबर में) और भारत (अक्टूबर-नवंबर में) के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। यह समस्या ऑस्ट्रेलिया के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज दौरे के बाद नियमित जांच के दौरान सामने आई थी।

### न्यूजीलैंड ने क्रेग मैकमिलन को कोच नियुक्त किया

**वेलिंगटन, वार्ता।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने की कोशिश में न्यूजीलैंड ने अपने कोचिंग कौशल को मजबूत किया है और क्रेग मैकमिलन को पूर्णकालिक आधार पर कोच नियुक्त किया है। मैकमिलन पिछले साल अंशकालिक अनुबंध पर टीम में शामिल हुए थे और उन्होंने व्हाइट फर्न्स को यूएई में महिला टी-20 विश्व कप में सफलता दिलाने में मदद की थी। ब्लैक कैप्स के पूर्व ऑलराउंडर मुख्य कोच बेन सॉयर के नेतृत्व में महिला टीम को बैटिंग व क्षेत्ररक्षण, दोनों विभागों में सहयोग देंगे। इस घोषणा पर मैकमिलन ने कहा कि व्हाइट फर्न्स के साथ इस भूमिका को पाकर मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का खेल लगातार बेहतर होता जा रहा है और मैं अपनी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ काम करना जारी रखने और उन्हें अपने लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद करने के लिए उत्साहित हूं।

# युकी-वीनस अहम मुकाबले को तैयार



● **पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में नोवाक का सामना टेलर से सुबह छह बजे होगा**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** यूएस ओपन एक महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां आगे कई बड़े मुक.ाबले होने वाले हैं। जिरी लेहेका का सामना पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में कार्लोस अल्काराज से होगा, आज रात 10:30 बजे भारतीय समयानुसार। आर्यना सबालेंका का सामना महिला एकल क्वार्टर फाइनल में मार्केटा वोंद्रोसोवा से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 4:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा, इसके बाद पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच का सामना टेलर फ्रिट्ज से सुबह 6:00 बजे होगा। पुरुष युगल में, माइकल वीनस और युकी भांबरी का सामना राउंड ऑफ 16 में टिम पुट्ज और केविन क्राविएट्ज से बुधवार, 3 सितंबर को सुबह 2:30 बजे भारतीय समयानुसार होगा।

यूएस ओपन 2025 के 9वें दिन कई उल्लेखनीय परिणामों के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर बुब्लिक पर सीधे सेटों में शानदार जीत हासिल की और कोर्ट पर असाधारण दबदबा दिखाया। अमांडा अनिसिमोवा ने एक बघी जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। नाओमी ओसाका ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करते हुए कोको गॉफ को हराकर 2021 के बाद से अपने पहले बड़े क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। युगल में, वीनस विलियम्स और लेयला फर्नांडीज ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। ऑगर-अलियासिमे भी आंद्रेई रुब्लेव पर सीधे सेटों में जीत के साथ आगे बढ़े। ऐश व लुई स्टेडियम में दिन भर के रोमांचक मुकाबलों ने टूर्नामेंट के रोमांचक दौर की नींव रखी।

# यूएई पर अफगानिस्तान की जीत

● **राशिद खान ने टी-20 विकेटों का विश्व रिकॉर्ड बनाया**

**शारजाह, वार्ता।** राशिद खान ने आधुनिक क्रिकेट के महान खिलाड़ी के रूप में अपनी साख और मजबूत कर ली है। वे संयुक्त अरब अमीरात पर अफगानिस्तान की जीत के साथ पुरुषों की टी-20 विकेटों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

लेग स्पिनर ने एक बार फिर अपने देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया और सोमवार रात 38 रनों की जीत में चार ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट लेकर अमीराती मध्यक्रम को ध्वस्त करने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह उन्होंने न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी को पीछे छोड़ते हुए इस प्रारूप में 165 विकेट अपने नाम कर लिए। शरफुद्दीन अशरफ ने खतरनाक बल्लेबाज मुहम्मद वसीम (37 गेंदों में 67 रन) को आउट किया था, और इसके बाद राशिद ने चार गेंद बाद ही साथी बल्लेबाज आसिफ खान (1) को आउट कर मैच मेजबान टीम से छीन लिया।

एथन डिसूजा (12) को आउट करने के बाद, आसिफ के विकेट ने राशिद को साउदी की बराबरी पर ला दिया। लेग स्पिनर ने अपने स्पैल की आखिरी गेंद पर ध्रुव पाराशर (1) की गेंद पर बाहरी किनारा लेते हुए रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। ध्रुव पाराशर को सब-फील्डर मोहम्मद इशाक ने कैच कर लिया। अफगानिस्तान की यह त्रिकोणीय श्रृंखला में पहली जीत है, क्योंकि पहले मैच में उसे पाकिस्तान से 39 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले, इब्राहिम जादरान और सेदिकुल्लाह अटल के बीच 84 रनों की साझेदारी ने अफगानिस्तान की पारी को संभाला, जिसके बाद करीम जनत और 2024 आईसीसी पुरुष वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर अजमतुल्लाह उमरजई की धमाकेदार बल्लेबाजी ने टीम को 188 रनों तक पहुंचाया, जिसमें बैकएंड पर तीन ओवरों में बनाए गए 49 रन शामिल थे। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, राशिद और अफगानों के सामने यूएई को राहुल चोपड़ा के लिए कोई जोड़ीदार नहीं मिल पाया, जिन्होंने हार के दौरान 35 गेंदों में नाबाद 52 रनों की शानदार पारी खेली थी।



# सिनर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे



● **सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ बढ़ाया कदम**

**न्यूयार्क, वार्ता।** प्रमुख सीजन में जैनिक सिनर ने कमजोरी के संकेत कम ही दिखाए हैं। यूएस ओपन के तीसरे दौर के मैच के दौरान, एक पल के लिए, इतालवी खिलाड़ी फ्री-स्विंगिंग डेनिस शापोवाला.ेव के सामने जोखिम में दिखे, जिन्होंने पहला सेट जीतकर तीसरे सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी। उस मुकाबले में संघर्ष करने के बाद, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने सोमवार को शानदार वापसी की और शानदार प्रदर्शन करते हुए 23वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शानदार सिनर ने कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 6-1, 6-1, 6-1 से हराकर अपने खिताब की रक्षा की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाया। सिनर ने कहा कि कुल मिलाकर मैं बहुत-बहुत खुश हूं।ष इस साल पहली बार मैं यहां नाइट मैच खेल पा रहा हूं और इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ता है। मैं सभी का आने और उत्साहवर्धन करने के लिए शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। यह हम खिलाड़ियों के लिए एक बहुत ही खास मौका है, इसलिए आप सबका बहुत-बहुत शुक्रिया। यह सिनर की मेजर टूर्नामेंट में सबसे बड़ी जीत है। इस साल की शुरुआत में उन्होंने रौलां गैरोमें तीसरे दौर में जिरी लेहेका को 6-0, 6-1, 6-2 से हराया था। बुब्लिक आर्थर ऐश स्टेडियम के अंदर कोर्ट पर उतरे थे, जब उन्होंने तीन राउंड तक एक भी सर्विस गेम नहीं गंवाया था। लेकिन सिनर ने मैच के अपने पहले दो रिटर्न गेम तुरंत जीत लिए और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंदी की सर्विस आठ बार तोड़ी और सिर्फ एक ब्रेक पॉइंट का सामना करते हुए एक घंटे 21 मिनट में मैच जीत लिया। यह टूर्नामेंट का दूसरा सबसे कम समय में पूरा हुआ पुरुष एकल मैच था। सिनर ने कहा कि हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। हमारे बीच कुछ कड़े मुकाबले हुए हैं, खासकर इस साल, इसलिए अब हम एक-दूसरे को थोड़ा बेहतर जानते हैं कि हम कैसे खेलते हैं। उन्होंने बस बधाई दी और मुझे शुभकामनाएं दीं। पिछला मैच उनके लिए बहुत मुश्किल था, पांच सेट खेले और बहुत देर से खत्म हुआ।

# वनडे विश्व कप और टेस्ट पर फोकस रखने के लिए स्टार्क का टी-20 से संन्यास

● **2027 के वनडे विश्व कप को प्राथमिकता देने के लिए लिया टी-20 से संन्यास**

**मेलबर्न, वार्ता।** मिचेल स्टार्क ने अगले साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के व्यस्त टेस्ट कार्यक्रम और 2027 के वनडे विश्व कप को प्राथमिकता देने के लिए टी20 अंतर्राष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा की है। 35 वर्षीय स्टार्क ने 65 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और यूएई में 2021 टी20 विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। उन्होंने आखिरी बार कैरेबियन में 2024 विश्व कप में इस प्रारूप में खेला था।

उनके 79 टी20 अंतर्राष्ट्रीय विकेट वर्तमान में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे स्थान पर रखते हैं, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 20 रन देकर 4 विकेट लेना है जो उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा से मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए खेले गए हर टी20 मैच के हर मिनट का आनंद लिया है, खासकर 2021 विश्व कप में, सिर्फ इसलिए नहीं कि हम जीते, बल्कि इसलिए भी कि हम एक अविश्वसनीय ग्रुप में थे और उस दौरान जो मजा आया वह शानदार था। 2026 के मध्य से ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट क्रिकेट में एक व्यस्त दौर का सामना करना पड़ेगा जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, द. अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट मैच, एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र 150वां वर्षगांठ मैच और फिर 2027 के मध्य में विदेशी धरती पर एशेज सीरीज शामिल है।

### गॉफ को पस्त कर ओसाका क्वार्टर फाइनल में

**न्यूयार्क, वार्ता।** नाओमी ओसाका ने सोमवार को कोको गॉफ को 6-3, 6-2 से हराकर यूएस ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने अमेरिकी खिलाड़ी का सफर खराब हो गया। सेंटर कोर्ट पर गॉफ को एरर व सर्विस में दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जबकि चार बार की चैंपियन ओसाका ने अपनी नियंत्रित आक्रामकता और लगातार शॉट लगाने से प्रभावित किया। ओसाका ने कहा कि मैं बस यहां आकर खेलने का मौका चाहती थी। यह दुनिया का मेरा पसंदीदा कोर्ट है, और यहां वापस आना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। जापानी खिलाड़ी का सामना अब चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त मुचोवा से होगा। महिलाओं के अन्य मुकाबलों में, दूसरी वरीयता प्राप्त इगा ने एलेक्ज़ेंड्रोवा को 6-3, 6-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

# बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल ने रुख बदला, आगामी बीसीबी चुनाव लड़ने को तैयार



**ढाका, वार्ता।** आगामी चुनाव कराने के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष का पद संभालने वाले अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने अपना रुख बदल दिया है और उन्होंने अक्टूबर के पहले सप्ताह में होने वाले अगले चुनाव में भाग लेकर बोर्ड का हिस्सा बनने का फैसला किया है।

तमीम इकबाल द्वारा आगामी चुनाव में भाग लेने का फैसला करने के कुछ दिनों बाद बुलबुल ने आगामी बोर्ड चुनावों में भाग लेने के अपने इरादे की पुष्टि की। वर्तमान में बीसीबी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत बुल.बुल ने मंगलवार को घोषणा की कि वह आगामी चुनावों में निद.ेशक पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को सिलहट जिला स्टेडियम का निरीक्षण करने के बाद बुलबुल ने पत्रकारों से कहा कि मैं देश में क्रिकेट की जरूरतों के हिसाब से और ज्यादा काम करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि इंशाअल्लाह, हम अक्टूबर के पहले हफ्ते में चुनाव कराएंगे। हम निष्पक्ष चुनाव कराएंगे। उन्होंने कहा कि यहां अध्यक्ष का चुनाव सीधे तौर पर नहीं होता - बल्कि निदेशकों का चुनाव होता है। यही हमारा पहला उद्देश्य है और मैं इसका हिस्सा बनने की कोशिश करूंगा।

# अपने आपको बड़े मैच का खिलाड़ी मानता हूं: नीतीश राणा



● **राणा ने तीन प्लेऑफ मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक के साथ तीन नाबाद मैच जिताऊ पारियां खेली हैं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** नीतीश राणा के लिए साल 2024 कुछ खास नहीं रहा था। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिताबी जीत अभियान में पहले चोट और फिर टीम कॉम्बिनेशन के कारण उन्हें सिर्फ दो मैचों में खेलने का मौका मिला। इसके बाद जब घरेलू सीजन आया तो रणजी ट्रॉफी के शुरूआती चार मैचों की छह पारियों में सिर्फ एक अर्द्धशतक आने के कारण उन्हें उत्तर प्रदेश की रणजी टीम से बाहर कर दिया गया। इसके बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नौ मैच जरूर खेले, लेकिन उसमें भी उनका औसत सिर्फ 13.88 और स्ट्राइक रेट 114.43 का रहा। विजय हजारे ट्रॉफी में भी एक मैच के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया और जब रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण शुरू हुआ, तब भी वह टीम में नहीं थे।

आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए उनके नाम दो अर्द्धशतक जरूर थे, लेकिन 11 में से आधा दर्जन पारियों में वह दहाई के अंक को भी नहीं छू पाए थे। इसके बाद राणा ने पारिवारिक कारणों का हवाला देते हुए अपने घर लौटने का फ़ैसला किया और कहा कि 2025-26 का घरेलू सीजन वह दिल्ली की तरफ से खेलेंगे। अब राणा ने इस घर वापसी का जश्न दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-2 की खिताबी जीत से मनाया है, जहां वह वेस्ट दिल्ली राइडर्स टीम के कप्तान थे। उन्होंने तीन प्ले ऑफ मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक के साथ तीन नाबाद मैच-जिताऊं पारियां (135', 45', 79') खेलीं और बताया कि वह बड़े मैच के खिलाड़ी हैं। इस खताबी जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राणा ने कहा कि बड़े मैच में बड़े खिलाड़ियों का चलना बहुत जरूरी होता है।

### दृष्टिबाधित महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में इंडिया येलो और इंडिया ऑरेंज का जलवा

**बेंगलुरु, वार्ता।** एनटीटी डेटा महिला टी-20 दृष्टिबाधित क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के दूसरे दिन बारिश के कारण हुई देरी के बावजूद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

भारतीय दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) द्वारा दिव्यांगों के लिए समर्थनम ट्रस्ट के साथ मिलकर आयोजित और एनटीटी डेटा द्वारा समर्थित, इस टूर्नामेंट में नवंबर 2025 में नई दिल्ली, काठमांडू और बेंगलुरु में होने वाले पहले महिला टी-20 दृष्टिबाधित विश्व कप के लिए भारत की शीर्ष 16 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। दूसरे दिन के मुख्य अंश: शिवानी के 35 गेंदों पर बनाए गए शानदार 56 रनों की बदौलत इंडिया येलो ने 141/5 का स्कोर बनाया। इंडिया ब्लू ने सलोनी (38) और अन्नू शर्मा (38) के दम पर वापसी की, लेकिन 11 रन से चूक गई।

# आसिफ अली ने लिया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास



● **पाक की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है: आसिफ अली**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान के मध्य क्रम बल्लेबाज आसिफ अली ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। 2021 टी 20 विश्व कप में अफग़ानिस्तान के खिलाफ रोचक मुकाबले में उनकी 7 गेंदों पर 25 रनों की पारी उनके अंतर्राष्ट्रीय करियर की सबसे यादगार पारी है। आसिफ ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अपने जीवन का एक गर्व करने योग्य अध्याय करार देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। आसिफ ने कहा कि आज मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करता हूं। अलहमदुलिल्लाह, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरे लिए सबसे गौरव की बात रही है। मेरे प्रशंसकों, साथियों और कोचों, हर उतार-चढ़ाव में आपके प्यार, विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरे परिवार और दोस्तों, जो खुशी के पलों में और मुश्किल हालातों में, जिसमें विश्व कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी का निधन भी शामिल है, मेरे साथ खड़े रहे।

# आपदा की घड़ी में जनसेवा की मिसाल बनें : पीएस धामी

## सीएम ने भारी बारिश के बीच ट्रैक्टर से लक्सर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में किया स्थलीय निरीक्षण, राहत कार्यों के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** राज्य में जारी भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा के चलते उत्पन्न संकट की स्थिति के बीच मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी आज सबसे पहले हरिद्वार जिले के लक्सर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचे। कठिन परिस्थितियों को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री ने ट्रैक्टर के माध्यम से ग्रामीण और जलमग्न क्षेत्रों तक पहुँचकर स्थलीय निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। मुख्यमंत्री धामी ने मौके पर उपस्थित जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन अधिकारियों को तत्काल राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों की सुरक्षा, आवास, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, 'राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में हर प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है। हम हर संभव सहायता उपलब्ध कराएँगे और बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। आपदा से प्रभावित प्रत्येक परिवार को सरकार की ओर से यथासंभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने लक्सर हरिद्वार के गावों में जाकर जलभराव, क्षतिग्रस्त सड़कें, टूटे हुए पुल एवं जल से घिरे घरों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उनकी



जरूरतों की जानकारी ली और आश्वस्त किया कि राहत कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत शिविरों की पर्याप्त व्यवस्था और उनमें समुचित भोजन, पानी, दवाइयाँ एवं साफ-सफाई की व्यवस्था हो। जिन परिवारों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। किसानों को हुई फसल क्षति का त्वरित आंकलन कर मुआवजा प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य शिविर लगाकर चिकित्सा सुविधाएं दी जाएं। मुख्यमंत्री धामी के इस दौरे से स्थानीय जनता में एक सकारात्मक संदेश गया है और लोगों ने संकट की इस घड़ी में सरकार द्वारा दिखाई जा रही तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। इस अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा,जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, विनय रोहिला, संजय गुप्ता,पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद,जिलाध्यक्ष भाजपा आशुतोष शर्मा, श्यामवीर सैनी, जयपाल चौहान, ओमप्रकाश जमदग्नि, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल,अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, एसपी देहात शेखर सुयाल, एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा, एचआरडीए सचिव मनीष कुमार, एसडीएम लक्सर सौरभ असवाल,जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत एवं अन्य जिला प्रशासन के अधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### मुए मुबारक की ऐतिहासिक जियारत से रोशन होगा रुड़की

## 3 से 6 सितम्बर तक 'जश्न-ए-खैरुल वरा' का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ईद-ए-मिलादुन्नबी की पुरनूर फिजाओं में इस साल भी अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसायटी (रुड़की चैप्टर) 'जश्न-ए-खैरुल वरा' का छठा सीजन मनाएगी। यह आयोजन 3 से 6 सितम्बर तक उमर एन्क्लेव, रामपुर रोड पर होगा, जिसमें इंसानी खिदमत, रूहानी इबादत और हुजूर की शान में तराने शामिल होंगे।

अध्यक्ष कुंवर शाहिद ने बताया कि 12 रबी-उल-अव्वल (5 सितम्बर) वह मुबारक दिन है जब हुजूर-ए-अकरम सारे आलम के लिए रहमत बनकर तशरीफ लाए। उनकी सीरत इंसाफ, रहम और सच्चाई का मुकम्मल पैगाम है। कार्यक्रम-सार-3 सितम्बर ख रक्तदान शिविर, 4 सितम्बर ख अस्पतालों में फल वितरण, 5 सितम्बर ख साबिर पाक की चादर के इस्तकघ्बाल, सड़क पर शाकाहारी लंगर और शाम को महफिल-ए-समां। इसमें पीलीभीत से सय्यद डॉ. बिलाल मियां की सदारत में लखनऊ के मशहूर कघ्व्वाल कमर वारसी नातिया कलाम पेश करेंगे। 6 सितम्बर ख नगर निगम हॉल में नात-ए-पाक कम्पटीशन (2 बजे से 5 बजे



तक)। कोषाध्यक्ष अमजद अली ठेकेदार ने बताया कि इस बार रुड़की के इतिहास में पहली बार हजरत मुहम्मद के दाढ़ी मुबारक (मुए मुबारक) और खघ्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अजमेर शरीफ की टोपी मुबारक की जियारत कराई जाएगी। इंतजामिया ने अपील की है कि लोग जियारत के दौरान अदब, खघमोशी और अनुशासन बनाए रखें। वालंटियर आसिफ अली उर्फ हैदर ने कहा कि खघ्रैुल वरा का मतलब है ष्मखघ्लूकघत में सबसे बेहतरीनष् यानी हुजूर, और यही जश्न मोहब्बत, भाईचारे व अमन का पैगाम है। समापन पर अमन-ओ-सलामती और मुल्क-ओ-मिल्लत की तरक्की के लिए दुआ की जाएगी। इस मौके पर साकघ्बि मलिक, शहजाद अहमद, इनाम सबिर, गुड्डू साबरी बाबा, जुल्फिकार अहमद, आदिल गौड़, नसीम मलिक, शाहिद नूर, रिजवान अली आदि मौजूद रहे।

## बीएसएम इंटर कॉलेज में भारत स्काउट गाइड के शिविर का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में भारत स्काउट गाइड के तृतीय सोपान शिविर के उद्घाटन पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षण संस्थान के प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और विशिष्ट अतिथि के तौर पर संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता ने प्रतिभागी सभी स्काउट और गाइड स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन का अपने संस्थान में स्वागत किया और स्काउट और गाइड को संबोधित करते हुए कहा की की स्काउट शिविर में सभी स्काउट और गाइड विपरीत परिस्थिति में किस प्रकार जीवन जीना है और किस प्रकार हर परिस्थिति के लिए अपने आप को तैयार करना है वह आप इस शिविर में सीखेंगे आप सब ने देखा है की किस प्रकार धराली आपदा में स्काउट और गाइड ने जरूरतमंदों को सहायता सामग्री पहुंचाई और उनकी हर संभव मदद की दोनों अतिथियों ने सभी स्काउट गाइड को अपनी शुभकामना दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अजाय कौशिक ने कहा की स्काउट गाइड के सिद्धांतों को अपना कर एक स्काउट और गाइड अपने समाज अपने विद्यालय और अपने माता-पिता और देश का नाम रोशन करते हैं और विकट परिस्थितियों में किस तरह जीवन को जीना है यह स्काउट और गाइड से बेहतर कोई संस्था नहीं सिखा सकती आप यहां 5 दिन के शिविर में नियम प्रतिज्ञा प्रार्थना गीत सिद्धांत ध्वज शिष्टाचार और अनुशासन को सीखेंगे और किस तरह अनुशासन आपको अपने जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा देता है। शिविर संचालिका श्रीमती शशि लता जैन जी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा। इस अवसर पर अंजलि सोनिया सिंह वंदना वर्मा बबीता त्यागी रश्मि गुप्ता लता रानी मीनाक्षी रावत मंजू देवी गीता मेहंदी रत्ता अमित शर्मा शाहिद बानो गीता मनपाल छवि रानी नीतू शर्मा रीता मैडम आदि उपस्थित रहे शिविर में प्रथम दिन 172 बच्चों ने प्रतिभाग किया मंच संचालन विशाल कुमार शर्मा ने किया।

## सीडीओ ने किया ग्रामोत्थान परियोजना के तहत स्थापित बीज बैंक का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**गुरुकुल नारसन।** जनपद के नारसन विकासखंड में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से स्थापित बीज बैंक का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) श्रीमती आकांक्षा कोण्डे द्वारा किया गया। यह बीज बैंक नारसन के मखदुमपुर में स्थित नारी शक्ति सीएलएफ में स्थापित है।

निरीक्षण के दौरान, सीडीओ श्रीमती आकांक्षा कोण्डे ने बीज बैंक के प्रमाणीकरण (सर्टिफिकेशन) पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने सीएलएफ की महिला सदस्यों के साथ बातचीत की और फसलों की उपज तथा बीजों की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रमाणीकरण से बीजों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी, जिससे किसानों को बेहतर उपज मिलेगी। सर्टिफिकेशन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए, सीडीओ ने जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना और खंड विकास अधिकारी सुभाष सैनी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर प्रमाणीकरण होने से यह बीज बैंक अपनी पूर्ण क्षमता से काम कर पाएगा और स्थानीय किसानों को लाभ पहुंचा सकेगा। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती आकांक्षा कोण्डे के साथ सहायक परियोजना निदेशक सुश्री नलिनीत घिल्डियाल, जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना, खंड विकास अधिकारी सुभाष सैनी, केवीके धनौरी के स्टाफ, सहायक कृषि अधिकारी नारसन, एनआरएलएम और रीप परियोजना के ब्लॉक स्तरीय कर्मचारी, सीएलएफ के बीओडी सदस्य और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि को बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### आम कार्यकर्ता व नेताओं के राय-मशवरे से होगा जिला कांग्रेस का गठन

## राष्ट्रीय नेता तय करेंगे जिलाध्यक्ष का नाम : तिवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आम कार्यकर्ता वं नेताओं की राय से ही अब कांग्रेस पार्टी का जिलाध्यक्ष चुनेगा। पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक जिले में जाकर कार्यकर्ताओं से राय सुमारी कर रहे हैं।

आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के कांग्रेस के पर्यवेक्षक एवं राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने कहा संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक जिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा सांसद, विधायक और स्थानीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि संगठन के सृजन में प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी होनी चाहिए इसलिए सभी से रायसुमारी होगी। जिसमें जिलाध्यक्ष के पद के लिए नाम लिए जाएंगे। इसके साथ ही मंडल,ब्लॉक और बूथ की कमेटी का भी गठन कार्यकर्ताओं की रायसुमारी से होगा। जिलाध्यक्ष के लिए आए नामो को पार्टी हाइकमान के सामने 16 सितंबर तक रखा जाएगा और उनमें से ही एक अध्यक्ष स्थानीय परिस्थिति के आधार पर तय होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का पदाधिकारी उसे ही चुना जाएगा जिन्हें पार्टी में कम से कम पांच वर्ष हो गए हों। उन्होंने बताया जिलाध्यक्ष



चयन में प्रदेश के नेताओं की सिफारिश नहीं बल्कि सीधे राष्ट्रीय नेता सीधे तय करेंगे कि जिले की कमान ऐसे हाथों में हो जो पार्टी की रीति नीति को समझता हो।कांग्रेस पर्यवेक्षक ने कहा किइस बार संगठन को मजबूती देने के लिए ईमानदारी से क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं की रैली जा रही है जो भी मजबूत सार्वजनिक पहचान वाला कार्यकर्ता होगा उसे ही संगठन की जिम्मेदारी दी जाएगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एवं झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाति, भगवानपुर विधायक ममता राकेश,मनोज नौटियाल, मदन लाल, परवेजअहमद,राव बिलावर, सुधीर शांडिल्य, सचिन चौधरी, वीरेंद्र ठाकुर, आशीष सैनी, मेलाराम प्रजापति,राव शेर मोहम्मद,राव कुर्बान, रीतू कोंडियाल, आदित्य राणा आदि मौजूद रहे।

## सरकारों की उपेक्षा से शहीद आन्दोलनकारी न्याय से वंचित : काला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड के शहीद हम शर्मिंदा हैं, तुम्हारे कातिल जिंदा हैं। आज उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी संघर्ष समिति द्वारा 1सितम्बर खटीमा एवं 2सितम्बर 1994में मसूरी में उत्तराखंड राज्य की मांग को लेकर संघर्ष रत आन्दोलनकारियों के बलिदान दिवस पर अशोक नगर क्षेत्रीय विकास समिति के सभागार में श्रद्धांजलि सभा की गई।

इस अवसर पर केन्द्रीय अध्यक्ष हर्ष प्रकाश काला ने कहा कि उत्तराखंड राज्य बने 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं परन्तु अभी तक की सरकारें राज्य संघर्ष के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर गये बलिदानियों एवं जिन मां बहिनों की स्मिता लूटी गई उन्हे न्याय नहीं दिला सके ,यह आन्दोलनकारियों और सरकार के लिए शर्म की बात है। काला ने कहा अगर सरकार में एक भी राज्य संघर्ष का आन्दोलनकारी होता तो वह सबसे पहले शहीद आन्दोलनकारियों, मातृशक्ति एवं राज्य आंदोलनकारियों को न्याय दिलातेध। सरकार के मुखिया,मन्त्री और सन्त्री शहीद स्मारकों पर घड़ियाली आंसू बहाकर बहुत बड़ी -बड़ी घोषणाएं तो करते हैं परन्तु उन्हें पूरा करने एवं न्याय की आश करना बेमानी साबित हो रहा है। अन्त में शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पीआरडी जवानो ने किया नारसन ब्लॉक में हंगामा

**मंगलौर।** के नारसन ब्लॉक में आज काफी संख्या में पी आर डी के जवानों ने प्रदर्शन कर अपने आला अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा काटा और कहा कि बी ओ और डी ओ की हठधर्मी के चलते उनकी ड्यूटी 30 से 40 किलोमीटर की दूरी पर लगाई जा रही है जिसके चलते उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनकी सैलरी मात्र 650 रुपये है जिस कारण उन्हें इतनी लंबी ड्यूटी पर जाने में काफी रुपये खर्च हो जाते है। उन्होंने आरोप लगाए की जो नारसन के रहने वाले है उनकी ड्यूटी हरिद्वार और हरिद्वार के रहने वालों की ड्यूटी नारसन में जानबूझकर लगाई जा रही है जिसके चलते आज काफी संख्या में इस बात को लेकर विरोध किया गया है।

### आईआईटी का 25वां दीक्षांत समारोह 5 सितंबर को

## 2614 छात्रों को मिलेंगी डिग्रियां, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह होंगे मुख्य अतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की का 25 वाँ दीक्षांत समारोह पांच सितंबर को होगा। इस वर्ष 2614 छात्र छात्राओं को डिग्रियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह होंगे।

आईआईटी परिसर स्थित सीनेट हॉल में आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्थान निदेशक केके पंत ने कहा इस 25 वें दीक्षांत समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जितेंद्र सिंह होंगे। उनके साथ प्रोफेसर डॉक्टर निर्मलजीत सिंह कलसी (सेवानिवृत आईएएस) कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिशासक परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर वीवीआर मोहनरेडी करेंगे। वहीं दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि संस्थान के एल्युमिनाई और विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2614 छात्र छात्राओं को डिग्रियां दी जाएंगी। जिनमें 1267 स्नातक स्तर पर,847 स्नातकोत्तर स्तर पर एवं 500 छात्र छात्राएं पीएचडी के शामिल हैं। इसमें 24 प्रतिशत यानी 602 छात्राएं जिसमें 178 पीएचडी छात्राएं है। इनमें 70 छात्र छात्राएं विदेशी भी शामिल हैं। उप निदेशक यूपी सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम स्नातक छात्रों को उपलब्धियों का उत्सव मनाने के साथ आईआईटी की उत्कृष्टता,नवाचार एवं राष्ट्र सेवा की 178 वर्षों की विरासत को दर्शाता है। कहा जैसे जैसे संस्थान अनुसंधान नवाचार एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रहा है हम भविष्य के नेताओं को विकसित करने और समग्र समाज की प्रगति को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। पत्रकार वार्ता का संचालन डीन एकेडमिक प्रोफेसर एन के नवानी ने किया।

## तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** आज तहसील सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में जिला अधिकारी के आने की बात सभी को पता थी जिसके चलते शिकायतकर्ता भारी तादाद में तहसील दिवस में पहुंचे लेकिन जिलाधिकारी के आने से पहले ही तहसील दिवस में पहुंचे शिकायतकर्ता असंतुष्ट नजर आए। किसान के खेत पर बिना पूर्व सूचना के स्मार्ट मीटर लगाए जाने की शिकायत पर शिकायतकर्ता विद्युत विभाग के एसडीओ और शिकायत सुन रहे उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल से असंतुष्ट नजर आये।

शिकायतकर्ता ने सभी के सामने तहसील दिवस को शिकायतकर्ताओं के साथ एक मजाक का नाम दिया साथ ही अन्य शिकायतकर्ताओं ने भी बताया कि उनके द्वारा भी तहसील दिवस में पहले शिकायत की गई है जिन पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई जो पूरी तरह जनहित में है शिकायतकर्ताओं ने कहा कि लक्सर में तहसील दिवस केवल एक मजाक है लोगों के साथ एक धोखा है सरकार के पैसे का दुरुपयोग है जो लक्सर प्रशासन खुलकर कर रहा है जबकि लक्सर उपजिलाधिकारी का कहना है कि कि अभी तक तहसील दिवस में कुल 11 शिकायत आई है जिनमें ज्यादातर का समाधान इसी पटल पर करने की कोशिश की जा रही है। तहसील दिवस की कार्रवाई के बीच में ही लक्सर उप जिलाधिकारी मुख्यमंत्री के प्रोग्राम में चले गये।

### उत्तराखंड मुक्त विवि के प्रचार प्रसार अभियान के तहत

## छात्रों के बीच जागरूकता कार्यक्रम जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय रुड़की क्षेत्र के अंतर्गत रुड़की में एक विशाल जागरूकता कार्यक्रम हुआ जिसमें छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में यूओयू के पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने का आहवाहन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य सरकार में माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति,क्षेत्रीय निदेशक डॉ. गौतमबीर,मुख्य वक्ता सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ.बृजेश बनकोटी ,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक,जिला महामंत्री अरविंद गौतम ने संयुक्त रूप से किया।

मुख्य वक्ता सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ.बृजेश बनकोटी ने कहा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कोई भी व्यक्ति, कही से भी और किसी भी समय विश्वविद्यालय में प्रवेश ले सकता है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उच्च शिक्षा में ग्रोस एनरोलमेंट रेश्यो 2035 तक 50% तक पहुंचाने में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने छात्रों को अधिक से अधिक संख्या में मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों का लाभ उठाने की अपील की तथा कहा कि जिसके अंदर पढ़ने की ललक है वो किसी भी उम्र और परिस्थिति में पढ़ाई कर सकता है। बीएसएम पीजी




कॉलेज के प्राचार्य एवं क्षेत्रीय निदेशक डॉ.गौतमवीर ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम का लाभ उठाकर अनेकों लोग रोजगार पा रहे है एवं नया नया ज्ञान प्राप्त कर रहे है ।कार्यक्रम में संस्था के निदेशक आदित्य सिंहल,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक,अरविंद गौतम,मंसूर अहमद सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं शामिल रहे।

### सेवानिवृत्त दो कर्मचारियों को नगर पंचायत ने दी विदाई

## सफाई कर्मचारियों को बांटी फर्स्ट एड किट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत कार्यालय में तैनात दो कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। साथ ही सफाई कर्मचारियों को फर्स्ट एड किट व रैन कोट का वितरण किया गया।

चैयरमेन व सभासदों व नगर पंचायत कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों को फूलमाला पहनाकर विदाई दी गई। मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में तैनात दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मास्टर सत्तार अली और श्याम बाला सेवानिवृत्त हुए इस मौके पर चौयरमेन डाक्टर नसीम अहमद ने कहा कि वसूली सहायक के पद पर रहे मास्टर सत्तार अली ने 21 वर्ष एवं चपरासी के पद पर रही श्याम बाला द्वारा 20 वर्ष तक पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य किया, दोनों कर्मचारियों का कार्यकाल सराहनीय रहा जिसके लिए इन्हें याद किया जाता रहेगा। विदाई लेते समय दोनों कर्मचारी भावुक हो गए इस मौके पर चौयरमेन डाक्टर नसीम अहमद अधिशासी अधिकारी हेमंत गुप्ता सभासदों तथा कर्मचारियों ने सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का फूल माला पहना कर विदाई दी। वही सफाई कर्मचारियों को फर्स्ट एड किट व रैन कोट का भी वितरण किया



गया। इस मौके पर चौयरमेन डाक्टर नसीम अहमद सभासद राजेश वालिया, फरमान अली, समद, अजीत सिंह, मुजम्मिल, अनिल भगत, असलम ईओ हेमंत गुप्ता, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, लिपिक अब्दुल रहमान, अमित तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# अमेरिका की बौखलाहट

चीन के शहर तियानजिन में शंघाई शिखर सम्मेलन की सफलता को लेकर अमेरिका की भौहें तनी हुई दिखाई दे रही हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि जिस तरह सम्मेलन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के बीच जिस तरह कैमिस्ट्री देखने में आई, इससे अमेरिका का नाराज होना स्वाभाविक ही था। वह अमेरिका से आई प्रतिक्रिया से छिपा भी नहीं है। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प कह रहे हैं कि भारत ने कारोबार एकतरफा आपदा शून्य टैरिफ की पेशकश अमेरिका से की थी, लेकिन अब देर हो चुकी है, तो ट्रम्प के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो भारत के मामले में हस्तक्षेप करते दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने एक टीवी साक्षात्कार में यहां तक कह दिया कि रूस के तेल से ब्राह्मण मुनाफाखोरी कर रहे हैं और यह सब भारतीय जनता की कीमत पर हो रहा है। ब्राह्मण मुनाफा कमा रहे हैं, इसे रोकने की जरूरत है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी महान नेता हैं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के नेता हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह पुतिन व जिनपिंग के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं। हालांकि कांग्रेस ने नवारो की यह कहकर आलोचना की है कि वह भारत के मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं। यह वही नवारो हैं जो रूस-यूक्रेन युद्ध को यूक्रेन-मोदीवार की संज्ञा दे चुके हैं। वह कह चुके हैं कि पीएम मोदी की ही वजह से रूस यूक्रेन से युद्ध कर पा रहा है, क्योंकि अगर वह रूस से तेल लेना बंद कर दें, तो रूस यूक्रेन के साथ जंग बंद कर देगा, मतलब साफ है कि वह रूस से तेल व सैन्य उत्पाद लेकर रूस की आर्थिक मदद कर रहे हैं, जिसके बल पर रूस यूक्रेन के लोगों को मार रहा है। यह बेतुका तर्क है और पुतिन ने साफ भी कर दिया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं बल्कि यूरोप और अमेरिका जिम्मेदार है। बात सही भी है नाटो देशों की जिद के चलते ही यह युद्ध भड़का हुआ है। नाटो देश खुलकर यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, जबकि पीएम मोदी ने शंघाई शिखर सम्मेलन में भी रूसी राष्ट्रपति से खुलकर मानवता के आधार पर इस युद्ध को रोकने की अपील की है। जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी व रूसी राष्ट्रपति पुतिन व चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की तिगड़ी की इस सम्मेलन में जुगलबंदी दिखाई दी, उससे अमेरिका का तिलमिलाना स्वाभाविक ही कहा जाएगा, लेकिन इसके लिए कोई और नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की जिद व अहंकारी रवैया ही अधिक जिम्मेदार है। भारत ने अपनी तरफ से अमेरिका के साथ हर संभव सहयोग करने की नीति पर काम किया। यहां तक कि अमेरिका को अपने रणनीतिकार का दर्जा दिया, लेकिन बदले में अमेरिका ने क्या दिया। यूं भी अमेरिका ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अमेरिका दोहरे आचरण वाला देश है। एक तरफ वह भारत व उसके पीएम मोदी को अपना मित्र भी बताता है, दूसरी तरफ वह मनमाना टैरिफ भी ठोकता है। जाहिर है, जिस तरह के बयान अमेरिका की तरफ से आ रहे हैं वह बताते हैं कि अमेरिका का रवैया भारत के प्रति बैर का रूप लेता जा रहा है, ऐसे में भारत को भी बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## मतदाता सूची में सुधार का काम चुनाव आयोग का



वोटर सूची में अगर दो जगह उनका नाम है, तो इसमें चुनाव आयोग की गलती है और आयोग को ये बताना चाहिए कि उनके नाम पर किससे वोट दिलवाया जा रहा है, वह नौ साल पहले नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से जंगपुरा शिफ्ट हो चुके हैं और यदि उनका नाम अब भी वहां की वोटर लिस्ट में है, तो यह आयोग की गलती है, मैं नई दिल्ली से 9 साल पहले जंगपुरा गया हूं और मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भी भरा है, इसके बावजूद यदि अब भी मेरा नाम मतदाता सूची में है, इसमें मेरी कोई गलती नहीं है, मतदाता सूची में सुधार का काम उसके बाद कई बार हुआ है, इसके बावजूद मेरा नाम नहीं हटाया गया है, तो इसके लिए आयोग जिम्मेदार है।

**-पवन खेड़ा, प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# रेड कार्पेट, चियर्स गर्ल्स और कूटनीति



आया तो पुतिन भी था। चुपचाप हवाई जहाज से उतरा। कार में बैठा। जहां जाना था चला गया। काम की बातें कीं। न दांत चियारा। न गले पड़ा। एक और आया। ढोल बजवाता, चियर गर्ल्स नचवाता, कैमरा, ऐक्शन ड्रामा। भारतीय मीडिया को आल्हा और भजन गाने लायक फुटेज भिजवा दिए गए। यह रेड कार्पेट और चियर्स गर्ल्स और दांत चियर्स की देश अब और क्या कीमत अदा करेगा, पता नहीं?

झालर व ऐप विरोध के बीच का सच यह है कि वित्त वर्ष 2024-25 में चीन व भारत के बीच व्यापार घाटा बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 8,70,000 करोड़ रुपये) हो गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में चीन के साथ व्यापार घाटा भारत के कुल व्यापार घाटे का लगभग 35 फीसदी था। भारत का कुल व्यापार घाटा 283 अरब अमे. रिकी डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में यह अंतर 85.1 अरब अमेरिकी डॉलर था।

भारत के जबरदस्त प्रभुत्व वाले सार्क देशों के गठबंधन को चीन ने भोथरा कर डाला है। हाल ही में चीन के कुनमिंग शहर में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश के बीच एक त्रिपक्षीय बैठक हुई थी। कहा यह जाता है कि यह बैठक भारत के प्रभाव को छोटे-मोटे एशियाई देशों में भी चौपट करने पर कूटनीतिक का हिस्सा थी। यहां यह बता दूं कि सार्क की बैठक 2016 के बाद से नहीं हुई है। बता दें कि कभी दक्षिण एशियाई देशों का शक्तिशाली संगठन रहा सार्क आज नाम मात्र का संगठन रह गया है। 2014 में काठमांडू में हुए अंतिम शिखर सम्मेलन के बाद से इसका द्विवार्षिक शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है। हुआ यूं कि 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन पाकिस्तान के इस्लामाबाद में होना था। 18 सितंबर, 2016 को जम्मू-कश्मीर के उरी में भारतीय सेना के शिविर पर जबरदस्त आतंकवादी हमला हो गया। यह हमला सार्क सम्मेलन को निपटाने के लिए हुआ था या कोई और कारण था इस पर मैं पुख्ता तौर पर कुछ नहीं कह सकता। फिलहाल भारत ने इसके बाद सार्क सम्मेलन में हिस्सा लेने से मना कर दिया। परिणामस्वरूप, बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान ने भी इस्लामाबाद में आयोजित होने वाले इस सार्क सम्मेलन में आने से मना कर दिए। पाकिस्तान, चीनी इशारे पर जो चाहता था, वह उसने कर दिया। सार्क सम्मेलन रद्द हुआ और फिर आज तक न हुआ।

दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व

दक्षिण एशिया के राजनीतिक परिदृश्य में चीन और पाकिस्तान और बांग्लादेश अब चीन के साथ मिलकर एक नया कूटनीतिक खेल करने की तैयारी पूरी कर चुके हैं। पाकिस्तान, चीन व बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है।

बांग्लादेश अब एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसका उद्देश्य नया क्षेत्रीय संगठन बनाना है। यह नया संगठन दक्षिण एशियाई देशों के संगठन भारत के प्रभुत्व वाले सार्क SAARC यानी कि South Asian Association for Regional Cooperation को लगभग नष्ट करके बनाया जाने वाला है। इस पूरे खेल को चीन खेल रहा है। देर सबेर चीन पाकिस्तान को इस नए संगठन का मुखिया बनाकर, वह सारे खेल खेलना चाहता है, जो चीन को प्रिय होंगे। भारतीय मीडिया, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर जो रक्कासा नृत्य कर रहा है और जिस तरह की खबरें प्लांट कराई जा रही हैं, उसका सच कुछ और ही है। भारत को एसेंबलिंग यूनिट बनाकर रख दिया गया है। हम यहां केवल पैकिंग वाले डिब्बे बना रहे हैं लेकिन असल चिप, मदरबोर्ड से लेकर मशीनों व उपकरणों का सारा भेजा चीन से आ रहा है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट का उल्लेख करना चाहूंगा, भारत में जुलाई 2015 से जून 2016 और अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के 18 लाख असंगठित उद्यम बंद हो गए हैं। इस दौरान इन असंगठित उद्यमों में काम करने वाले 54 लाख लोगों की नौकरियां चली गईं। हाल में जारी असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण की फैक्ट शीट और राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा 2015-16 में किए गए 73वें दौर के सर्वेक्षण के तुलनात्मक विश्लेषण से यह बात सामने आई है। अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में करीब 178.2 लाख असंगठित इकाइयां काम कर रही थीं, जो जुलाई 2015 से जून 2016 के बीच काम कर रहीं 197 लाख असंगठित इकाइयों की तुलना में करीब 9.3 प्रतिशत कम हैं। इसी तरह से इन प्रतिष्ठानों में काम करने वाले लोगों की संख्या भी इस दौरान करीब 15 प्रतिशत घटकर 3.06 करोड़ रह गई है, जो पहले 3.604 करोड़ थी। अनिगमित उद्यम में वे कारोबारी इकाइयां शामिल होती हैं, जो अलग कानूनी इकाइयों के रूप में निगमित नहीं



**पवन सिंह**

होती हैं। आमतौर पर इन उद्यमों में छोटे व्यवसाय, एकल स्वामित्व, साझेदारी और अनौपचारिक क्षेत्र के कारोबार शामिल होते हैं। सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी के फैसले के बाद पूरे देश में जबरदस्त हड़कंप मचा रहा। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट भी भारत में जबरदस्त छंटनी कर चुकी है। फिलहाल, इस देश में अब तथ्यात्मक बात करना विशुद्ध अपराध है। चीन रेड कार्पेट और रेड ड्रेस चियर्स गर्ल्स नचवाकर भविष्य में क्या नोचने की फिराक में है, यह तो समय बताएगा। फिलहाल मेन स्ट्रीम मीडिया रक्कासा बना नक्कारे की धुन पर फुलटास मुजरे की भूमिका में है, इनज्वाय करिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक है ये उनके निजी विचार है)

# तैमारा घाटी में आते ही बदल जाता है मोबाइल का समय

**इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है। ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।**

झारखंड भारत का एक प्रमुख और खूबसूरत राज्य है। यह राज्य साल 2000 में बिहार से अलग होकर देश का 28वां राज्य बना था। आज झारखंड पूरे भारत का एक खनिज समृद्ध राज्य माना जाता है। झारखंड घने जंगलों, कोयला खदानों और बेहतरीन पर्यटन स्थलों के लिए जाना जाता है। झारखंड की पतरानू घाटी, हुंडरू, टैगोर हिल और दशम वॉटरफॉल, नेतरहाट और तोपचांची झील जैसी खूबसूरत जगहों के बारे में हर कोई जानता है। इन खूबसूरत जगहों के बीच तैमारा घाटी के बारे में बहुत कम लोगों को मालूम है। तैमारा घाटी झारखंड में श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जाना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तैमारा घाटी की डरावनी कहानियों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**तैमारा घाटी**

तैमारा घाटी एक डरावनी जगह मानी जाती है, जोकि रांची-जमशेदपुर हाईवे यानी एनएच-33 पर है। यह जगह राजधानी रांची से करीब 30 किमी की दूरी पर है। हाइवे पर होने के कारण तैमारा घाटी को श्मौत का हाइवेश के नाम से भी जानी जाती है। यह हाइवे घने जंगलों के बीच में है, जिसकी वजह से यह काफी डरावना लगता है।

**तैमारा घाटी की घटनाएं**

तैमारा घाटी की एक नहीं बल्कि कई घटनाएं प्रचलित हैं। यह घाटी देखने में तो काफी मनमोहक लगती है। लेकिन यह घाटी कई मौतों की गवाह भी बन चुकी है। बताया जाता है कि इस घाटी गुजरने पर टाइम और तारीख अपने आप बदल जाती है।

तैमारा घाटी को लेकर एक अन्य कहानी है कि जंगलों के बीच से जब गाड़ी गुजरती है, तो उस गाड़ी की स्पीड मीटर खुद ब खुद बदल जाती है। वहीं माना जाता है कि रात के समय इस घाटी से अजीबो-गरीब आवाजें आती रहती हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि डर के कारण लोग रात में अकेले इस घाटी से गुजरना नहीं चाहते हैं।

**तैमारा घाटी की डरावनी कहानियां**

इस घाटी की सबसे डरावनी कहानियों में फेमस कहानी मोबाइल में डेट और समय का बदल जाना है। कई लोगों का इस घाटी के बारे में मानना है कि जब कोई यहां से गुजरता है तो उसके मोबाइल में साल, डेट और समय अपने आप बदल जाता है।

ऐसा होने के पीछे लोग कुछ और कहानी भी बताते हैं। लोगों का मानना है कि तैमारा घाटी से कुछ ही दूरी पर मैग्नेटाइज्ड रॉक है। जिसकी वजह से यह समस्या होती है। वहीं एक अन्य कारण यह भी है कि इसी घाटी से कर्क रेखा गुजरती है, जिस वजह से यह समस्या होती है।

**तैमारा घाटी घूमने जाते हैं पर्यटक**

बता दें कि झारखंड की राजधानी रांची से करीब 30 किमी दूर स्थित तैमारा घाटी अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर भीषण गर्मी में भी ठंडी-ठंडी हवाएं चलती हैं। ऐसे में पर्यटक भी तैमारा घाटी घूमने के लिए पहुंचते हैं। मानसून के समय पर्यटक दूर-दूर से यहां पर लॉन्ग ड्राइव के लिए पहुंचते हैं। मानसून में इस घाटी की खूबसूरती देखने लायक होती है।

# बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान से पनप रही बीमारियां

**राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर विशेष**



**योगेश कुमार गोयल**

भारत में प्रतिवर्ष लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से एक से सात सितम्बर के बीच 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जाता है। भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत खाद्य और पोषण बोर्ड प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ इसका आयोजन करता है, जो पूरे सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों और कार्यक्रमों की दिशा निर्धारित करती है।

2025 के राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का विषय है 'बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें' जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देने और कुपोषण को रोकने के लिए सभी आयु समूहों के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ खाने की आदतों के महत्व पर जोर देता है। दरअसल स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार के सेवन की आवश्यकता है लेकिन आज की बिगड़ी जीवनचर्या और गलत खानपान के कारण लोगों में तरह-तरह की बीमारियां पनप रही हैं। एक स्वस्थ और संतुलित आहार हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को पोषण प्रदान करता है और हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होता है। पोषण सप्ताह के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को शरीर को पोषण देने वाली खानपान की चीजों के बारे में जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। दरअसल स्वास्थ्य के मोर्चे पर भारत द्वारा बेहतर कार्य करने के बावजूद लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता के अभाव के चलते रोगियों का आंकड़ा बढ़ रहा है, जो उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर बहुत भारी पड़ रहा है।

पोषण के महत्व को समझते हुए लोगों को खानपान, पोषण की पूर्ति और सेहत को लेकर जागरूक करने के लिए मार्च 1975 में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाए जाने की घोषणा सर्वप्रथम 'अमेरिकन डायटेटिक्स एसोसिएशन' द्वारा की गई थी, जिसे अब 'न्यूट्रिशन एंड डाइट साइंस एकेडमी' के नाम से जाना जाता है। 1980 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पोषण सप्ताह एक सप्ताह के बजाय पूरे एक माह तक मनाया जाने लगा लेकिन 1982 में निर्णय लिया गया कि इसे पूरे एक महीने के बजाय सितम्बर महीने के पहले सप्ताह में ही मनाया जाएगा। तभी से एक से सात सितम्बर तक 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया जा रहा है। पोषण सप्ताह के अवसर पर लोगों को शरीर को पोषण देने वाले फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक खाद्य सामग्रियों को आजमाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कुपोषण का मनुष्य के स्वास्थ्य और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता में कमी और आर्थिक पिछड़ेपन की समस्या भी उत्पन्न होती है।

पोषण स्वास्थ्य और कल्याण का केन्द्र बिंदु है, जो कार्य करने के लिए शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करता है और तंदुरुस्त एवं बेहतर महसूस करने में भी मददगार होता है। पर्याप्त पोषण का सेवन करने वाले व्यक्ति अधिक कार्य करते हैं जबकि खराब पोषण प्रतिरक्षा में




कमी, बीमारी के जोखिम को बढ़ाने, शारीरिक एवं मानसिक विकास को क्षीण करने तथा कार्यक्षमता में कमी पैदा करने का कार्य करता हैं। अच्छे पोषण का उत्पादकता, आर्थिक विकास तथा अंततः राष्ट्रीय विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है और अच्छा पोषण लोगों को स्वस्थ बनाए रखते हुए स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण भी करता है। इसीलिए नियमित शारीरिक गतिविधियों के साथ अच्छे पोषण को अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार पोषण का संबंध शरीर की आवश्यकतानुसार आहार के सेवन को माना गया है और कुपोषण को अपर्याप्त या असंतुलित आहार द्वारा खराब पोषण के रूप में परिभाषित किया गया है।

अच्छे पोषण से स्वस्थ बच्चे बेहतर तरीके से सीखते हैं लेकिन आज के दूषित खानपान और फास्टफूड वाली जीवनशैली में कुपोषण खासकर विकासशील देशों की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। एक अनुमान के अनुसार दुनियाभर में एक तिहाई से भी ज्यादा बच्चों की मृत्यु में कुपोषण का बड़ा योगदान है और पूरी दुनिया में हर तीन कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। भारत को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए 8 मार्च 2018 को पोषण अभियान भी शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य खासतौर से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में सुधार करना था और वर्ष 2022 के अंत तक देश से कुपोषण खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन पोषण अभियान फंड के इस्तेमाल में जिस तरह की उदासीनता देखी जाती रही है, उसे देखते हुए यह लक्ष्य हासिल करना अभी दूर की कौड़ी प्रतीत होता है। नीति आयोग की चौथी प्रगति रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि देश के 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों ने तो इस मद में आधे से भी कम फंड का इस्तेमाल किया। यदि हम वाकई देश को कुपोषण मुक्त राष्ट्र का दर्जा देना चाहते हैं तो उदासीनता की इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा।

हमारे भोजन में रंग और खुशबू देने वाले रासायनिक पदार्थ जैसे कुछ ऐसे तत्व भी होते हैं, जो पोषक तत्व नहीं होते लेकिन कार्बोज, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज लवण, पानी इत्यादि प्रमुख पोषण तत्व हैं। यदि ए पोषण तत्व हमारे भोजन में उचित मात्रा में विद्यमान न हों, तो हमारा शरीर अस्वस्थ हो जाएगा। भोजन के वे सभी तत्व, जो शरीर में आवश्यक कार्य करते हैं, पोषण तत्व कहलाते हैं। यह आवश्यक तत्व जब हमारे शरीर की आवश्यकतानुसार सही अनुपात में उपस्थित होते हैं, तब उसे सर्वोत्तम पोषण या समुचित पोषण की संज्ञा दी जाती है लेकिन जब पोषक तत्व शरीर में सही अनुपात में विद्यमान नहीं होते या उनके बीच में असंतुलन होता है तो वह कुपोषण कहलाता है यानी अधिक पोषण या कम पोषण दोनों को ही कुपोषण कहा जाता है। कम पोषण का अर्थ है आहार में किसी एक या एक से अधिक पोषण तत्वों की कमी और अधिक पोषण का अर्थ है एक या अधिक पोषक तत्वों की भोजन में अधिकता।

शरीर में पोषक तत्वों की अधिकता और कमी दोनों ही समान रूप से हानिकारक हैं, शारीरिक जरूरतों को पूरा करने के लिए भोजन में उचित मात्रा में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति होनी चाहिए। पोषक तत्वों के संतुलन और असंतुलन को इसी से समझा जा सकता है कि जब कोई व्यक्ति एक दिन में ऊर्जा खपत से अधिक ऊर्जा ग्रहण करता है तो वह वसा के रूप में शरीर में एकत्र हो जाती है, जिससे व्यक्ति मोटापे का शिकार हो सकता है। पौष्टिक भोजन स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण आधारशिला है और अच्छे पोषण के लिए जरूरी है कि फास्ट फूड के बजाय घर में बने पारंपरिक और पौष्टिक आहार के सेवन को ही प्राथमिकता दें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी सेंटर ग्रुप के हमले में 385 यूक्रेनी सैनिकों की मौत

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी सुरक्षा बलों के 'सेंटर' समूह के हमले में पिछले 24 घंटे में 385 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस हमले में यूक्रेनी सशस्त्र बलों को 385 सैनिकों, पांच बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों, चार मोटर वाहनों और तीन तोपों का नुकसान हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि रूस के जैपद (प.) ग्रुप के सैनिकों ने 240 से अधिक यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है तथा वोस्तोक (पूर्व) ग्रुप के साथ लड़ाई में विरोधी पक्ष के 225 सैनिक मारे गए।

### चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री बाबिस पर चुनावी रैली में हमला

**प्राग।** चेक गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस पर सोमवार को एक चुनावी रैली के दौरान एक व्यक्ति ने उनके सिर पर किसी वस्तु से हमला कर दिया। चेक समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बाबिस की पार्टी एएनओ के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि 2017 से 2021 तक चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री रहे बाबिस घटना के बाद जांच के लिए अस्पताल गए। उन्हें आई चोटों की गंभीरता के बारे में अभी पता नही चल पाया है। यह हमला पूर्वी शहर डोबरा में हुआ। चेक पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों ने हमले के तुरंत बाद उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और मामले की जांच की जा रही है।

### वियतनाम ने राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई

**हनोई।** वियतनाम समाजवादी गणराज्य ने अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ मनाई। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार राजधानी हनोई के बा दीन्ह स्क्वायर पर एक भव्य सैन्य परेड के साथ मंगलवार को अगस्त क्रांति और राष्ट्रीय दिवस की 80वीं वर्षगांठ समारोह को आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ 21 तोपों की सलामी के साथ हुआ, जिसके बाद सशस्त्र बलों और पुलिस की टुकड़ियों के साथ एक सैन्य परेड हुई। परेड में सैन्य वाहनों, तोपों और हथियारों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित किया गया।

### डॉ. दीपक मित्तल यूएई में भारत के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी डॉ. दीपक मित्तल को संयुक्त अरब अमीरात में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि डॉ. मित्तल विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। वह कतर में भारत के राजदूत रह चुके हैं। डॉ. मित्तल संजय सुधीर की जगह लेंगे जो अब तक संयुक्त अरब अमीरात में भारत के राजदूत थे।

# फलस्तीन को मान्यता देने की तैयारी में बेल्जियम

## फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा

**बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है**



**ब्रुसेल्स।** बेल्जियम ने घोषणा की है कि वह फलस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यह एलान बेल्जियम के विदेश मंत्री ने किया।

उन्होंने कहा कि यह फैसला नौ सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा में औपचारिक रूप से पेश किया जाएगा। हालांकि, इसके लिए दो शर्तें रखी गई हैं। गाजा में बंदी बनाए गए सभी इजरायली नागरिकों की रिहाई और हमास को राजनीतिक सत्ता से हटाना। विदेश मंत्री प्रेवोट ने साफ किया कि बिना इन दो शर्तों के यह मान्यता संभव नहीं है।

इसका मतलब है कि फिलहाल यह फैसला तुरंत लागू नहीं हो सकेगा। बेल्जियम ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है जब गाजा पर इजरायल की सैन्य कार्रवाई तेज हो गई है और दुनिया के कई देश फलस्तीन को मान्यता देने की प्रक्रिया में हैं। अब तक 140 से ज्यादा देश फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र मान चुके हैं, जिनमें दर्जनभर यूरोपीय देश भी शामिल हैं। प्रेवोट ने मंगलवार को यह भी कहा कि बेल्जियम वेस्ट बैंक में इजरायली बस्तियों से आने वाले सामान पर बैन लगाएगा। साथ ही हमास नेताओं, हिंसक यहूदी बसने वालों और दो अतिदक्षिणपंथी इजरायली मंत्रियों को पर्सोना नान ग्राटा यानि देश में प्रवेश न करने योग्य घोषित करेगा। प्रेवोट ने कहा कि यह कदम इजरायली जनता को दंडित करने के लिए नहीं है, बल्कि सरकार पर अंतर्राष्ट्रीय और मानवीय कानून का पालन कराने के लिए उठाया गया है। प्रेवोट ने यूरोपीय संघ से भी अपील की कि वह इजरायल पर और दबाव बनाए। उन्होंने कहा कि ईयू को इजरायल के साथ व्यापार समझौते यानि एसोसिएशन एग्रीमेंट को निलंबित करना चाहिए। गाजा युद्ध ने यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों में मतभेद बढ़ा दिए हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड जैसे देशों में यह मसला राजनीतिक गठबंधनों को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि, इजरायल और यूरोप के बीच सैन्य, व्यापारिक और शैक्षणिक रिश्ते अब भी काफी मजबूत बने हुए हैं। बेल्जियम की घोषणा पर इजरायल के दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यूरोपीय देश हमास के बहकावे में आ रहे हैं और अंततः उन्हें भी आतंकवाद का सामना करना पड़ेगा। उनके अलावा इजरायल के वित्त मंत्री बेजालेल स्मोट्रिच भी संभावित प्रतिबंधों की जद में आ सकते हैं। दूसरी ओर, फ्रांस और ब्रिटेन ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की योजना बनाई है, जिससे इजरायल पर कूटनीतिक दबाव और बढ़ गया है। आस्ट्रेलिया, कनाडा और कुछ यूरोपीय देशों ने भी फलस्तीन को मान्यता देने की इच्छा जताई है, लेकिन वे इसे फलस्तीनी प्राधिकरण के सुधारों पर निर्भर बता रहे हैं।

**जल त्रासदी**



नई दिल्ली। देश की राजधानी में लगातार हो रही भारी बारिश के बाद लोहा पुल पर भरे पानी के बीच से गुजरते रिक्शा चालक।

## बाढ़ का पानी टबों और बर्तानों में जमा करें: पाक मंत्री

**पाक को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, वो जल्दी तैयार हो सकें**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब बाढ़ से 24 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और एक हजार से ज्यादा गांव पानी में डूब गए हैं। इस बीच, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बाढ़ से निपटने के लिए एक अजीब सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि लोग बाढ़ का पानी नालियों में बहाने की बजाय इसे अपने घरों में टबों या बर्तनों में जमा करें। पाकिस्तान के न्यूज चैनल से बात करते हुए आसिफ ने कहा: जो लोग बाढ़ का विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह पानी अपने घर ले जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को इस पानी को टबों और बर्तनों में रखना चाहिए। हमें इस पानी को आशीर्वाद मानकर जमा करना चाहिए। आसिफ ने यह भी कहा कि पाकिस्तान को बड़े बांध बनने का इंतजार करने की बजाय छोटे बांध बनाना चाहिए, जो जल्दी तैयार हो सकें। पाकिस्तान में इस साल से जून से अब तक बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से 197 बच्चों समेत करीब 770 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और 990 से ज्यादा घायल हुए हैं। जबकि 4000 से ज्यादा घर डैमेज हुए हैं।

## अजरबैजान के राष्ट्रपति का भारत पर आरोप

**पाकिस्तान से संबंधों का बदला ले रहा, रिपोर्ट: भारत ने अजरबैजान की एससीओ में एंट्री रोकी**

**तियानजिन।** अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह, अजरबैजान की पाकिस्तान से नजदीकी का बदला वैश्विक मंचों पर ले रहा है।

यह बयान उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात में दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत नेएससीओ की सदस्यता के लिए अजरबैजान की दावेदारी को खारिज कर दिया था। इसके पीछे उसकी पाकिस्तान से नजदीकी को वजह बताया जा रहा है। दरअसल मई में आपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। अलीयेव ने कहा कि भारत के रुख के बावजूद उनका देश पाकिस्तान के साथ रिश्तों को प्राथमिकता देता है। पाकिस्तानी पीएम शरीफ ने भारत के साथ हुए सैन्य टकराव के दौरान अजरबैजान के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान में आपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। इस आपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। आपरेशन के बाद अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का साथ दिया और भारत के एक्शन की निंदा की।

## रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त नीति का परीक्षण करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने 15 सितम्बर, 2025 से 14 सितम्बर, 2026 तक सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिकों के लिए वीजा-मुक्त नीति का परीक्षण करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सामान्य पासपोर्ट धारक रूसी नागरिक जो व्यापार, पर्यटन, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलने या 30 दिनों से अधिक समय के लिए चीन आते हैं, वे बगैर वीजा के चीन में प्रवेश कर सकते हैं। गुओ ने कहा कि चीन दोनों देशों के बीच लोगों के आने-जाने को सुगम बनाने को बहुत महत्व देता है और द्विपक्षीय लोगों के बीच आने-जाने को मजबूत करने का समर्थन करता है।

# अमेरिका को नागवार गुजरा मोदी, पुतिन और जिनपिंग का मिलन

## मोदी को पुतिन-जिनपिंग के साथ देखना शर्मनाक: पीटर नवारों



**ट्रम्प के सलाहकार ने कहा: उन्हें रूस के बजाय अमेरिका के साथ होना चाहिए, यूएस वित्त मंत्री बोले: एससीओ बैठक दिखावा**

**वाशिंगटन।** ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और चीन के नेताओं के साथ नजदीकियों पर आपत्ति जताई है। नवारो ने कहा कि मोदी का शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि पता नहीं मोदी क्या सोच रहे हैं, हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें रूस की बजाय हमारे साथ होना चाहिए।

इसके अलावा नवारों ने सोमवार को भारतीय ब्राह्मणों पर रूसी तेल खरीद कर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भारत के ब्राह्मण रूसी तेल से मुनाफा कमा रहे हैं, जिसकी कीमत पूरा भारत चुका रहा है। नवारो ने कहा कि भारत रूस से तेल खरीदकर उसे यूक्रेन पर हमला करने के लिए पैसे दे रहा है। इसलिए सबसे ज्यादा टैरिफ झेल रहा है। इससे रूस और अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है, बल्कि आम भारतीयों को हो रहा है। यह बात उन्हें समझनी चाहिए। नवारो ने भारत को 'रूस की धुलाई मशीन' कहा और आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ व्यापार असंतुलन बढ़ा रहा है, बल्कि ऐसे गठजोड़ भी मजबूत कर रहा है, जो अमेरिका के हितों के खिलाफ हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे मास्को की जंग मशीन को ताकत मिल रही है। उन्होंने भारत को बुरा खिलाड़ी करार दिया। बेसेंट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया एससीओ बैठक को दिखावा बताया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत मजबूत लोकतंत्र हैं और मतभेद सुलझा सकते हैं। बेसेन्ट ने ट्रेड डील पर धीमी बातचीत को भारत पर टैरिफ की एक प्रमुख वजह बताया। चीन के तियानजिन मेंएससीओ की बैठक हुई। बैठक से पहले फोटो सेशन के दौरान भारतीय पीएम मोदी, चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आए।

## जिनपिंग व उज्बेक राष्ट्रपति शावकत की हुई मुलाकात

**एससीओ सम्मेलन 2025 में शामिल होने चीन आए हैं शावकत मिर्जियोयेव**

**बीजिंग।** शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन 2025 (एससीओ) में शामिल होने के लिए चीन आए उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मंगलवार को मुलाकात हुई।

इस दौरान जिनपिंग ने कहा कि चीन उज्बेकिस्तान की संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की रक्षा में उसका समर्थन करता है। मिर्जियोयेव एससीओ के साथ ही जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध और विश्व फासीवाद-विरोधी युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मरणोत्सव में भी भाग लेंगे। जिनपिंग ने कहा कि चीन विकास रणनीतियों के समन्वय में तेज़ी लाने, चीन-किर्गिज़स्तान-उज्बेकिस्तान रेलवे परियोजना के निर्माण को आगे बढ़ाने, संयुक्त वैज्ञानिक अनुसंधान, हरित ऊर्जा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा, आपातकालीन प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, गरीबी उन्मूलन और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को मज़बूत करने के लिए उज़्बेकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि साथ ही चीन सांस्कृतिक, शैक्षिक, पर्यटन और स्थानीय आदान-प्रदान का विस्तार भी करेगा।

## पूर्व अमेरिकी एनएसए ने ट्रम्प को घेरा

### टैरिफ को लेकर कहा: भारत को रूस से दूर करने के प्रयास ध्वस



**ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया**

**वाशिंगटन।** टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने ही घर में घिरते नजर आ रहे हैं। अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जान बोल्टन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका की टैरिफ नीति ने भारत को रूस से दूर करने और चीन से बढ़ते खतरे से निपटने के पश्चिमी प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक्स पर पोस्ट में बोल्टन ने ट्रम्प पर अपने आर्थिक दृष्टिकोण से रणनीतिक लाभ को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टैरिफ नीति ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को पूर्व में भू-राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप देने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम ने दशकों से भारत को रूस से दूर करने की कोशिश की है और चीन द्वारा उत्पन्न खतरे के प्रति भारत को आगाह किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी विनाशकारी टैरिफ नीति से दशकों के प्रयासों को ध्वस्त कर दिया है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा कूटनीतिक कदमों को व्यापक रणनीतिक संदर्भ में देखने की अनिच्छा ने शी जिनपिंग को पूर्व को फिर से स्थापित करने का अवसर दिया है। जान बोल्टन एक पूर्व अमेरिकी सरकारी अधिकारी हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पहले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (2018-19) के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने विदेश नीति पर ट्रम्प के साथ मतभेदों को लेकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बोल्टन की टिप्पणी चीन के तियानजिन में 25वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन के बाद आई है।

## वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे पश्चिमी देश

**विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं पश्चिमी देश: लावरोव**

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने पश्चिमी देशों पर आरोप लगाया कि कि वे अपने विरोधी देशों को दबाने के लिए डॉलर पर अपनी पकड़ का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा प्रतिबंधों, आयात शुल्क और अन्य माध्यमों से अपने विरोधी देशों की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं।

यह जानकारी रूसी समाचार एजेंसी तास ने मंगलवार को दी। तास की रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने टिप्पणी किया कि पश्चिम एक नई बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था के उदय का विरोध कर रहा है तथा इसे रोकने की हरसंभव कोशिश कर रहा है यहां तक कि बातचीत एवं निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के बजाय प्रत्यक्ष ब्लैकमेल, दबाव एवं प्रतिबंधों का सहारा ले रहा है। रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी प्रसारक वीजीटीआरके के टेलीग्राम चैनल पर एक साक्षात्कार में कहा कि पश्चिमी देश वैश्विक मामलों में डॉलर का दुरुपयोग कर रहे हैं तथा अपने आसपास के सभी देशों पर टैरिफ युद्ध थोप रहे हैं। उन्होंने यह टिप्पणी चीन के तियांजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन तथा भारतीय, चीनी और रूसी राष्ट्राध्यक्षों के बीच त्रिपक्षीय बैठक के दौरान की है जिनमें सभी ने अमेरिकी आयात शुल्क के विरोध में सामूहिक विरोध की भावना व्यक्त की।

# नेस्ले CEO की नौकरी गई, कर्मचारी के साथ रिलेशन में थे

## एस्ट्रोनामर सीईओ भी एचआर के साथ रोमांस करते वायरल हुए थे, इस्तीफा देना पड़ा



**मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं: पाल बल्के**

**मुंबई।** एफएमसीजी कंपनी नेस्ले ने अपने चीफ एग्जीक्यूटिव आफिसर (सीईओ) लारेंट फ्रीक्स को नौकरी से निकाल दिया है। फ्रीक्स का एक साथी कर्मचारी के साथ अफेयर के चलते यह कार्रवाई की गई है। कंपनी ने सोमवार को एक नोटिफिकेशन में इसकी जानकारी दी।

इसमें बताया कि फ्रीक्स ने इस रिश्ते की जानकारी भी कंपनी को नहीं दी। यह नियमों का उल्लंघन है। कंपनी ने अब उनकी जगह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और नेस्ले के काफी स्ट्रैटजिक बिजनेस यूनिट के हेड फिलिप नवरातिल को नया सीईओनियुक्त किया है। नेस्ले ने कहा कि फ्रीक्स को निकालने का फैसला एक जांच के बाद लिया गया, जिसमें पता चला कि उनका अपनी डायरेक्ट सबआर्डिनेट (पीए) के साथ रोमांटिक रिश्ता था। इस जांच को कंपनी के चेयरमैन पाल बल्के और लीड इंडिपेंडेंट डायरेक्टर पाब्लो इस्ला ने देखा, जिसमें बाहर के वकीलों की भी मदद ली गई। पाल बल्के ने कहा कि ये फैसला जरूरी था। नेस्ले के मूल्य और नियम हमारे लिए बहुत मायने रखते हैं। मैं लारेंट को उनकी कई सालों की सेवा के लिए धन्यवाद देता हूं। लारेंट फ्रीक्स को पिछले साल ही चीफ एग्जीक्यूटिव बनाया गया था। उस समय नेस्ले का स्टाक 2022 की शुरुआत के मुकाबले करीब 40 प्रतिशत गिर गया था। उस वक्त यूरोप और अमेरिका में वेट-लास ड्रग्स की वजह से लोगों की खाने की आदतें बदल रही थीं। फ्रेक्स ने कंपनी में करीब 40 साल काम किया था और मार्क नाइडर की जगह ली थी। नए सीईओने कहा: कंपनी के काम को सपोर्ट करूंगा। फिलिप नवरातिल के कंपनी का नया सीईओबनाया गया है। उन्होंने 2001 में नेस्ले में इंटरनल आडिटर के तौर पर शुरुआत की थी और 2009 में नेस्ले होंडुरस के कंट्री मैनेजर बने। 2013 में उन्होंने मेक्सिको में कंपनी के काफी और बेवरेज बिजनेस को संभाला। पिछले साल वे नेस्ले नेस्प्रेसो के चीफ एग्जीक्यूटिव बने और इस साल एग्जीक्यूटिव बोर्ड में शामिल हुए थे। नवरातिल ने कहा कि मैं कंपनी की स्ट्रैटजिक दिशा और परफार्मेंस को बेहतर करने के प्लान को पूरी तरह सपोर्ट करता हूं।

## ऑस्ट्रेलिया में अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों पर लगेगा प्रतिबंध

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया की सरकार ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह अपमानजनक पहुंच वाली तकनीकों को प्रतिबंधित करने जा रही है, इनमें एआई टूल भी शामिल हैं, जो अश्लील चित्र बनाने की क्षमता रखते हैं।

संचार मंत्री एनिका वेल्स ने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी उद्योग के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि छिपे हुए ऑनलाइन स्टॉकिंग टूल्स और एआई ऐप तक पहुंच को प्रतिबंधित किया जा सके। ये टूल्स और ऐप्स स्पष्ट रूप से अश्लील डीपफेक सामग्री बना सकते हैं। सुवेल्स ने कहा कि आस्ट्रेलिया में एआई और वैध ट्रैकिंग तकनीक के लिए एक जगह है, लेकिन ऐसे किसी भी ऐप्स और तकनीकों के लिए कोई जगह नहीं है, जिनका उपयोग केवल लोगों, विशेषकर हमारे बच्चों को हानि पहुंचाने वाले, अपमानित करने और नुकसान पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह इतना महत्वपूर्ण है कि हम इस पर कार्रवाई किए बिना नहीं रह सकते। अपमानजनक तकनीकें व्यापक रूप से और आसानी से उपलब्ध हैं और अब वास्तविक और अपूरणीय क्षति का कारण बन रही हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई मौजूदा कानूनों की पूरक होगी, जो पीछा करने और यौन सामग्री के बिना सहमति के वितरण पर रोक लगाती है। नए कानून भी अपमानकारी टूल तक पहुंच को सीमित करने की ज़िम्मेदारी तकनीकी कंपनियों पर डालेंगे। संघीय सरकार की ई-सुरक्षा आयुक्त जूली इनमैन ग्रांट ने जून में कहा था कि पिछले 18 महीनों में 18 वर्ष से कम आयु के लोगों की डिजिटली बनाई गई अंतरंग तस्वीरों की घटनाओं की संख्या पिछले सात सालों की तुलना में दोगुनी हो गई है।